सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 28.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-262 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 02 मार्च 2024
20 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# हर चोट का जवाब वोट से देना है : मोदी

## पीएम मोदी ने 7,200 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**शिलान्यास**

- संदेशखाली को लेकर पीएम मोदी ने ममता पर साधा निशाना
- संदेशखाली में बहनों-बेटियों के साथ दुस्साहस की सारी हदें पार कर दी



**आरामबा।** पश्चिम बंगाल के आरामबाग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7,200 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके बाद हुगली में उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित तिया।

पीएम मोदी ने कहा कि आज स्वतंत्र भारत में देश की समृद्धि और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर फिर से पूरे गौरव से नई ऊंचाई प्राप्त कर रही है। ये हम सभी का सौभाग्य है की 5 सदियों के इंतजार के बाद, 500 सालों के बाद प्रभु श्री राम अपने भव्य मंदिर में विराजे हैं। इस दौरान उन्होंने संदेशखाली के बहाने राज्य की ममता सरकार पर निशाना साधा। साथ ही साथ विपक्ष की चुप्पी पर भी सवाल खड़े किए। पीएम मोदी ने कहा कि संदेशखाली में बहनों-बेटियों के साथ दुस्साहस की सारी हदें पार कर दी। जब संदेशखाली की बहनों ने अपनी आवाज बुलंद की और ममता दीदी से मदद मांगी तो उन्हें बदले में क्या मिला? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दीदी ने, बंगाल सरकार ने टीएमसी के नेता को बचाने के लिए जो भी कर सकते थे पूरी शक्ति लगा दी टीएमसी के राज में टीएमसी का ये अपराधी नेता करीब-करीब दो महीने तक फरार रहा। कोई तो होगा ना जो उनके बचाता होगा? उन्होंने कहा कि देश की इन उपलब्धियों के बीच बंगाल की स्थिति भी आज पूरा देश देख रहा है। मां, माटी, मानुष का ढोल पीटने वाली टीएमसी ने संदेशखाली की बहनों के साथ जो किया है, वो देखकर पूरा देश दुखी है, आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि वह टीएमसी नेता करीब 2 महीने तक फरार रहा। तंज कसते हुए कहा कि कोई तो होगा न, जो उनको बचाता होगा! उन्होंने कहा कि क्या आप ऐसी पार्टी को माफ कर देंगे, क्या आप टीएमसी को माफ कर देंगे? हर चोट का जवाब वोट से देना है! कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लिए भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों और तुष्टिकरण करने वालों का साथ देना यही एक काम बचा है, यही उनके लिए सबसे बड़ा काम है।

### टीएमसी सरकार विकास में डालती है बाधा

कहा कि मोदी ने हर गरीब परिवार को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की गारंटी दी है। आयुष्मान कार्ड से देशभर में करोड़ों गरीब परिवारों का मुफ्त में इलाज हुआ है। इससे इन परिवारों को लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई है। लेकिन गरीब, एसी/एसटी विरोधी टीएमसी यहां के सवा करोड़ परिवारों को इसका लाभ नहीं देती। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार गरीब, किसान, नौजवान और महिला के सशक्तिकरण में बहुत बड़ी रुकावट है। ये चार वर्ग जब तक सशक्त नहीं होंगे, तब तक बंगाल विकसित नहीं हो सकता इसलिए आज केंद्र सरकार गरीब, किसान, नौजवान और महिला सशक्तिकरण पर सबसे ज्यादा जोर दे रही है।

**लोकसभा चुनाव के लिए सियासी दलों को एडवाइजरी जारी**

# आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

**आदेश**

- राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग की हिदायत
- प्रचार में सिर्फ मुद्दों पर करें बात




**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों को एक एडवाइजरी जारी की। जिसमें उनसे चुनाव प्रचार के दौरान शिष्टाचार और संयम बनाने रखने व मुद्दों पर आधारित बहस की जरूरत पर जोर दिया गया। आयोग ने यह भी कहा कि जिन स्टार प्रचारकों या उम्मीदवारों को पहले भी नोटिस जारी किए गए, उन्हें आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। सोशल मीडिया पर प्रतिद्वंद्वियों को बदनाम या अपमानित करने वाले या दूसरों की गरिमा को गिराने वाले पोस्ट साझा नहीं किए जाने चाहिए। आयोग ने राजनीतिक दलों को विभाजनकारी बयानबाजी से दूरे रहने के लिए भी कहा। एडवाइजरी में स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों पर विशेष जोर देते हुए उन्हें आदर्श आचार संहिता के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों उल्लंघनों के प्रति आगाह किया गया है। चुनाव आयोग आगामी चुनाव में समय और सामग्री के संबंध में दिए जाने वाले नोटिस पर पुनर्विचार के लिए आचार संहिता के उल्लंघन का आकलन करेगा।

# यूपी मंत्रिमंडल विस्तार जल्द

## राजभर-दारा बनेंगे मंत्री, रालोद को भी कैबिनेट में मिलेगी जगह

- सीएम योगी ने राज्यपाल से की मुलाकात
- बड़ा दांव चल सकते हैं चौधरी जयंत



**लखनऊ।** दिल्ली में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अगले एक दो दिनों में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में सहयोगी दलों में सीट शेयरिंग तय होने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार के कयास लगाए जा रहे हैं।

भाजपा यूपी में सहयोगी दलों ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा (एक सीट), अपना दल (दो सीट), निषाद पार्टी (एक सीट) और रालोद (दो सीट) को छह सीटें देने पर सहमत हो गई है। संभावित मंत्रिमंडल विस्तार में ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं, एनडीए में शामिल आरएलडी से भी मंत्री बनाए जाने की चर्चा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले शुक्रवार या शनिवार को सौ से अधिक उम्मीदवारों की सूची और 10 मार्च तक करीब 250 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए जाएंगे। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पूर्व प्रधानमंत्री निवास पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की करीब छह घंटे तक चली बैठक में 21 राज्यों की 300 सीटों पर उम्मीदवारो का पैनल तैयार कर लिया गया है।

# भाजपा की पहली सूची तैयार, कभी भी हो सकता है एलान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुबह 3.15 बजे तक चली केंद्रीय चुनाव समिति की मैराथन बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवारों की पहली सूची पर मुहर लग गई और इसे कभी भी जारी किया जा सकता है। पांच घंटे से अधिक चली बैठक में 16 राज्यों में सीट दर सीट संभावित उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हुई। लेकिन इनमें बिहार, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश जैसे राज्य शामिल नहीं थे, जहां भाजपा को गठबंधन के साथियों के साथ सीटों का बंटवारा करना बाकी है। लेकिन उत्तर प्रदेश में लोजपा को दो, अपना दल को दो, निषाद पार्टी और सुभासपा को एक-एक सीट देने का फैसला लिया गया। चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ-साथ गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ नेता शामिल थे। इसके साथ ही संबंधित राज्यों के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ-साथ मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को भी बुलाया गया था। बैठक में 16 राज्यों के 250 से अधिक सीटों पर विस्तृत चर्चा हुई और लगभग 150 उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लग गई। इनके नामों का ऐलान कभी भी हो सकता है।




# पूर्वी लद्दाख के विवादित क्षेत्रों के मुद्दे को जल्द सुलझाएंगे

**कदम**

- हमारे बीच सकारात्मक चर्चा हो रही : झांग
- दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास बढ़ाएंगे



**बीजिंग।** चीन और भारत ने पूर्वी लद्दाख में विवाद को हल करने के लिए पारस्परिक समाधान खोजने के लिए ठोस संचार बनाए रखा है। चीन की सेना ने कहा कि हम भारत के साथ संबंधों को महत्व देते हैं।

गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख के कुछ क्षेत्रों को लेकर भारत और चीन की सेना में अक्सर गतिरोध बना हुआ है। दोनों पक्षों के बीच व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद से कई क्षेत्रों में सैनिकों को पीछे किया गया है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की सीमा विवाद की चिंताओं को हल करने के लिए ठोस संचार, गहन बातचीत और सकारात्मक चर्चा की है। बहुत जल्द ही हम समाधान के साथ सामने होंगे। गुरुवार को भारत और चीन के बीच 19 फरवरी को हुई कमांडर स्तर की वार्ता का झांग जियाओगांग ने जिक्र किया। वरिष्ठ कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा कि हम दोनों देशों के सैन्य संबंधों को महत्व देते हैं।

### बंगलूरू के कैफे में विस्फोट, नौ लोग घायल

**बंगलूरू।** बंगलूरू के रामेश्वरम कैफे में विस्फोट हुआ है, जिसमें नौ लोग घायल हुए हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पहले कहा था कि बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में गैस सिलिंडर विस्फोट नहीं, आईईडी ब्लास्ट हुआ है। हालांकि अब सीएम कह रहे हैं कि घटना के पीछे आईईडी ब्लास्ट हो सकता है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा, बताया जा रहा है कि यह आईईडी ब्लास्ट है। मामले की जांच जारी है। हमें अभी इंतजार करना होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रामेश्वरम कैफे में किसी ने एक बैग रखा था। कैफे में ब्लास्ट की घटना के बाद व्हाइटफील्ड के फायर स्टेशन ने कहा कि हमें फोन आया कि रमेश्वरम कैफे में सिलेंडर विस्फोट हुआ है। हम मौके पर पहुंचे और हालात पर काबू पाने की कोशिश की। डॉग स्क्वॉड के साथ-साथ फॉरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम भी विस्फोट स्थल पर पहुंची और मौके से सबूत इकट्ठा किए।

# राजभवन में पीएम मोदी और ममता बनर्जी की मुलाकात

**दौरा**

- यह राजनीतिक नहीं बल्कि प्रोटोकॉल के तहत भेंट की है: ममता बनर्जी



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार (1 मार्च) शाम को राज्य की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान राजभवन में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री दो दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल में हैं जहां वह हुगली में एक रैली को संबोधित किया।

शनिवार को नादिया जिले में रैली को संबोधित करेंगे और कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। ममता की प्रधानमंत्री से मुलाकात ऐसे समय हुई है जब राज्य सरकार आरोप लगा रही है कि केंद्र पर पश्चिम बंगाल का 1.18 लाख करोड़ रुपये बकाया है। ममता ने मुलाकात के बाद कहा कि यह एक प्रोटोकॉल मीटिंग और शिष्टाचार मुलाकात है। मैं किसी भी राजनीतिक विषय पर चर्चा नहीं करने जा रहा हूं, क्योंकि यह बिल्कुल भी राजनीतिक बैठक नहीं है।% उन्होंने कहा कि यह एक प्रोटोकॉल है कि यदि राष्ट्रपति या प्रधान मंत्री का दौरा होता है, तो सीएम को उनसे मिलना होता है। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में, बनर्जी ने राज्य का बकाया जारी करने के लिए दबाव बनाने के लिए नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की थी। पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को लगभग 30 लाख मनरेगा श्रमिकों को मार्च 2022 से लंबित 2,700 करोड़ रुपये का भुगतान शुरू किया।

## मामूली कहासुनी को लेकर हुए विवाद में जमकर चले ईंट पत्थर, चार लोग घायल

**सहारनपुर।** थाना सरसावा क्षेत्र के भटपुरा में दो पक्षों में मामूली सी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें दूसरे संप्रदाय के लोगों ने ईंट पत्थर व लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि तीन से चार लोगों को मामूली चोट आई। पत्थरबाजी में वहां खड़ी नई क्रेटा गाड़ी के शीशे भी टूट गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया।

गांव भटपुरा प्रधान प्रतिनिधि एवं पति वासिल खान व गांव के ही गोविंद पक्ष से किसी बात को लेकर मामूली कहा सुनी हो गई। जिसमें दोनों के बीच हुई हाथापाई हो गई। प्रधान पति ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान लेते हुए मामले को शांत कर दिया। आरोप है कि पुलिस के वहां से जाते ही दूसरे संप्रदाय के लोगों ने जबरदस्त पत्थर बाजी करते हुए वहां खड़ी नई क्रेटा गाड़ी को भी तोड़फोड़ दिया।

# खीरी पहुंचे मंत्री दानिश अंसारी, ली विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने जनपद आए सूबे के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में विभागीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने मंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि पीएम जन विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत राजकीय आईटीआई फूलबेहड़ ब्लॉक फूलबेहड़ योजना के निर्माण प्रगति पर है,सदभाव मण्डप लन्दनपुर



ग्रन्ट ब्लॉक कुंभी गोला के समस्त कार्य पूर्ण कर दिये गये सम्बन्धित विभाग को हस्तानान्तरण की कार्यवाही प्रगति पर है। साथ ही राजकीय आईटीआई वजीरगंज ब्लॉक बाकेगंज को सम्बन्धित विभाग को हस्तान्तरित किया जा चुका है। राजकीय पालीटेक्निक खीरी के अतिरिक्त कक्षा कक्ष तथा कार्यशाला का निर्माण कार्य में कार्यदायी संस्था के अनुसार उक्त योजना का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। यथाशीघ्र उक्त योजना हस्तानान्तरण कर दी जायेगी। श्री अंसारी ने लंबित कार्यों की स्थिति जानते हुए कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी बीच श्री अंसारी ने जिले में अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों से बातचीत कर समुदाय की समस्याओं के बारे में जाना। कहा कि केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार अल्पसंख्यक संप्रदाय के लोगों के प्रति काफी संवेदनशील है। अल्पसंख्यक वर्गों के सामाजिक उत्थान, आर्थिक विकास एवं बेहतर शिक्षा के लिए सरकार संकल्पित होकर काम कर रही है। इस दौरान भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी सिकंदर अली, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित सिंह, कनिष्ठ सहायक ब्रजेश कुमार, सुनील कुमार सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री ने 70 दिव्यांगों को दी कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण की सौगात



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को जीआईसी ग्राउंड में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित हुआ, जिसमें केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्मा, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह संग 40 दिव्यांग लाभार्थियों को सहायक उपकरण और 30 दिव्यांग लाभार्थियों को कृत्रिम अंग की सौगात दी। कार्यक्रम का संयोजन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने किया। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र ÷टेनी÷ ने विधायक योगेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह संग शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशुशेखर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय सागर मौजूद रहे।केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करने का उद्देश्य उन्हें सशक्त बनाना और समाज की मुख्य धारा से जुड़ने में सक्षम बनाना है। केंद्र सरकार ने 10, वर्षों से लगातार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। दिव्यांगजनों को सशक्त बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा। निःशुल्क वितरित किए जाने वाले अंगों, सहायक उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता जाग्रत होगी। साथ ही उनके दैनिक जीवनशैली में भी सुविधा प्रदान होगी।उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने दिव्यांगों के विषय को गंभीरता, प्रमुखता से लिया। दिव्यांगों के जीवन में सुविधा बढ़े, इसके लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही। सरकार दिव्यांगों के कानूनी अधिकार दिलाने एवं उन्हें सुनिश्चित कराने को एक नया अधिनियम लाए। दिव्यांगों के जीवन में अधिक उत्कृष्ट लाने के लिए अनेक सुविधाएं दी। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि दिव्यांगों के प्रति सामाजिक सोच बदलने, उनके जीवन के तौर-तरीकों को बेहतर बनाने व उनके कल्याण की योजनाओं को लागू करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जिपं अध्यक्ष प्रति. नरेंद्र सिंह ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किया।

### दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंगः डीएम

प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि आइये, हम सभी दिव्यांगों का सम्मान करने और उन्हें उनकी प्रतिभा को उचित स्थान दिलवाने का संकल्प लें। दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग हैं। सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण के साथ शिक्षा, पेंशन, आवास तथा स्वावलंबन के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही।

## चुनाव संचालन समिति की बैठक जिला सहकारी बैंक लखीमपुर के सभागार में हुई आयोजित



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** 28 लोकसभा खीरी चुनाव संचालन समिति की बैठक जिला सहकारी बैंक लखीमपुर के सभागार में आयोजित हुई जिसमें लोकसभा प्रभारी अचिन मेहरोत्रा संयोजक विनीत मनार सह संयोजक कुलभूषण सिंह तथा पाँचों विधानसभा प्रभारी, गंगाराम संयोजक,विस्तारक उपस्थित रहे।

### आम जनमानस से वोटर हेल्प लाइन ऐप का प्रयोग करने की अपील

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डा.दिनेश चन्द्र ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन ऐप में वोटर रजिस्ट्रेशन, वोटर स्लिप डाउनलोड, ई-इपिक डाउनलोड, चुनाव से जुडी डिटेल्स, शिकायत दर्ज, अपने कैंडिडेट की पूरी जानकारी आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई गयी है। इसलिए आम जनमानस वोटर हेल्प लाइन ऐप का प्रयोग कर विभिन्न सुविधाएं प्राप्त कर सकते है।

डा.दिनेश चन्द्र ने बताया कि वोटर हेल्पलाइन एप में फार्म 6 नए मतदाता का नाम जोडने हेतु, फार्म 7 सिर्फमृत्यु होने पर मतदाता सूची से नाम विलोपित होने हेतु आवेदन, फार्म 8 में नाम संशोधन स्थान परिवर्तन, दिव्यांगता जैसी प्रक्रिया की जा सकती है।

### कांग्रेस व सपा नेताओं के बीच समन्वय बैठक में लोस चुनाव को लेकर बनायी रणनीति

**सहारनपुर।** लोकसभा चुनाव में गठबंधन के उम्मीदवार को विजयी बनाने को समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के बीच समन्वय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे दोनों दलों के नेताओ ने आपसी रणनीति तय की और मजबूती के साथ चुनाव लडने निर्णय लिया। इस दौरान भाजपा की गलत नीतियों को जगजाहिर करने पर भी बल दिया गया। समाजवादी पार्टी के नगर विधान सभा प्रभारी व नगर निगम के पार्षद अभिषेक अरोड़ा के आवास पर आयोजित समन्वय समिति की बैठक में दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं ने एक दूसरे के साथ मिलकर चुनाव अभियान चलाने का निर्णय लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सपा के महानगर प्रभारी अभिषेक अरोड़ा उर्फ टिंकू ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा व कांग्रेस गठबंधन एक नया इतिहास रचने का काम करेगा।

# विधायक राजीव ने नगर के विभिन्न विकास कार्यो का किया लोकार्पण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर और भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने आज नगर में विधायक निधि से बनने वाली सड़को का लोकार्पण किया।

आनंद नगर में बाल्मीकि बस्ती में लगभग 10 लाख की लागत की सड़क का लोकार्पण किया व माधो प्रसाद गली में लगभग 10 लाख की लागत से बनाई जाने वाली सड़क का शिलान्यास नगर विधायक राजीव गुम्बर व भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनित त्यागी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुम्बर व भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने कहा कि पूरे महानगर में बड़े स्तर पर सड़को के निर्माण कार्य चल रहे हैं। अनेक सड़को का निर्माण पूरा हो चुका है



अन्य का शीघ्र ही पूरा हो जाएगा। सभी सड़को का निर्माण पूरा होने पर महानगर गडढामुक्त होगा और महानगर में सुगम आवागमन होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार महानगर में विभिन्न योजनाओं में सड़क निर्माण के कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहारनपुर की सड़कें शीघ्र ही स्मार्ट होंगी जिससे पूरी जनता लाभान्वित होगी और महानगर के विकास की नई पटकथा लिखी जाएगी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से महानगर उपाध्यक्ष विक्रम शर्मा, पार्षद राजेंद्र सिंह कोहली, मंडल अध्यक्ष हनी वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह, राघव सेठ, रौनक दुग्गल, रवि घावरी, अंकित जाटव, प्रवीण जाटव, अश्वनी अरोड़ा, सुशील कक्कड़, बबलू चाणलिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेजा

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 66/24 धारा 307 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभि0 ओमकार पुत्र गोपी नि0 ग्राम बेदौरा थाना रेउसा जिला सीतापुर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेजा गया दिनांक 12/13.02.2024 की रात्रि में थाना खीरी पर सूचना प्राप्त हुई कि मो0 हनियाटोला में कुछ चोर घर के अन्दर घुस कर चोरी कर रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुँचा तो पुलिस को देखकर उन चोरों ने पुलिस पर असलहे से फायर कर दिया, पुलिस बल द्वारा स्वयं को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ फायर किया था। सभी चोर छत से कूदकर भागने लगे। तत्पश्चात चोरों का पीछा किया गया, झाड़ियो व फसल होने के कारण चोर भागने में सफल रहे व एक चोर घायल अवस्था में घर के किनारे पड़ा हुआ था पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम ओमकार पुत्र गोपी नि0 ग्राम बेदौरा थाना रेउसा जिला सीतापुर बताया घायल व्यक्ति ओमकार के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ व बताया कि छत के कूदने के कारण मुझे चोट लग गयी है तथा घायल होने के कारण अन्य साथियों व चोरी की घटनाओं के बारे में नही बता पाया घायल व्यक्ति को सुरक्षार्थ पुलिस बल की सहायता से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। दिनांक 29.02.2024 को स्वास्थ्य ठीक होने पर जिला चिकित्सालय के डा0 द्वारा डिस्चार्ज किया तत्पश्चात गहन पूछताछ के दौरान अभि0 की निशांदेही पर मु0अ0सं0 65/24 धारा 457/380/411 भादवि से सम्बन्धित एक जोड़ी पायल , मु0अ0सं0 0055/24 धारा 457/380/411 से सम्बन्धित 1200 रूपये तथा थाना कोतवाली सदर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0103/24 धारा 457/380/411 भादवि से सम्बन्धित एक जोड़ी झाला बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही कर अभि0 को न्यायालय भेजा गया।

# सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने लगभग 4100 करोड़ लागत की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रायबरेली के जीआईसी ग्राउंड से आठ परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। जो लगभग 4100 करोड़ की लागत का है।

परियोजनाओं में रायबरेली प्रतापगढ़ जौनपुर खंड समानांतर लालगंज आझारा से रानीगंज तक ग्रीन फील्ड बाईपास हाईवे का निर्माण, टांडा रायबरेली खंड का सुदृढ़ीकरण, रायबरेली शहरी क्षेत्र से बांदा खंड का सुदृढ़ीकरण, सलोन, नसीराबाद जायस, जगदीशपुर खंड का निर्माण कार्य, लालगोपालगंज से नवाबगंज तक फोरलेन सड़क का निर्माण, नवाबगंज से मलाक हर हर तक सड़क का निर्माण, लखनऊ रायबरेली खंड में रतापुर व त्रिपुला चौराहे पर दो उपरिगामी सेतु का निर्माण के साथ



रायबरेली में फोरलेन रिंग रोड पैकेज टू का निर्माण कार्य शामिल है।

राजमार्ग मंत्री सबसे पहले पुलिस लाइन ग्राउंड आए जहां पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके उपरांत राजमार्ग मंत्री ने जीआईसी ग्राउंड से परियोजनाओं का शिलायन्स किया। राजमार्ग मंत्री ने कहा कि देश का विकास सड़कों और राजमार्गों से ही संभव है। अमेरिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका की समृद्धि का कारण वहां की सड़के हैं। कहा कि जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई देश के प्रधानमंत्री थे तो उन्होंने कहा था कि भारत के पिछडेपन का कारण उसकी सड़के हैं। इसको अमल में लेते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की थी। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सड़कों के विकास में प्रगति हुई है उन्होंने कहा कि मैंने भारत की सड़कों का अध्ययन किया और पाया कि यदि देश की सड़के सुधर जाए तो देश बहुत जल्दी ही विकसित राष्ट बन जाएगा। सड़के अच्छी होने से स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यवसाय, रोजगार,पानी और आयात निर्यात की सुविधा होती है। जिससे आधारभूत सुविधाओं को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि मैंने राजमार्ग मंत्रालय को बहुत कुछ दिया है मेरा कहना है कि मैंने कुछ नहीं दिया जो आपका था उसी को वापस किया। सड़कों के निर्माण से गांव, गरीब और समाज का कल्याण होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के कथनों को दोहराते हुए कहा कि हमारे शहर ही स्मार्ट सिटी ना बने बल्कि गांव भी स्मार्ट गांव बने। उन्होंने कहा कि पहले गांव में रोजगार नहीं था। किसानो को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता था। विद्यालय अच्छे नहीं थे। गांव के किसानों को मजदूरी करने के लिए महानगरों में जाना पड़ता था। अब सड़कों के निर्माण से उनकी आधारभूत आवश्यकताएं पूरी होने लगी है। उनको अपने गांव में ही रोजगार मिलने लगा है।

## व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्कः एसपी सिटी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारित कराया जायेगा। पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक पुलिस लाईन के सभागार में विभिन्न व्यापारिक संगठना के प्रतिनिधियों के साथ व्यापारिक प्रकोष्ठ की बैठक ले रहे थे। व्यापारियों ने एसपी सिटी के समक्ष ई रिक्शा के मुद्दे, लोहानी सराय में यातायात की समस्या, मंगल बाजार मे महिलाओ के पर्स कटने की समस्या और विभिन्न समस्याओ को लेकर उनका ध्यान आकर्षित किया गया, यही नही कानून व्यवस्था और समस्याओं के लिए और क्या बेहतर हो सकता है इसके लिए व्यापारियों से सुझाव भी आमंत्रित किये गए। पश्चिम व्यापारी एकता व्यापार मंडल से प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा ने बेहट अड्डे के पास लगने वाली रेहड़ियों को प्रधानमंत्री स्वरोजगार निधि में शिफ्ट करने की बात रखी। प्रदेश जिलाधक्ष पवन गोयल ने मंडी समिति रोड पर यातायात से लगने वाले जाम की समस्या से अवगत कराया। बैठक में आईआईबीए के प्रदेश अध्यक्ष संजीव शर्मा ने हबीबगढ़ में पुलिस चौकी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसे थाना मंडी के अंतर्गत करवाने का प्रयास करें। एसपी सिटी ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए चाइनीस मांझे पर रोक लगाने तथा बुलेट के साइलेंसर से निकलने वाले पटाखों पर नकेल कसने के निर्देश दिए। अंत मे व्यापारी नेता राधेश्याम नारंग ने पुलिस अधीक्षक नगर को नए वर्ष की अग्रिम शुभकामनाये दी। बैठक में आलोक अग्रवाल, कपिल मल्होत्रा, अंतरिक्ष अरोड़ा, हरपाल वर्मा, नुसरत साबरी, पवन गोयल, संजीव शर्मा, देवांश गांधी, प्रवीण छाबड़ा, मनीज ठाकुर, रजत मित्तल, गौरव चौहान, वीरेंद्र बहल, रमेश अरोड़ा, योगेश शर्मा, चन्द्र शेखर ठकराल, गौरव सुनेजा, राहुल सदाना, सुनील ठाकुर, सुनील शर्मा, अरुण मिश्रा, अमित तोमर, सुनील नेगी प्रभारी निरीक्षक कुतुब शेर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, संजय कुमार जनकपुरी, प्रभारी निरीक्षक थाना मंडी, यातायात निरीक्षक भी उपस्तिथ रहे।

### परिजनों ने शोभित विश्वविद्यालय को सौंपा मीना इंसा का पार्थिव शरीर

**सहारनपुर।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख संत गुरमीत डा. राम रहीम को प्रेरणा स्वरूप 85 मेम्बर अंजेश कुमार की धर्म पत्नी श्रीमती मीना इन्सा के शरीर को आज प्राण त्यागने पर उनके पार्थिव शरीर को अन्तिम यात्रा के साथ दान स्वरूप शोभित विश्व विद्यालय गंगोह को सौंपा गया।

गौरतलब रहे कि डेरा सच्चा सौदा के अंजेश ईसा 85 मेम्बर जिम्मेदार उत्तर प्रदेश की धर्मपत्नी मीना इंसा अपनी श्वासों रूपी पूंजी पूरी करके सद्गुरु के चरणों में सचखंड जा विराजी है। प्रभु की ऐसी इच्छा थी। डेरा संत सच्चा सौदा प्रमुख संत गुरमीत डा.राम रहीम के प्रेरणा से संचालित 162 मानवता भलाई केन्द्र कार्यो के अंतर्गत उनके पार्थिव शरीर गंगोह शोभित विश्वविद्यालय को दान दिया गया।

आज न्यू कपिल विहार निवासी अजेश इंसा के आवास से उनकी पत्नी श्रीमती मीना इंसा के पार्थिव शरीर की अन्तिम यात्रा आरम्भ हुयी।

## निपुण भारत अभियान के अंतर्गत चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



*अवधनामा संवाददाता*

**संताव रायबरेली।** सतांव विकास खन्ड के मलिक मऊ चौबारा में स्थित (बीआरसी) में निपुण भारत अभियान के अंतर्गत चयनित सौ शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण सत्र समापन हो गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी को संबोधित किया।

मलिक मऊ चौबारा में विगत तीन दिनों से चल रहे सौ शिक्षकों निपुण भारत प्रशिक्षण कार्यशाला का आज समापन हो गया इस प्रशिक्षण में शामिल सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी गौरव मिश्रा ने कहा शिक्षक देश का भविष्य निर्धारित करता है शान द्वारा निर्देशित निपुण भारत के प्रशिक्षण में प्राप्त निर्देशों के अनुसार आने वाली भावी पीढ़ी को आपके द्वारा निपुण बनाना है इस प्रशिक्षण के समापन अवसर पर रणविजय सिंह, आशुतोष तिवारी, योगेंद्र यादव, आराधना सिंह, दिलीप सिंह, रोहित अवस्थी सहित बी आर सी के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गरीबों के आंखो की चमक मेरे जीवन का सपनाः वीरेन्द्र यादव

**रायबरेली** इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय के द्वारा डलमऊ ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिवालय सलेमपुर में नेत्र परीक्षण / निःशुल्क ऑपरेशन एवम रोगियों को निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र शिविर का आयोजन जिला पंचायत सदस्य डलमऊ तृतीय व एआईसीसी मेम्बर वीरेन्द्र यादव, एडवोकेट ने किया। नेत्र शिविर आज सवेरे 10:00 बजे से 2:00 बजे तक चलाया गया जिसमें 129 लोगों के नेत्र परीक्षण किए गए और 56 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया और 27 लोगों को चश्मा लगाए गए मरीजों को आइ ड्रॉप दी गई। इस अवसर पर कमलेश यादव प्रधान, जगदीश यादव, के एस यादव, राकेश कुमार मौर्या, राजन मिश्रा, दीपक कुमार, अखिलेश यादव, रवी यादव चंदी का पुरवा, आलोक यादव दीना का पुरवा, अनीश कुमार, विपिन कुमार, संजय यादव, विवेक कुमार, नंद किशोर, शिवा लोधी समेत सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहें।

## विकासखंड अधिकारी ने पंचायत सहायकों साथ की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज (गोंडा)।** ब्लाक सभागार मे विकासखंड अधिकारी ने पंचायत सहायकों साथ की बैठक गांव के लोगों की समस्याओं को गांव के पंचायत कार्यालय पर बैठक कर करे निस्तारण दिया निर्देश।


मिली जानकारी अनुसार ब्लाक सभागार में शुक्रवार को विकासखंड अधिकारी विजयकांत मिश्रा व एडीओ पंचायत मनोज गुप्ता ने संयुक्त रूप से बैठक कर पंचायत सहायकों को गांव के रहने वाले लोगों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए ब्लाक का चक्कर ना लगाना पडे इसके लिए आप सब गांव के कार्यालय पर सप्ताह मे एक बार बैठक कर मौके पर निस्तारण करे और सरकार की योजनाओं को लोगों को बताये जिससे सभी को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिले और लोगों को अनावश्यक रूप से ब्लाक मुख्यालय का चक्कर ना लगाना पडे इसमौके पर एडीओ पंचायत मनोज ने भी पंचायत सहायकों को बेहतर काम करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया इस मौके पर सचिव पवन गुप्ता बीसी कमलेंद्र पांडे पंचायत सहायक संघ के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

# किसान ने साफ सफाई कराने के लिए उपजिलाधिकारी तरबगंज को दी तहरीर

*अवधनामा संवाददाता*

नवाबगंज (गोंडा)। क्षेत्र के मैनपुर गांव में सफाईकर्मचारी ना आने से परेशान गांव के किसान ने अपने लडके की शादी में अपने आवास के पास सार्वजनिक स्थान को साफ सफाई कराने के लिए उपजिलाधिकारी तरबगंज को दी तहरीर उपजिलाधिकारी तरबगंज ने बीडीओ सहित राजस्व टीम को साफ-सफाई करने का दिया निर्देश। इस आदेश केबाद भी गॉव मे साफ-सफाई नही हो पाया है।उपजिलाधिकारी आदेश का पालन नही करा पाये राजस्व टीम लौटी बैरंग किसान हैरान परेशान गांव मे नही आते सफाईकर्मचारी लोगों ने बताया कि नये सफाईकर्मचारी की नियुक्ति के बाद से नही आती है सफाई करने गांव का है गंदगी से बुरा हाल।

मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र के



मैनपुर गांव में सफाईकर्मचारी ना आने से परेशान गांव के लोगों ने अब अधिकारियो से गुहार लगा रहे हैं गांव मे कही भी साफ-सफाई ना होने से मांगलिक कार्य मे भी बाधा आ रही है इस गांव के रहने वाले राम कुबेर जो कि अपनेबेटे की शादी कर रहे है उन्होंने गांव मे साफ-सफाई के लिए एसडीएम तरबगंज भारत भार्गव को पत्र लिखकर साफ-सफाई कराने की मांग उठाई है। इस पत्र पर एसडीएम तरबगंज भारत भार्गव ने राजस्व टीम सहित अन्य को भेजा कि जाकर गांव मे साफ-सफाई किया जाए पर गांव मे सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई तो दूर किसान के घर के आसपास लगे झाड झंखाड तक नही साफ हो गया। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व टीम गांव मे तो आया पर इस मौके पर भी गांव कि महीला सफाईकर्मचारी नही मौजूद रही जिसको लेकर लोगों ने सफाईकर्मचारियो को से कहासुनी करने लगे और अगले बगल से आये सफाईकर्मचारियो ने बिना साफ-सफाई किये वापस हो गये फिलहाल इस गांव मे सफाईकर्मचारी के ना आने केचलते ही विवाद का कारण बना हुआ लोग सफाईकर्मचारी की अकर्मण्यता की चर्चा कर रहे हैं।

# चर्चित रंगकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता ने अपनी बुजुर्ग माँ की गला दबाकर की हत्या

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर कोतवाली के अंतर्गत चौक स्थित कंघी गली निवासी चर्चित रंगकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता व कारोबारी गोपाल कृष्ण वर्मा ने अपनी बुजुर्ग माँ की गला दबाकर हत्या कर दी। उसने तीन पेज का पत्र लिखकर अपना जुर्म कबूला है। यह पत्र अपने परिचितों और शुभचिंतकों को भेजा है। पत्र में कर्ज से परेशानी के चलते अपनी बुजुर्ग मां की हत्या की बात कही है और खुद को कोतवाली पहुंच पुलिस के हवाले किया है। मामले की जानकारी के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।कभी कम्युनिस्टपार्टी के वरिष्ठ चिंतकों में शामिल तथा रंगमंच पर एक नाम की पहचान रखने वाले लगभग 62 वर्षीय गोपाल कृष्ण वर्मा चौक जमुनिया बाग स्थित मार्ग पर जीके कार्ड सेंटर के नाम से दुकान चलाते थे। जिसमें उनके दो भाई सहयोगी थे। कुछ माह पूर्व उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली थी लेकिन सक्रिय नहीं हो पाए। गुरुवार की रात उन्होंने तीन पेज का पत्र लिखा और पत्र में हवाला दिया कि अत्यधिक कर्ज के चलते मां बेटे परेशान चल रहे थे भाइयों ने कर्ज से उबारने की कोशिश की लेकिन बात आगे ना बढ़ सकी।उन्होंने लिखा है कि मां की यह चिंता और कष्ट नहीं जा रहा था। मां का अपने प्रति दुलार उनको पेशोपेश में डाले हुए था। जिसके चलते जिसके चलते मां की हत्या का निर्णय लेना पड़ा।रात 3.15 बजे लिखे गए इस पत्र को उन्होंने अपने परिचितों और शुभचिंतकों को पोस्ट किया तथा कोतवाली जाकर आत्मसमर्पण कर दिया।



पत्र में उन्होंने अपनी बहन कम्मो का भी जिक्र किया है और इस घटना से अत्यंत दुखी होने का जिक्र किया है। फिलहाल मामले की जानकारी पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। भाइयों ने गोपाल कृष्ण के दावे पर सवाल खड़ा किया है।नगर कोतवाल अश्वनी कुमार पांडेय का कहना है कि घर से तीन पेज का पत्र मिला है। बुजुर्ग मां के बगल ही इनके विकलांग भाई का बिस्तर है। जबकि दूसरा भाई बगल के कमरे में सोया था। मौके से मृतका के शरीर पर कोई चोट और खरोंच का निशान नहीं मिला है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# खेलों को प्रोत्साहन से युवा वर्ग इसे कैरियर के रूप में कर रहा है स्वीकार: दर्शना सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डा. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मकबरा में आयोजित सांसद प्राइस मनी खेल प्रतियोगिता का राज्य सभा सांसद व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा दर्शना सिंह ने किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर अयोध्या महिला मोर्चा द्वारा तिलक व माला पहना कर उनका स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य व गीत के माध्यम से उनका स्वागत किया। झंडारोहरण तथा दीप प्रज्जवलन की प्रतियोगिता की शुरूवात की। कबड्डी व रस्साकसी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन नेहा तिवारी ने किया। प्रतियोगिता में कबड्डी, रस्साकसी, खोखो, 100,200,400,800, दौड़, 100 गुणा 4 रिल व लांग जंप का आयोजन होगा। इस दौरान दर्शना सिंह ने कहा कि पहले युवा खेलों को कैरियर के रूप में नही लेते थे। क्यों कि पुरानी सरकारें खेल को प्रोत्साहन नही देतीं थी। मोदी सरकार में खेलों को प्रोत्साहन मिलने से अब युवा इसको प्रोफेशन के तरह से ले रहे है। आज युवाओं की सोच बदली है। हमारे गांवों के प्राचीन खेलों को इस तरह प्रतियोगिता में शामिल करने से उन खेलों को पुर्नस्थापित होने का मौका मिला है। सौभाग्य से मैं भी उसी सदन की सदस्य हूं जिसमें पीटी उषा बैठती हैं। वे जिस तरह से धैर्य पूर्ण तरीके से सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेती है। जीवन का यह धैर्य खिलाड़ी जीवन से मिला है। ऐसी बहुत सी महिलाएं है जिन्होंने अपने आप को साबित किया। जिस तरह से तीन बच्चों की मॉ होते हुए भी मैरीकॉम ने बॉक्सिंग की प्रैक्टिस जारी रखा। यह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बालिकाओं की खेल के प्रति रूचि बढ़ेगी। सरकार के प्रयासों से राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार आया है।



इस दौरान महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, ब्लाक प्रमुख अभिषेक सिंह, जय नारायण सिंह रिंकू, गोसाईगंज चेयरमैन विजय लक्ष्मी जायसवाल, इंद्र भान सिंह, अशोक मिश्र, विजय गुप्ता, आशा गौड़, सरोज मिश्र, डा.मंजूषा पाण्डेय, अशोका द्विवेदी, शकुन्तला गौतम, प्रतिमा शुक्ला, बसंती सिंह, रीना द्विवेदी, रवि सोनकर, किशन मौर्या, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, अशोक कसौधन, सुरेन्द्र यादव, मनोज श्रीवास्तव, विश्वनाथ सिंह, अनूप दूबे, दिनेश मिश्र, नीरज श्रीवास्तव रिंकू मौजूद थे।

## जिलाधिकारी ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त

**अयोध्या।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है, जिसमें कपिल कुमार वर्मा को सहायक व्यय प्रेक्षक का नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी क्रम में 271-रूदौली में शैलेन्द्र वर्मा, 273-मिल्कीपुर में विवेक जायसवाल, 274-बीकापुर में कमलेश कुमार, 275-अयोध्या में देवेन्द्र प्रताप गौतम, 276-गोसाईगंज में आकाश जायसवाल को सहायक प्रेषक बनाया है। इसके अलावा 03 लोगों को चन्द्र शेखर, अभिषेक सिंह, शिवमूर्ति को आरक्षित रखा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सहायक व्यय प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक के अधीनस्थ आयोग के निर्देशानुसार समयबद्ध रूप से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।

# अवध विवि के छात्र-छात्राओं ने मानसिक चिकित्सालय वाराणसी का किया शैक्षिक भ्रमण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यावहारिक मनोविज्ञान पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को मानसिक चिकित्सालय वाराणसी में शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में पाठ्यक्रम के विषम सेमेस्टर के साथ पीजी डिप्लोमा काउंसलिंग एंड गाइडेंस के छात्र-छात्राएं मानसिक चिकित्सालय एवं मनोरोगियों से जुड़ी तमाम प्रकार की जानकारी से रूबरू हुए। वाराणसी के मनोचिकित्सक डा. चंद्र प्रकाश मल्ल ने छात्र-छात्राओं को मानसिक चिकित्सालय एवं रोगियों से मुलाकात कराई। वहीं छात्र-छात्राओं ने सभी रोगियों से बातचीत कर मनोरोगों को जानने का प्रयास किया। इस शैक्षिक भ्रमण में छात्रों को पता चला कि यहां अधिकतर बायपोलर, डिसऑर्डर, शिजोफ्रेनिया एवं अवसाद से ग्रसित मनोरोगी है। वहीं छात्रों ने मनोरोगियों के पुरुष वार्ड, महिला वार्ड एवं फैमिली वार्ड में जाकर जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत डा. मल्ल ने छात्रों के मन में चल रहे शैक्षिक भ्रमण संबंधी प्रश्नों का विस्तृत उत्तर दिया। यह शैक्षिक भ्रमण व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के समन्वयक प्रो. अनूप कुमार के दिशा-निर्देशन में व्यावहारिक मनोविज्ञान की शिक्षिका डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी व डॉ. सरिता पाठक द्वारा कराया गया।

# विभिन्न दलों के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगज।** विकास खंड घुघुली के पुरैना स्थित ज्ञानी देवी राम बरन जूनियर हाई स्कूल प्रांगण और डी ए वी नारंग इंटर कालेज घुघुली में आयोजित मिलन कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एवम सदर विधायक जयमंगल कन्नौजीया के उपस्थिति में क्षेत्र के 26 प्रमुख लोगो ने विभिन्न दलों से अपना दामन छुड़ा कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने भाजपा का पट्टा पहना कर और सदर विधायक जयमंगल कन्नौज्जिया ने भाजपा की टोपी पहना कर भाजपा की सदस्यता दिलाई।इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण घटना है जो दिखाती है कि लोगों में भाजपा के प्रति विश्वास और आकर्षण बढ़ा है। यह एक सामाजिक और राजनीतिक संकेत है जो सरकार की नीतियों और कार्यक्षमता को समर्थन प्रदान करता है। भाजपा की सदस्यता लेने वाले लोगों का यह निर्णय उनकी विचारधारा और राष्ट्रभक्ति को दर्शाता है। इसके साथ ही, यह भी प्रकट करता है कि भाजपा राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है और इसमें कार्य के आधार पर कार्यकर्ताओं को तरजीह दी जाती है। वहीं अन्य दलों में एक राजा और बाकी सभी गुलाम है। एक ही परिवार के लोग अध्यक्ष और मुखिया होते है। उन्होंने कहा कि भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है जहां लोकतांत्रिक ढंग से पदाधिकारी बनाए जाते हैं और काम के बल पर जिम्मेदारी दी जाती है। पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज मोदी सरकार ने जिस तरह देश को विश्व पटल पर ला दिया वो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। मोदी के नेतृत्व में जहां देश आगे बढ़ रहा है वही गाँव गरीब किसान का भी जीवन स्तर उठाने का कार्य मोदी सरकार ने किया है ।सदर विधायक जयमंगल कन्नौज्जिया ने कहा कि देश और प्रदेश के साथ गरीबों का सम्मान भाजपा में ही सुरक्षित है। भाजपा सभी का ध्यान रखती है, जबकि अन्य दलों में ऐसा नहीं है।भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है।उन्होंने कहा कि आज सभी दलों में भगदड़ मची है।इसका प्रमाण हाल ही राज्य सभा के चुनावों में समाजवादी पार्टी का बिखरना देश ने देखा है।मोदी योगी के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास के पायदान पर तीव्र गति से निकल पड़ा है। एक बार पुनः केंद्र में मोदी जी की सरकार बनना आवश्यक है। आज सभी विपक्ष एक होकर मोदी को रोकने का कुचक्र रच रहे है।



## हत्यारोपी को किया पुलिस ने गिरफ्तार

**महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र के मेघोली गांव में स्थित एक ईट भट्ठे पर काम कर रहे छत्तीसगढ़ निवासी युवक को छत्तीसगढ़ पुलिस ने निचलौल पुलिस के सहयोग से गुरुवार को इट भट्ठे से गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ के कोरवा जिला में स्थित करतला थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव का निवासी राजेश लहरे पर एक युवक के हत्या का आरोप हैं। अपने एक रिश्तेदार के सहयोग से मेघोली गांव के एक ईट भट्टे पर छुप कर रहा था। जिसका लोकेशन छत्तीसगढ़ पुलिस को मिल गया। गुरुवार को छत्तीसगढ़ पुलिस ने निचलौल पुलिस के सहयोग से उसको इट भट्ठे से गिरफ्तार कर लिया एवं पूछताछकरने के लिए अपने साथ ले गई।

# ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने पेश किया डायमंड ब्राइडल ज्वैलरी का अनूठा कलेक्शन अवनी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर भारत की अग्रणी ज्वैलरी चेन, ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने अपने लेटेस्ट और अनूठे सर्टिफ़ाइड डायमंड ज्वेलरी कलेक्शन अवनी के लॉन्च की घोषणा की है। यह संग्रह खास तौर पर दुल्हनों के लिए बनाया गया है।अवनी कलेक्शन में रोज गोल्ड में जड़े हुए हीरों से उच्च गुणवत्ता वाले आभूषण उत्कृष्ट डिजाइन के साथ तैयार किए गए हैं। कलेक्शन में शामिल हर ज्वैलरी पीस प्यार और रिश्तों के अटूट बंधन को दर्शाते हैं। इस कलेक्शन में सगाई से लेकर शादी विवाह में शामिल हर रस्म के लिए आभूषण मौजूद हैं। कलेक्शन की शुरुआती रेंज 2,60,000 है, जिसमें नेकलेस और झुमके, मंगलसूत्र, मांगटीका और अंगूठी शामिल हैं। यह पूरा कलेक्शन लाल रंग के ब्राइडल बॉक्स में आता है और इसके साथ ग्राहकों को एक फ्री टैबलेट भी दिया जा रहा है।अयोध्या में स्तिथ ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के फ्रेंचाइजी ओनर महेश अग्रवाल और सुयश अग्रवाल ने कहा, हमें सर्टिफ़ाइड डायमंड ज्वेलरी कलेक्शन अवनी पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह कलेक्शन उन दुल्हनों के लिए एकदम परफेक्ट च्वाइस है जो अपनी शादी के दिन सबसे खूबसूरत दिखना और महसूस करना चाहती हैं। वे अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पल में एक क्लासिक और पारंपरिक लुक चाहती हों, या एक आधुनिक और स्टाइलिश लुक, हमारे पास सभी के लिए कुछ न कुछ है।

# देश की तस्वीर बदलने की गारंटी है मोदी: अवनीश सिंह

- भाजपा का बूथ प्रवासी सम्मेलन संपन्न
- भाजपाइयों ने भरी हुंकार, तीसरी बार फिर मोदी सरकार

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने कहा कि भारत का प्रत्येक व्यक्ति सशक्त और समृद्ध हो, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है, जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। कहा कि मोदी की गारंटी देश की तकदीर और तस्वीर बदल रही है।यही वजह है कि तीसरी बार भी देश वासियों के मन में नरेंद्र मोदी रमते हुए नजर आ रहे हैं। जिला प्रभारी शुक्रवार को स्थानीय जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के बूथ प्रवासी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी ने अपनी नीति और नीयत से समाज के अंतिम जन को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है। खाद्य एवम रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं की बदौलत बीते एक दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। कहा यह महज एक आंकड़ा नहीं बल्कि 25 करोड़ गरीबों के सशक्त होने की गारंटी है। कहा इसी कार्यकाल में 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ चुकी हैं, जो यह दर्शाता है कि मोदी सरकार में सभी वर्ग स्वाभिमान के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि अब दुनिया भी मान रही है कि भारत में तीसरी बार आयेगा तो मोदी ही। उन्होंने कहा कि इसी भरोसे के चलते विश्व के कई देशों ने मोदी के आगामी जुलाई से नवंबर तक के कार्यक्रम तय कर दिए हैं।जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्र ने जिले में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए और सभी का आभार ज्ञापित किया।इसके पूर्व भाजपा के सभी मंडलों से आए बूथ प्रवासियों को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उनकी भूमिका समझाई गई।भाजपा ने बूथ चलो बूथ जीतो अभियान के तहत प्रत्येक वरिष्ठ कार्यकर्ता को तीन तीन बूथ आवंटित किए हैं जिसमे 51 प्रतिशत वोट हासिल करने का लक्ष्य दिया गया है। इस दौरान उत्साहित भाजपाई तीसरी बार फिर मोदी सरकार के नारे लगाते रहे। संचालन अभियान के जिला संयोजक विजय आनंद बाजपेई ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, शरद अवस्थी, बैजनाथ रावत, सुधीर कुमार सिंह सिद्धू, अवधेश श्रीवास्तव, ब्रजेश रावत, नवीन राठौर, विवेक वर्मा, आशुतोष अवस्थी, शेखर हयारन, रामेश्वरी त्रिवेदी, रोहित सिंह, संदीप गुप्ता, गुरुशरण लोधी, लल्लू रावत, आरती रावत, लकी सिंह, रामशरण पाठक, हारून वारसी, जगदीश गुप्ता रंगनाथ त्रिपाठी, प्रवीण सिंह, कमलेश शुक्ला, अनुपम निगम, शील रत्न मिहिर सहित सभी मंडल अध्यक्ष व बूथ प्रवासी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## 864 कार्यकर्ता बनाए बूथ प्रवासी

भाजपा ने जिले में लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने के लिए कुल 2590 बूथों के लिए 864 बूथ प्रवासी नियुक्त किए हैं। प्रत्येक बूथ प्रवासी तीन बूथ पर प्रवास के दौरान संपर्क, संवाद और समन्वय स्थापित करेगा।

# जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा जैसे बजाया तो मुग्ध हुए दर्शक

**अयोध्या।** रामकथा पार्क में रामोत्सव श्रृंखला में बीती शाम नोएडा से आए दल ने सम्पूर्ण रामायण÷ नृत्य नाटिका कथक शैली में प्रस्तुत कर भगवान राम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक के प्रसंग को मंचित किया। राम के पात्र में गोविंद केसरी,सीता बृजेश कुमारी, रावण/दशरथ मनीष गंगानी के अलावा सह कलाकारो में मिताली वर्मा और सोनम का नृत्य व अभिनय प्रभावी था।अगली प्रस्तुति में हरियाणा से आए राम अवतार के दल ने बीन को सिर्फ संपेरो या सांप पकड़ने का वाद्ययंत्र की सोच के विपरीत बीन पर संगीत के शास्त्रीय राग बजा कर सभी को स्तब्ध कर दिया। जग में सुंदर है दो नाम,चाहे कृष्ण कहो या राम,रघुपति राघव राजा राम जैसे भजनों और पारंपरिक हरियाणवी गीतों के बाद कलाकारो ने जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा जैसे बजाया तो पूरा पांडाल उठकर नृत्य करने लगा।इसके बाद मंच पर ÷लवकुश के राम÷ का मंचन किया लखनऊ से आई सरिता यादव के दल ने। राम सिया की करुण कहानी से शुरू होकर ये कथा भय प्रकट कृपाला पर जब समाप्त हुई तो वातावरण राममय हो चुका था। धीरेंद्र,प्रीति,रीना,सागरिका,पवन सहित सभी कलाकारो का अभिनय सराहनीय था।

गुजरात से आए भीखा राणा के दल ने महिलाओं द्वारा किए जाने वाले टिपनी लोकनृत्य प्रस्तुत किया जिसके महिलाए एक लंबे डंडे,जिसके सिरे पर चौकोर गुटका होता है उसकी सहायता से नृत्य किया पुरुषो ने रंग बिरंगे परिधानों में रास मलंग और कोली रास प्रस्तुत किया। संगीत के ताल पर डांडिया खेलते कलाकारो का तीव्र गति से चक्कर खाना और फिर कलाबाजी करते हुए डांडिया रास सभी को लुभा गया।दर्शकों का आनंद चरम पर पहुंच गया जब दल के गायक ने गुजराती भाषा में ÷अयोध्या आए छे श्रीराम÷ गाया तो पंडाल तालियों से गूंज उठा।अंतिम प्रस्तुति देने मंच पर काशी की डा प्रियम्वदा तिवारी के दल ने गणेश वंदना करके आरंभ किया।उसके बाद श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन पर प्रियम्वदा का किया गया भाव नृत्य मंच पर ममत्व बिखेर गया। राम स्तुति के बाद रामजी की आरती पर कलाकारो द्वारा मंच पर श्रीराम जी के जीवन प्रसंगों के अलग अलग दृश्य बनाना अद्भुत था।

# ग्राम चौपाल में पात्रों का विभिन्न योजनाओं में पंजीकरण



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विकास खण्ड निन्दूरा के ग्राम पंचायत अनवारी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र रावत उपस्थित रहे।

सांसद श्री रावत ने लोगो की समस्याओं का समाधान करते हुए कहा कि मोदी सरकार का सपना है कि गांव के गरीब किसान नौजवान महिलाओं का विकास होगा। तभी देश 2047 तक विकसित हो पायेगा। इसके उपरान्त सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने पात्र व्यक्तियों का विभिन्न योजनाओं में पंजीकरण कराया तथा गाँव रास्ता न होने पर खण्ड विकास अधिकारी को निर्माण करवाने के लिए निर्देशित किया। खण्ड विकास अधिकारी ने कहा स्टीमेट बना कर मार्ग का जल्द से जल्द निर्माण कराया जायेगा।

इस अवसर पर प्रदीप रावत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनु, मो, मंडल अध्यक्ष विनय मौर्य, खण्ड विकास अधिकारी संतोष सिंह विशाल सिंह प्रमोद रावत नितिन मौर्य विनय शुक्ला ओमप्रकाश पाल सरवन रावत सतीश जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दर्दनाक सड़क हादसे में दो मासूम बालिकाओं की मौत, पिता ने भी तोड़ा दम

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** कोतवाली अंतर्गत ब्लॉक बनीकोडर के सामने बड़ा दर्दनाक हादसा हो गया। एक ट्रक ने बाइक सवार को ज़ोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक पर पीछे बैठी दो बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गम्भीर रूप से घायल बाइक सवार पिता को ट्रामा सेंटर भेजा गया। जहां इलाज से पहले ही पिता ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली रामसनेहींघाट के अंतर्गत सुमेरगंज निवासी पंकज यादव की पुत्री वर्तिका उम्र 6 वर्ष ओर योगिता उम्र 7 वर्ष पुत्री नीरज आधुनिक इंटर कॉलेज भिटरिया में पढ़ती थी। जिनको सुबह नीरज अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर स्कूल छोड़ने जा रहे थे।तभी ब्लॉक के सामने पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें पीछे बैठी दोनों बच्चियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे नीरज भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। हालत गंभीर होने के कारण जहां से उसे चिकित्सा विश्वविद्यालय के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रॉमा सेंटर में इलाज मिल पाता है इसके पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लिया। शवों को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**फतेहपुर बाराबंकी।** रात में कैटरिंग का काम कर घर लौट रहे बाइक सवार कैटर्स को किसी वाहन चालक ने ठोकर मार दी। इस हादसे में कैटर्स व उसका साथी घायल हो गए थे। उसे सीएचसी फतेहपुर से जिला अस्पताल फिर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया था लेकिन परिजन उसे हिंद अस्पतल सफेदाबाद ले गए। इसमें एक युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार देवा थाना के ढर्रेपुर मजरे सालेहनगर निवासी मुलायम यादव (25) पुत्र राम हरख कैटरिंग का काम करता है। गुरुवार को वह अपने गांव के ही साथी शिव बालक पुत्र राम सागर के साथ वह फतेहपुर क्षेत्र में एक विवाह समारोह में कैटरिंग का काम करने गया था।


# अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या

संदर्भ- 400/अ.वि.प्रा.-अयो./2023-24 दिनांकः 01/03/2024

## सामान्य-निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय-अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा ठेकेदारों (ओपन टू ऑल) से निम्नानुसार प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में अभियन्त्रण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सहित) | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अयोध्या अंतराष्ट्रीय हवाई पट्टी गेट नं.-3 से सावित्री हास्पिटल के रोड किनारे दाहिने तरफ बने हुए मकानों की रंगाई-पुताई का कार्य। | 7,79964.41 | 15,600.00 | 1180.00 | 07.03.2024 | 07 दिवस |
| 02 | अयोध्या देवकाली ओवरब्रिज से महोबरा ओवरब्रिज रोड के किनारे दाहिने तरफ बने हुए मकानों की रंगाई-पुताई का कार्य। | 7,61,392.69 | 15,500.00 | 1,180.00 | 07.03.2024 | 07 दिवस |
| 03 | अयोध्या महोबरा ओवरब्रिज से बैकुण्ठ धाम केइ रोड के किनारे दाहिने तरफ बने हुए मकानों की रंगाई-पुताई का कार्य। | 8,19,962.45 | 16,500.00 | 1,180.00 | 07.03.2024 | 07 दिवस |
| 04 | अयोध्या सावित्री हास्पिटल से देवकाली ओवरब्रिज के रोड के किनारे दाहिने तरफ बने हुए मकानों की रंगाई-पुताई का कार्य। | 8,41,540.78 | 17,000.00 | 1,100.00 | 07.03.2024 | 07 दिवस |
| 05 | बंगला नं.-10 में नवनिर्मित गार्ड रूम/कैम्प कार्यालय के रंगाई-पुताई, टीन शेड एवं फर्श का कार्य। | 5,77,971.98 | 12,000.00 | 1,180.00 | 07.03.2024 | 07 दिवस |
| 06 | अयोध्या रेलवे स्टेशन के निकट श्री योगी यादव के मकान के सामने से मेन रोड महोबरा-मणिपवंत तक सड़क का सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 4,39,972.64 | 9,000.00 | 1,180.00 | 07.03.2024 | 07 दिवस |
| 07 | अयोध्या रेलवे स्टेशन के निकट बाग बिजेसी तिराहा से श्री योगी यादव के मकान तक सड़क का सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 7,63,378.26 | 15,500.00 | 1,180.00 | 07.03.2024 | 07 दिवस |
| 08 | अयोध्या रेलवे स्टेशन के निकट आयुर्वेदिक चिकित्सालय के सामने से श्री सत्य दूबे के मकान तक सड़क का सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 7,27,705.17 | 15,000.00 | 1,180.00 | 07.03.2024 | 07 दिवस |
| 09 | अयोध्या रेलवे स्टेशन के निकट श्री सत्य दूबे के मकान से बाग बिजेसी तिराहा तक सड़क का सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 8,27,826.33 | 17,000.00 | 1,180.00 | 07.03.2024 | 07 दिवस |
| 10 | अयोध्या में राजघाट पर कच्ची पार्किंग का निर्माण कार्य। | 3,42,599.49 | 7,000.00 | 1,180.00 | 07.03.2024 | 07 दिवस |
| 11 | अयोध्या विकास प्राधिकरण कार्यालय का रंगाई-पुताई का कार्य। | 4,40,920.45 | 9,000.00 | 1,180.00 | 07.03.2024 | 07 दिवस |

1. विस्तृत जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट www.ayodhya.in एवं etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

**अधि. अभि.**
**अयोध्या विकास प्राधिकरण**
**अयोध्या।**

## विश्व की सबसे बड़ी होम्योपैथी पुस्तक का विमोचन



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** 25 फरवरी को होम्यो फ्रेंड्स 19 में होम्योपैथिक साइंटिफिक सेमिनार और अवार्ड सेरेमनी का आयोजन उत्तराखंड के हरिद्वार के वानप्रस्थ आश्रम में किया गया। साइंटिफिक सेमिनार में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित सैकड़ो वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी वी सैकड़ो पुस्तकों के लेखक सिद्धार्थनगर उप्र के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर भास्कर शर्मा द्वारा लिखित होम्योपैथिक विश्व की सबसे बड़ी होम्योपैथी पुस्तक होम्योपैथिक एनसाइक्लोपीडिया होम्योपैथिक मैटेरिया मेडिका 2466 पेज का विमोचन उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर दिनेश चंद्र शास्त्री, पूर्व निदेशक होम्योपैथी उत्तर प्रदेश प्रोफेसर बीएन सिंह, डॉ मजूलेंद्र प्रताप सिंह जी ने विमोचन किया। अपार हर्ष की बात है कि भारत में पहली बार दुनिया के सबसे बड़ी होम्योपैथी मैटेरिया मेडिका जिसका नाम होम्योपैथी एनसाइक्लोपीडिया मैटेरिया मेडिका है यह पुस्तक अपने आप में कई खूबियां से परिपूर्ण है जैसे 1400 से अधिक औषधीय का संपूर्ण वर्णन जिसमें भारत एशिया तथा यूरोप के ऐसे दुर्लभ औषधीय का भी संकलन किया गया है जिसमें प्रत्येक औषधि का रासायनिक गुणसूत्र के साथ एनाटॉमी फिजियोलॉजी पैथोलॉजी बेस्ड गाइडिंग सिंपटम के साथ विस्तृत वर्णन बहुत ही रोचक तथ्यों के साथ किया गया है।

## मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का जिलाध्यक्ष बने राम अवतार

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं



पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा द्वारा प्रेषित पत्र के माध्यम से राम अवतार यादव को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का जिलाध्यक्ष पद पर नामित किया गया है। राम अवतार यादव को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं।

## समाजवादी युव. स. का प्रदेश सचिव बने सत्यनारायण

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी द्वारा डुमरियागंज विधानसभा के धोबहा एहतमाली गांव के सत्यनारायण यादव को प्रदेश कार्यकारिणी समाजवादी युवजन सभा में प्रदेश सचिव नामित किया गया है। उनके मनोनयन कर पार्टी ने उनको दिशा निर्देशित कर बताया हैं कि समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने



तथा संगठन को और अधिक बल और गतिशीलता प्रदान करेंगे। यह मनोनयन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुमति और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के दिशा निर्देश पर किया गया है। सत्यनारायण यादव के समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किए जाने पर सिद्धार्थनगर जिले के रामकुमार उर्फ चिन्कू यादव, अवधेश सिंह, पप्पू पान्डेय, रघुनंदन पांडे, अज्जू सिंह, दिवाकर यादव, अनवर, अखिलेश यादव, वजीर हसन सही तमाम लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नुक्कड़ सभा करके डायल 112 की दी जानकारी



**पथरा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय क्षेत्र के सेहरी बुजुर्ग एसबीआई बैंक के सामने शुक्रवार को आर सनातन मंच सिद्धार्थ नगर की टीम ने नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीम के कलाकारों ने नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए यह नारा दिया 112 बुलाएं समस्या हल हो जाये लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि 112 डायल करने पर लोगों को तत्काल पुलिस सहायता मिल जाती है लोग किसी भी परेशानी में हो तो तत्काल 112 डायल कर अपनी समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। डायल 112 सेवा 24 घंटे तत्पर है। इस सेवा का जरुरत पड़ने पर प्रयोग करें। अगर किसी की तबियत खराब होने पर एम्बुलेंस को फोन नं लगे तो उस दशा में डायल 112 की सेवा ले सकते हैं। इस दौरान नाटक टीम के लीडर अवनीश पाण्डेय बिष्णु यादव दीपक कुमार खुशी मिश्रा प्रियंका गौड़ व डायल 112 के पुलिस कर्मी नगेन्द्र यादव अन्ना यादव अमित चौहान दिलिप यादव सुरेंद्र यादव के अलावा क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## पर्यटन विभाग से स्वीकृति हुए 164.98 लाख

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के



उद्देश्य से जनपद अंबेडकर नगर के विकासखंड टांडा में महादेव घाट के पर्यटन विकास कार्य हेतु उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा 167.39 लाख का आगणन वित्तीय वर्ष 2023- 24 में भेजा गया था। इस संबंध में कार्यदायी संस्था नामित करते हुए अप्रेजल समिति द्वारा 164.98 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रथम किस्त के रूप में 125 लाख रुपए अवमुक्त किए गए। अवगत कराना है कि जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अभिनव प्रयास से जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है।

## ताला तोड़कर चोरो ने मोटर पर हाथ साफ़ किया

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मालीपुर थाना अंतर्गत दिव्या लघु माध्यमिक विद्यालय गानेपुर पटौहा में बुधवार की रात्रि चोरों ने बाथरूम का ताला तोड़कर उसमें लगे किर्लोस्कर के मोटर एवं हैंड पंप समेत अन्य सामान उठा ले गए घटना की सूचना प्रधानाचार्य अनुराग त्रिपाठी को गुरुवार को सुबह स्कूल खुलने के बाद हुई प्रधानाचार्य ने घटना की तहरीर थाना अध्यक्ष मालीपुर को दिया। थाना अध्यक्ष प्रियंका पांडे ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## गैंगस्टर के आरोपी को भेजा जेल



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले के थाना कटका प्रभारी यादवेन्द्र सोनकर ने गैंगस्टर के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो अजीज पुत्र इद्रीश निवासी बनपुरवा भियांव थाना कटका के रूप में हुई। बताया गया कि कटका थानाध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इस दौरान जब वे रफीगंज पुलिस चौकी पहुंचे और उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह के साथ बाजार भ्रमण कर रहे थे तभी उन्हें उक्त अभियुक्त रफीगंज नहर पुलिया पर खड़ा मिला। पुलिस का कहना है कि अपनी तरफ आते देख आरोपी घबरा कर भागना चाहा लेकिन घेराबंदी कर पुलिस ने उसे हिरासत मे लिया।

# मतदाता जागरूकता अभियान का हिस्सा बने लोग : मृत्युंजय कुमार

- जन जागरूकता अभियान चलाने का का कार्य कर रहा है डेमोक्रेटिक फोरम : बीडी नकवी
- लोकतंत्र को मजबूत बनाने में नागरिक समाज की भूमिका विषय पर आयोजित हुई गोष्ठी

**अवधनामा संवाददाता**




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज नगर पंचायत के बनगवा बरई स्थित खैर टेक्निकल स्कूल के सामने एक निजी हाल में उत्तर प्रदेश डेमोक्रेटिक फोरम के तत्वाधान में लोकतंत्र को मजबूत बनाने में नागरिक समाज की भूमिका विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन बृहस्पतिवार की रात किया गया। जिसमें मौजूद वक्ताओं ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने पर बल दिया।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए रिटायर्ड जज बीडी नकवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश डेमोक्रेटिक फोरम लोकतांत्रिक समानता, स्वतंत्रता, बहुलवाद पर आधारित समावेशी विकास की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है। यह मंच जन जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरुक कर रहा है। जिससे वोटो का प्रतिशत बढ़े और लोग अपने अधिकारों को समझें। इस मौके पर गोष्ठी को संबोधित करते हुए जमियत अहले हदीस उप्र के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन मदनी ने कहा कि यह मंच समान विचारधारा वाले संगठनों और सार्वजनिक मुद्दों पर आधारित मंचों के साथ सहयोग करके अपनी कार्य क्षमता बढ़ाने का कार्य कर रहा है। यह मंच किसानों, युवाओं, मजदूरो, व्यापारियों, कर्मचारियो, महिलाओं, आदिवासियों व अल्पसंख्यकों को न्याय दिलाने का भी कार्य कर रहा है। इस मौके पर लोकनीति फाउंडेशन के सचिव मृत्युंजय कुमार राय ने कहा कि देश के बेहतर निर्माण और विकास में एक कदम आगे बढ़ते हुए मतदान अवश्य करें।

फोरम का उद्देश्य शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, वैचारिक और सास्कृतिक मुद्दो को लेकर अपनी आवाज उठा रहा है। सभी लोग एकता व भाईचारगी का परिचय दें। विचार गोष्ठी को रफीकुजमा, मोहम्मद अहमद आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन फोरम के कोऑर्डिनेटर मोहम्मद राफे एडवोकेट ने किया। इस मौके पर डॉ आरिफ, मुख्तार अहमद, मोहम्मद शफी एडवोकेट, मोहम्मद नसीम, अशरफ, मास्टर सलाउद्दीन, ओवैदुल्लाह फैजी, समीम आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## पैरा ओलम्पिक एसोसिएशन सिद्धार्थनगर की प्रथम बैठक सम्पन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को पैरा ओलम्पिक एसोसिएशन सिद्धार्थनगर की बैठक जिला अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान कार्यकारिणी के गठन को लेकर चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पैरा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार प्रजापति ने कहा कि जनपद के सभी दिव्यांग खिलाड़ियों को सूचीबद्ध कर पैरा ओलम्पिक संघ के बैनर के तले उनको सम्मानित करते हुए उनको खेलने का अवसर प्रदान किया जाएगा। जनपद में दिव्यांग खिलाड़ियों को एक अच्छा अवसर प्रदान करने के लिए एक अच्छे कार्यकारिणी का गठन किया जाए इस पर भी विधिवत चर्चा की गई। जिला क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री ने कहा कि जनपद में पैरा ओलंपिक संघ का गठन से दिव्यांग खिलाड़ियों में एक उत्साह का संचार होगा और हम स्पोर्ट्स स्टेडियम में समय-समय पर दिव्यांग खिलाड़ियों को संघ के माध्यम से बुलाकर खेल का आयोजन भी करते रहेंगे। बैठक में जिला क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री, जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सन्तोष श्रीवास्तव, पैरा ओलम्पिक एसोसिएशन जिला अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार प्रजापति, अनिल जायसवाल, डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी, डीसी बालिका सुरेन्द्र श्रीवास्तव, जीशान खलील, अश्वनी मिश्रा, उपेन्द्र उपाध्याय, रवि कुमार, विनोद मिश्रा, राज कुमार यादव, रविन्द्र गुर्जर, सुनील पाल, कमलेन्द्र चौधरी, सुमन सिंह की मौजूदगी रही।

## कार्यकर्ताओं का सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात : जगदंबिका पाल



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बल पर केंद्र में तीसरी बार 400 के पार और एक बार फिर नरेंद्र मोदी की सरकार नारों को त्यागी तपस्वी राष्ट्रवादी कार्यकर्ता करेगा साकार। कार्यकर्ताओं का सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात ईश्वर यह अवसर मुझे बार बार दें यही ईश्वर से प्रार्थना है। उक्त विचार सांसद जगदम्बिका पाल ने तिलौली मंडल में आयोजित बूथ अध्यक्षों के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त की। जगदम्बिका पाल ने कहा की भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए सदैव कार्य करता है। नरेंद्र मोदी की सरकार को लाने में कार्यकर्ताओं ने तन मन धन सब एक कर दिया था तब कांग्रेस मुक्त भारत बन सका। जगदम्बिका पाल ने कहा की कार्यकर्ताओं का सम्मान हमारे लिए ऐतिहासिक पल है भारत विकसित हो विकसित भारत हो कार्यकर्ताओं का योगदान अतुलनीय है संगठन के हर कार्यो को गाँवों तक आम जन मानस के बीच प्रचारित कर पुनः नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री देखना चाहता है कार्यकर्ता सम्मान समारोह को विधानसभा संयोजक दिलीप चतुर्वेदी, जिला पंचायत प्रतिनिधि जयंत्री मिश्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम किंकर मिश्र, वरिष्ठ समाजसेवी ध्रुव त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष रविन्द्र चौरसिया, चंद्रिका मिश्र ने सम्बोधित किया।

## भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लेखा जोखा लेकर प्रत्येक लाभार्थी के घर पर दस्तक देंगे भाजपाई

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने केंद्र की मोदी और राज्य की योगी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से घर-घर जा कर संपर्क साधने की कवायद शुरू कर दी है। मोदी - योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या करोड़ों में है। जिन्हे फोकस करके भाजपा ने लाभार्थी संपर्क अभियान की शुरुआत की है। भाजपा किमो जिला महामंत्री अमृत कुमार वर्मा बताया कि लाभार्थियों की सूची कार्यकर्ताओ को उपलब्ध करा दी गई है, जिससे हम आसानी से लाभार्थियों से संपर्क कर सकेंगे। इसके लिए सरल एप्प पर लाभार्थियों से सम्पर्क की रिपोर्टिंग भी कर सकते है।

सांसद विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता सम्पर्क करके लाभार्थियों के घर पर लाभार्थियों की समृद्धि, मोदी की गारंटी का स्टीकर का चिपकाएंगे और मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पत्रक सौंपेंगे। प्रत्येक लाभार्थी से सम्पर्क के दौरान 9638002024 पर मिस्डकाल कराकर पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। हम जितने लाभार्थियों से मिलेंगे पार्टी उतनी ही मजबूत होगी और पिछले चुनाव से ज्यादा इस बार मत पाने में सफल होंगे।

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने नयकापार में लाभार्थियों से सम्पर्क करके लाभार्थी संपर्क अभियान का शुभारम्भ किया। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ पार्टी के कार्यकर्ता सम्पर्क करेंगे। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने दुबौलिया के नयकापार बूथ पर लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत डबल इंजन की भाजपा सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से भेंट की व केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित पत्रक वितरित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि पिछले दिनों घर-घर जाकर महासंपर्क का अभियान चलाया गया। अब 1 से 5 मार्च तक लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता लाभार्थी के घर जाएंगे और उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे। कहा कि भाजपा सरकार की किसी न किसी योजना से हर व्यक्ति लाभान्वित है।

## पीडीए जन पंचायत का आयोजन

**कुदरहा, बस्ती।** ब्लाक मुख्यालय के सामने समाजवादी पार्टी द्वारा शुक्रवार को पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामप्रसाद चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहां कि डबल इंजन की सरकार जनता को छलने का कार्य कर रही है। सबका साथ सबका विकास का नारा सिर्फ जुमला बन कर रह गया है। मुफ्त रसोई गैस का वादा झूठा है। पहले गैस सिलेंडर 380 रुपये मे मिलता था जिसे एक हजार रुपये कर दिया। आम आदमी के उपभोग की सभी सामान का दाम आसमान छू रहा है। सदर विधायक महेंद्र यादव ने कहा कि युवाओं को रोजगार के नाम पर ठेंगा दिखा रही है। रोजगार के लिए युवा वर्ग को भटकना पड़ रहा है। जनता जुमलेबाजी समझ गयी है। अब बहकावे मे आने वाली नही है। कप्तानगंज विधायक अतुल चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार भोलीभाली जनता को झूठे वादों मे फसा लिया थो। जो अब फसने वाले नही है। यह वर्ग विशेष की सरकार है।

## बढ़नी समवाय में क्रॉस बॉर्डर समन्वय बैठक

**अवधनामा संवाददाता**




**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** भारत नेपाल सीमा पर मानव दुर्व्यापार रोकने के लिए दोनों देशों की सीमा सुरक्षा एजेंसियों के अतिरिक्त ह्यूमन ट्रैफ़िकिंग रोकने के लिए बॉर्डर के दोनों तरफ़ कार्यरत एन जी ओ के बीच में बेहतर समन्वय एवं सूचनाओं का तत्काल आदान प्रदान ज़रूरी है।

उक्त बातें बढ़नी समवाय में क्रॉस बॉर्डर समन्वय बैठक में सशस्त्र सीमा बल की 50वी वाहिनी के सहायक कमांडेंट दिनेश कुमार ने कही। बैठक का आयोजन सशस्त्र सीमा बल एवं प्लान इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। बैठक के दौरान नेपाल बॉर्डर पर कार्यरत किन नेपाल की प्रतिनिधि भरोसा खतीबड़ा ने बताया कि पिछले तीन महीनों में उन्होंने बॉर्डर पर मानव दुर्व्यापार के 38 संदिग्ध मामलों को रोका जिनमें से 28 नाबालिग लड़कियां थी और इनमें से भी अधिकतर सोशल मीडिया फ़ेसबुक आदि के माध्यम से ट्रैफ़िकर से संपर्क में आई थीं जो प्रेमजाल में फँसाकर उन्हें शादी का झाँसा देकर भारत में बुला रहे थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य विजय कुमार वर्मा ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों के बेहतर समन्वय से सीमा पर ह्यूमन ट्रैफिंग को रोकने में काफी सफलता मिली है। ह्यूमन ट्रैफिंग रोकने के लिए सीमा क्षेत्र में समय समय पर एसएसबी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो काफी हद तक कारगर साबित हुआ है। प्लान इंडिया के सिद्धार्थनगर ज़िला समन्वयक प्रसून कुमार ने बताया कि भारत नेपाल बॉर्डर से लगी बढ़नी एवं शोहरतगढ़ की 25 पंचायतों में मानव दुर्व्यापार रोकने एवं बाल संरक्षण के लिए सघन रूप से कार्य किया जा रहा है।

इन दोनों प्रखण्डों के 700 से अधिक परिवारों को सरकारद्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से जोड़ने में मदद की गई है। इन 25 पंचायतों की अति ग़रीब परिवारों की 35 युवा महिलाओं को एक माह का सघन सिलाई का प्रशिक्षण देकर सिलाई मशीनें एवं स्टार्ट अप किट दी गई हैं। ये सभी युवा महिलायें अब अपना व्यवसाय शुरू कर 4 से 5 हज़ार प्रति माह कमा रही हैं। मानव दुर्व्यपार रोकने के लिए प्लान इंडिया द्वारा जागरूकता हेतु बॉर्डर पर ही हेल्पलाइन नंबर से संबंधित डिस्प्ले हिन्दी एवं नेपाली भाषा में लगाये गये हैं। क्रॉस बॉर्डर समन्वय बैठक में प्लान इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर उमेश कुमार गुप्ता, नेपाल पुलिस के सब इन्सपेक्टर दामोदर दाँगी, नेपाल पुलिस के टीकाराम रावल, पी आर सी नेपाल से सुमित्रा भंडारी, गांधी आदर्श इण्टर कॉलेज के प्राध्यापक विजय कुमार वर्मा, आशीष नेपाल की सविता बी के, सशस्त्र सीमा बल के इंस्पेक्टर भूपेन्द्र, साना हात नेपाल से भीमा परिहार, उत्तर प्रदेश पुलिस के कांस्टेबल राकेश कुमार एवं प्लान इंडिया के समग्र बाल विकास मित्र विजय शंकर यादव, काजल श्रीवास्तव एवं शिवानंदन आदि उपस्थित थे।

## एडीएम की अध्यक्षता में व्यय अनुवीक्षण समिति से संबधित का हुआ प्रशिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के क्रम में शुक्रवार को व्यय अनुवीक्षण समिति से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा नीलोत्तम चौबे, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी आमोद शंकर शुक्ल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में इलेक्शन सीजर मैनेजमेन्ट सिस्टम (ई.एस.एम.एस.) के बारे में जानकारी दी गयी तथा सीविजिल एप के माध्यम से जन शिकायतो के निस्तारण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। आदर्श चुनाव आचार संहिता के शुचितापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु गठित विभिन्न टीमो एफ.एस.टी./एस.एस.टी./वी.एस.टी. को अधिसूचना की अवधि में पालन किये जाने हेतु निर्देश दिया गया। एफ.एस.टी. टीमे अधिसूचना जारी होने के बाद कार्य करेगी तथा एस.एस.टी. टीमे जनपद स्तर पर अधिसूचना जारी होने के बाद प्रभावी होगी। सीविजिल एप पर चुनाव से संबधित कोई भी नागरिक शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत का निस्तारण 100 मिनट के अन्दर करना होगा। सभी टीम द्वारा अपने मोबाइल का लोकेशन आन रखेगे तथा सक्रिय रहकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्य करेगी। इलेक्शन सीजर मैनेजमेन्ट सिस्टम (ई.एस.एम.एस.) के माध्यम से निर्वाचन प्रभावित करने वाली सामग्री, पैसा, साड़ी, शराब आदि सीज किया जायेगा। सीज करने की कार्यवाही इलेक्शन सीजर मैनेजमेन्ट सिस्टम (ई.एस.एम.एस.) के माध्यम से किया जायेगा। इस अवसर पर जिला बचत अधिकारी अजय कुमार गुप्ता, अपर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता अभिषेक पाल की अध्यक्षता में बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह का आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा नेता अभिषेक पाल द्वारा आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह के क्रम में शुक्रवार को कपिलवस्तु विधानसभा के सेमरा हुसेन बक्स में मंडल अध्यक्ष जगदीश जायसवाल की अध्यक्षता में बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिषेक पाल ने कहा कि आप लोगों की जिम्मदारियो के बाल पर ही इस बार प्रधानमंत्री जी ने सदन में कहा है कि अबकी बार 400 पार। बैठक सम्मान समारोह में बूथ अध्यक्षों का जिक्र करते हुए कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत के क्रम में इस बार आप लोग इतना मेहनत करे की हर बूथ पर केवल कमल दिखे। अभिषेक पाल ने कहा की हमेशा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कहते है मेरा बूथ सबसे मजबूत बूथ जीतो चुनाव जीतो यह सब सारी जिम्मेदारी बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के ऊपर ही होती है और मेरा बूथ अध्यक्ष बूथ की मजबूत कड़ी है। अभिषेक पाल ने मंडल अध्यक्ष सहित मंडल के सभी पदाधिकारी तथा सभी बूथ अध्यक्ष को कंबल देकर सम्मान किया। सेमरा हुसैन में रामदेव गुप्ता दूखीराम लोधी विपत लोधी सभासद राजाराम सभासद सतीश रस्तोगी ग्राम प्रधान महारिया हनुमान तथा दूसरे कार्यक्रम करौदां मसीना के में दुर्गेश श्रीवास्तव धर्मेंद्र कुमार गौड़ गणेश लोधी रेखा गुप्ता रवि जायसवाल राहुल तिवारी अजय पाल विजय गौड़ मुरारी सिंह दिलीप सिंह रिंकू पाल मनोज बाबा सबलू साहनी सहित सभी बूथ अध्यक्ष गण पदाधिकारी, तथा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## पोखरे पर अवैध कब्ज़ा करने की शिकायत एसडीएम से

**अवधनामा संवाददाता**




**अंबेडकरनगर।** जलालपुर तहसील क्षेत्र में स्थित नारीपुर मेहनाजपुर में पोखरे पर हुए अवैध अतिक्रमण और अवैध कब्जे की शिकायत को लेकर विहिप के नेतृत्व में हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा। विहिप के श्याम बाबू गुप्ता, विकास मौर्य व हृदयमण मिश्रा ने बताया कि 1301फ0वर्ष व 1346फ0वर्ष उर्दू बन्दोस्त पुरानी गाटा सं0 826 रकबा 13बीघा 5 विस्वा 4 घुर नई गाटा सं0 515क व ख तालाव/पोखरा अति प्राचीन मंदिर प्राण नारीपुर मेहनाजपुर तहसील जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर से अतिक्रमण हटाये जाने के संबन्ध में 25 फरवरी को विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल, धर्म जागरण मंच, विश्व हिन्दू महासंघ,हिन्दू धर्म रक्षा समिति, हिन्दू जागरण मंच समन्वय बैठक अम्बेडकर नगर मुख्यालय पर हुई। जिसमें सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि ग्राम नारीपुर मेहनाजपुर तहसील जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर में स्थित लगभग ढाई सौ वर्ष पुराने शिव मंदिर को दीवाल से घेर कर चन्द किरन उपाध्याय पुत्री राममूरत उपाध्याय द्वारा विधि विरुद्ध ढंग से कब्जा कर लिया गया है और उसमें ताला बन्द करके सभी क्षेत्रवासी को गत वर्ष से महा शिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासी/शिवभक्त पूजा अर्चना नहीं कर पा रहे है तथा वहाँ प्राचीन कुआं व तालाब पाट दिया गया है।वर्ष 1301फसली व 1346फसली में तालाब रकबा 13 बीघा 5 विस्वा 4धुर अभिलेख में पुरानी गाटा सं.826 दर्ज है। विपक्षी चन्दकिरन द्वारा कुछ गुण्डे व माफियाओं के बल पर एग्रीमेन्ट करके फर्जी खतौनी के आधार पर तालाब को पाट दिया गया एवं तालाब के भूमि का विकय किया जा रहा है।उक्त प्रकरण के संबन्ध में 11 जनवरी व 2 फरवरी 2024 को जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर को खतौनी के कागजात सहित पत्र दिया गया लेकिन जलालपुर तहसील के उपजिलाधिकारी व बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अम्बेडकरनगर द्वारा भ्रामक आख्या देकर गुमराह किया गया है एवं गलत रिपोर्ट देकर मामले का निस्तारण कर दिया गया।जबकि तालाब खाते की भूमि को किसी भी परिवर्तन का माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अवैध घोषित कर दिया गया है। पुरानी गाटा सं0 826/1 सन् 1301 फसली व सन् 1346फसली वर्ष रकबा 13बीघा 5 विस्वा 4 घुर को पुनः तालाब खाते में दर्ज करने एवं अति प्राचीन शिव मंदिर हुए अतिक्रमण को हटवाये जाने के लिए माँग किया गया है। अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता ने एक तीन सदस्सीय टीम का गठन किया है जिसमें उपजिलाधिकारी जलालपुर, सीओ चकबंदी व नायब तहसीलदार को एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट देने को आदेशित किया है।जिसमें प्रमुख रूप से श्यामबाबू गुप्ता सत्संग प्रमुख अवध प्रान्त, हृदयमणि मिश्रा उपप्रमुख विश्व हिन्दू परिषद, विकास मौर्य जिला महामंत्री विश्व हिन्दू परिषद, हनुमन्त सिंह जिलाध्यक्ष हिन्दू जागरण मंच, प्रहलाद विश्वकर्मा जिला संयोजक बजरंगदल, आलोक चौरसिया, लक्ष्मी तिवारी, राजेश दुबे आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस खुद पर अफसोस करे

कांग्रेस खुद पर अफसोस या गुस्सा करे, अहंकार की दौलत में बिक रहा जमाना। जाहिर है हिमाचल से राज्यसभा की यात्रा ने एक सरकार के वजूद को छील दिया और इस छिछालेदर में सारी खुन्नस निकल गई। राजनीति अपनी बस्ती नहीं चुन सकती, तो अपनी ही अस्थि उठानी पड़ेगी, वरना भाजपा के कुल 25 विधायकों के सामने कांग्रेस के चालीस इतने सक्षम थे कि अभिषेक मनु सिंघवी यहां से राज्यसभा का तिलक लगाकर लौटते, मगर लुटिया डूबी जहां आशाएं तैर रही थीं। इस गिनती पर कौन भरोसा करे जिसने भाजपा के हर्ष में अपनी तौहीन कबूल की। आश्चर्य यह कि जिस अकड़ से सत्ता चल रही थी, उसकी हड्डी पसली एक कर दी, लेकिन आत्मबोध का आचरण खुद को साबित नहीं कर सका। सुलगती सूलियों को तिनके समझकर, कांग्रेस ने अपने ही हाथों को जलाया इस कद्र। ऐसे में भाजपा का जीतना जनादेश की गवाही नहीं, लेकिन कांग्रेस का हारना जगहंसाई जरूर है। कौनसा शिखर और कौनसी तोपें थीं इस दुर्ग की, कयामत घर से निकली और सारे गुरूर को जला गई। ऐसे में गलत कौन? जनता जिसने कांग्रेस को सत्ता सौंपी या व जो बागी हो गए। क्यों न इस सल्तनत को दोषी मानें जो हिमाचल में निरंकुश और दिल्ली में अंधी थी। कब कांग्रेस अपनी हैसियत से 'आलाकमान' की हेकड़ी से बाहर नेतृत्व का कौशल दिखा पाएगी। यहां वह नेतृत्व भी हारा जिसने हिमाचल में सुक्खू सरकार का मौजूदा आकार बनाया और वह सत्ता भी हारी जिसने यारों का सहारा बनाया। एक एक करके गिनेंगे तो कितने कैबिनेट रैंक बिखर गए और बिखरा वह असंतुलन जो हिमाचल में कांग्रेस को संगठित नहीं कर पाया। आश्चर्य यह कि मुख्यमंत्री के गृह जिला से तीन विधायकों ने बगावत की, तो अपनी ही पार्टी को हराने में सुधीर शर्मा व राजिंद्र राणा ने शहादत दी। एक आसान सी जीत में अगर सुक्खू सरकार फिसल गई, तो सरकार के असंतुलन ही खा गए सरकार को। 'चादर फट गई पांव में नाखून बढ़े थे, शहनशाह की किस्ती में छेद बड़े थे।' अब एक बदसूरत तस्वीर में कांग्रेस का तामझाम और दिल्ली का दरबार खुद को होश में लाने के लिए प्रयासरत है। चोट खाने के बाद दिल का हाल पूछा जा रहा है, अपनी नब्ज को दूसरे हाथ में देकर मापा जा रहा है। यानी छह विधायक छंट गए, विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद छोड़ दिया और कितने सबूत चाहिएं कि आग किस कद्र लगी है।

कांग्रेस को खुद पर भरोसा कब होगा। हिमाचल में सरकार का गठन जिस तरह हुआ, उसमें नालायकी, अहंकार, टकराव और उपेक्षा थी। फैसलों की फेहरिस्त में अपने ही विधायकों के अपमान अगर जुड़ रहे थे, तो कहीं बंदूक के साये सत्ता को अपने नशे की हिफाजत की चिंता थी। पहले मंत्रिमंडल के आकार में और फिर इसके प्रकार में कान ही तो पकड़े गए। जिस कांगड़ा ने दस विधायक दिए, उसका सबसे क्षमतावान चेहरा इतना मजबूर किया कि वह आज सरकार के विरुद्ध तलवार बन गया। मंत्रियों को मजदूर और गैर विधायकों को अंगूर खिलाकर आत्मसंतुष्टि तो हो सकती है, लेकिन सरकारें यूं नहीं चलतीं। आश्चर्य यह कि सरकार के बीच खड़े राजिंद्र राणा, सुधीर शर्मा व तमाम विक्षुब्ध विधायकों की न कोई सुन रहा था और न ही सुनना चाहता था। बहरहाल कांग्रेस 'आलाकमान' को इतना होश तो आया कि पर्यवेक्षक शिमला की गलियों में अपनी ही सरकार को ढूंढ रहे हैं। जनता ने तश्तरी पर सौंपी थी जो सत्ता, आज उसकी लाज बचाने के लाले पड़े हैं। इस दृश्य में भाजपा थी ही नहीं, लेकिन उसे अगर सियासी धाम परोसी गई, तो कांग्रेस को अब जनता क्यों अपना नसीब सौंपे। जिन्हें इंतकाम लेना था, ले लिया। जिन्होंने अहंकार में चूर होकर जितनी सरकार चलानी थी, चला ली, लेकिन बहुत कुछ खोना पड़ा हिमाचल को। पहली बार अस्थिरता के दामन में हिमाचल का लोकतांत्रिक विश्वास चकनाचूर हो रहा है। यह वह प्रदेश है जो तीसरी शक्ति को हमेशा पटकनी देता रहा ताकि कांग्रेस बनाम भाजपा के बीच सियासी तासीर सुदृढ़ हो, लेकिन यहां तो यह भ्रम भी टूट गया। सरकार चलाने और बचाने की जिम्मेदारी जिस शख्स के कंधों पर थी, उसने अपने पहले इम्तिहान में ही गठरी खोल दी। कल सरकार का क्या होगा। कांग्रेस इसे बचा भी ले, आगामी लोकसभा चुनाव की दहलीज पर पार्टी को फिसलना पड़ सकता है।

## प्रधानमंत्री जिसे भाग्य ने ठगा मगर था वह अद्भुत, लासानी

**के. विक्रम राव**

अंकगणितीय तरीके से मोरारजीभाई देसाई केवल एक चौथाई बार ही वर्षगांठ मना पाए। वे 29 फरवरी 1896 को जन्मे थे। यह तारीख चार साल बाद ही आती है। कल पड़ी थी। वे अपना शताब्दी वर्ष भी नहीं मना पाए। उनका निधन हुआ जब वह 99 वर्ष के थे। इतिहास याद रखेगा कि यदि आज भारत में सोचने और कहने की आजादी बची रही तो मोरारजीभाई के जेलवास और संघर्ष के परिणाम से। मुझे गर्व है उनकी तरह कारागार यात्रा में छोटी सी भूमिका मुझ जैसे की भी रही।

भारतीय राजनेताओं और इतिहासकारों ने उन्हें भुला दिया, हालांकि मोरारजीभाई निष्ठावान गांधीवादी रहे। निर्भय थे। सिखाया भी डरो मत। उनके साथ क्या हुआ? जब किरायेदार मोरारजी देसाई को उनके मकान मालिक ने उनके मुम्बई वाले फ्लैट से बेदखल कर दिया था तब देशवासियों ने जाना कि इस पूर्व प्रधान मंत्री का कोई निजी घर कभी नही रहा। सर्वोच्च न्यायालय तक तीन दशको से मुकदमा वे लड़े मगर हार गये। मेरीन ड्राइव स्थित ओसियाना बिल्डिंग का फ्लैट खाली कर दिया । बेघर हो गये। भला हो कांग्रेसी मुख्य मंत्री शरद पवार का जिन्होने इस प्रथम गैरकांग्रेसी प्रधानमंत्री को रेन्ट कन्ट्रोल के तहत मानवतावश एक सामान्य आवास आवंटित किया। अविभाजित बम्बई राज्य के 1952 से मुख्यमंत्री और 1937 में बालासाहब खेर की काबीना के मंत्री रहकर भी मोरारजी देसाई ने मुम्बई में अपना कोई भी मकान नही बनवाया। पांच वर्षो तक ब्रिटिश जेल में रहे, गांधीवादी सादगी के लिए विख्यात मोरारजी देसाई के खिलाफ कुछ लोगों, खासकर सोशलिस्टों तथा कम्युनिस्टों ने, दूषित प्रचार किया था कि वे अमीर और पूँजीपतियों के हितैषी थे। अमरीका के समर्थक रहे। हालांकि कई वर्षो बाद उनके यही आलोचक जयप्रकाश नारायण, चन्द्रशेखर, मधुलिमये, जार्ज फर्नीण्डिस आदि को एहसास हुआ कि वे सब भ्रमित थे। अतः जनता पार्टी के साथ आये। मार्क्सवादी कम्यनिस्ट एके गोपालन और ज्योतिर्मय बसु ने मोरारजी देसाई की सरकार का समर्थन किया था। वित मंत्री के रुप में मोरारजी देसाई ने तो पारदर्शिता की मिसाल कायम की। जवाहरलाल नेहरु ने अपनी किताबो पर ब्रिटिश प्रकाशकों द्वारा प्रदत्त रायलटी की राशि लन्दन के बैंक में जमा करा दी थी। पता चलने पर मोरारजी देसाई ने प्रधान मंत्री को आगाह किया कि इससे विदेशी मुद्रा कानून का उल्लंघन होता है जिसके अंजाम में कारागार और जुर्माना हो सकता है। तिलमिलाये नेहरु लन्दन से दिल्ली अपना बैंक खाता ले आये। इन्दिरा गाँधी ने अपने दोनो पुत्रों राजीव और संजय को शिक्षा हेतु इंग्लैण्ड भेजना चाहा तो वित्त मंत्री ने कहा कि इन दोनो किशोरों की बुनियादी अर्हता इतनी नहीं है कि वे उच्चतर शिक्षा हेतु विदेशी मुद्रा प्राप्त कर सकें। मोरारजी देसाई ने एक नियम बनाया था कि प्राकृतिक आपदा अथवा दुर्घटना के समय प्रधानमंत्री उस स्थल की यात्रा नही करेंगे। उनका तर्क था कि यात्रा करने से पीडित जन हेतु राहत कार्य के बजाय प्रशासन विशिष्ट अतिथि के आवभगत में लग जाते है। उनके एक कानूनी प्रयास पर भी नजर डालें। बम्बई के गृहमंत्री मोरारजी देसाई ने कहा कि बहुपत्नी प्रथा का अन्त कर दिया जाये।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

ंधी परिवार के गढ़ रहे अमेठी में 'वापस जाओ' नारे के साथ राहुल गांधी का स्वागत हुआ, यूपी में उनकी यात्रा में भीड़ नहीं जुटी सो अलग। ऊपर से राहुल गांधी के एक के बाद एक विवादित बयानों के कारण कॉन्ग्रेस को लेकर नकारात्मक माहौल ही बना। उन्होंने अभिनेत्री ऐश्वर्या राय को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। साथ ही काशी के युवकों को शराबी व नशेड़ी बता दिया। वहीं राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चैधरी की नजदीकी एनडीए से बढ़ गई है। बीते कई दिनों से उनके बीजेपी के साथ जाने की अटकलें थीं। चैधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार की ओर से भारत रत्न की घोषणा के बाद से ये तय माना जा रहा था कि जयंत चैधरी इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ देंगे और एनडीए के साथ चले जाएंगे।

# राहुल की यात्रा : आगे पाट, पीछे सपाट

राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। बीती 4 जनवरी से पूर्वोत्तर के मणिपुर से शुरू हुई ये यात्रा महाराष्ट्र में जाकर खत्म होगी। यात्रा को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस में भले ही उत्साह हो, लेकिन आम जनमानस में यात्रा को लेकर कोई उत्साह नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के उद्देश्य को लेकर घोषणा कुछ भी की हो, लेकिन निश्चित तौर पर इस यात्रा का मकसद उन्हें



आशीष वशिष्ठ

राजनीतिक तौर पर स्थापित करना है। जहां तक नफरत का माहौल दूर करने की बात है, तो कांग्रेस या किसी भी राजनीतिक दल का परम उद्देश्य यही होना चाहिए। ये देश का मूल मुद्दा है, स्वस्थ समाज के लिए ये जरूरी है कि उसमें किसी भी तरह की नफरत, वैमनस्य, छुआछूत या घृणा ना हो। लेकिन राहुल गांधी यात्रा के दौरान ऐसी बयानबाजी कर देते हैं जो उनकी मोहब्बत की दुकान की नीति और नीयत को संदेह के कटघरे में खड़ा कर देता है।

जहां तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को जोड़ने का सवाल है तो कांग्रेस पार्टी या राहुल गांधी अभी तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को एकजुट करने में बहुत कामयाब नहीं हुए हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ-साथ कांग्रेस से बाहर निकलने वालों की बाढ़ आ गई है, खासकर दूसरी पीढ़ी के नेताओं की। 14 जनवरी को, जिस दिन यात्रा इंफाल से शुरू हुई, पूर्व करीबी सहयोगी मिलिंद देवड़ा शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट में चले गए। 25 जनवरी को यात्रा के असम से रवाना होने के बाद समर्थन बढ़ने की बजाय, दो महिला नेता- असम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव बिस्मिता गोगोई और राज्य युवा कांग्रेस की पूर्व प्रमुख अंगकिता दत्ता भाजपा में चली गईं। गोगोई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जिबकांत गोगोई की बहू हैं और दत्ता असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अंजन दत्ता की बेटी हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में षामिल हो चुके हैं। महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़ने को बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दो बार खुद लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बन चुके अशोक चव्हाण को राज्य के मराठवाडा क्षेत्र का बड़ा नेता माना जाता था। वहीं असम में कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजा गोस्वामी ने भी बीते दिनों पार्टी को अलविदा कह दिया है। कांग्रेस के सामने पार्टी से छिटक रहे नेताओं को रोकने के अलावा इंडिया गठबंधन से अलग हो रहे राजनीतिक दलों को रोकने की भी चुनौती है। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों के इंडी अलायंस गठबंधन को सबसे बड़ा झटका नीतीश कुमार ने दिया है। जेडीयू ने बिहार में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के टूटने के लिए कांग्रेस की हठ और अहंकार को जिम्मेदार ठहराया। जेडीयू ने कहा कि कांग्रेस नेता अपनी पार्टी को मजबूत करने में लगे थे, विपक्षी गठबंधन को नहीं। पश्चिम बंगाल में राहुल गांधी के पहुंचते ही तृणमूल कांग्रेस से गठबंधन टूट गया। बिहार में महागठबंधन की एक बड़ी रैली प्रस्तावित थी,



लेकिन यहां राहुल गांधी के पहुंचने से पहले ही नीतीश कुमार की जदयू ने पाला बदल लिया और भाजपा के साथ मिल कर सरकार बना ली। राजद विपक्ष में आ गई।

उत्तर प्रदेश में गांधी परिवार के गढ़ रहे अमेठी में 'वापस जाओ' नारे के साथ राहुल गांधी का स्वागत हुआ, यूपी में उनकी यात्रा में भीड़ नहीं जुटी सो अलग। ऊपर से राहुल गांधी के एक के बाद एक विवादित बयानों के कारण कॉन्ग्रेस को लेकर नकारात्मक माहौल ही बना। उन्होंने अभिनेत्री ऐश्वर्या राय को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। साथ ही काशी के युवकों को शराबी व नशेड़ी बता दिया। वहीं पष्चिमी उत्तर प्रदेष में राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चैधरी की नजदीकी एनडीए से बढ़ गई है। बीते कई दिनों से उनके बीजेपी के साथ जाने की अटकलें थीं। चैधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार की ओर से भारत रत्न की घोषणा के बाद से ये तय माना जा रहा था कि जयंत चैधरी इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ देंगे और एनडीए के साथ चले जाएंगे। जयंत चैधरी आने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के साथ खड़े दिखाई देंगे। चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका देते हुए अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के सामने कांग्रेस ने घुटने टेककर किसी तरह गठबंधन किया। ऐसे में न्याय यात्रा आगे पाट, पीछे सपाट की उक्ति को चरितार्थ कर रही है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि 2019 के बाद से भले ही कांग्रेस लगातार कमजोर होती जा रही थी, लेकिन पिछले साल मई में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी को कर्नाटक में हराकर उसने वापसी की उम्मीद जगाई थी। बीजेपी का विरोध करने वाली पार्टियां, भले ही वो कांग्रेस के मजबूत होने से सहमत नहीं थीं, लेकिन उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया। इसी से इंडी अलायंस बना। लेकिन कांग्रेस को लगा कि अगर वो छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जीत लेती है तो उसे और भी फायदा होगा। राजस्थान में हार के बावजूद भी अच्छी स्थिति रहने से कांग्रेस वापस आ गई का नारा और मजबूत होता और इसका इस्तेमाल सहयोगी दलों पर दबाव बनाने और अपनी कमजोरियों को दूर करने में मदद मिलती। लेकिन ये सोच गलत साबित हुई और कांग्रेस को एक सुनहरा मौका हाथ से निकल गया। राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद से 2019 में इस्तीफा दिया था। जबकि उनकी पार्टी को 543 सदस्यीय लोकसभा में महज 52 सीटें हासिल हुई थीं, जबकि बीजेपी को 303 सीटों पर जीत मिली थी। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के साथ सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाई है। महाराष्ट्र में भी कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी के बीच सीटों के बंटवारे पर गतिरोध नजर आ रहा। इंडिया गठबंधन में शामिल सीपीआई एम ने केरल की चार सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सीपीआई ने पार्टी महासचिव डी राजा की पत्नी और वरिष्ठ सीपीआई नेता एनी राजा को वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। वर्तमान में राहुल गांधी वायनाड से सांसद हैं। हालांकि, इंडिया गठबंधन की तरफ से अभी केरल में सीटों की शेयरिंग को लेकर अभी कोई समझौता सामने नहीं आया है। यही वजह है कि यूपी में समाजवादी पार्टी और दिल्ली, हरियाणा, गुजरात में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करने के बावजूद, कांग्रेस आलाकमान की चुनौतियां कम होती नजर नहीं आ रहीं। भाजपा लोकसभा चुनाव के रण में उतरने को पूरी तरह से तैयार है। भाजपा ने इस बार 400 से ज्यादा का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का जोश उच्च स्तर पर है। वास्तव में, बड़ी चुनौती लीडरशिप को लेकर ही है। यह भाजपा के अभियान से बनी छवि की लड़ाई भर नहीं है। क्या राहुल गांधी स्वयं को सक्षम नेता के तौर पर साबित कर पाएंगे? क्या वे स्वयं को नए सिरे से तैयार कर पाएंगे? अभी ये नहीं कहा जा सकता है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से राहुल गांधी या कांग्रेस को राजनीतिक रूप से कितना फायदा होगा। लेकिन यदि कांग्रेस अब अपने दम पर सौ लोकसभा सीट जीतने की स्थिति में भी पहुंच जाती है तो वो निश्चित रूप से विपक्ष का बड़ा चेहरा होंगे।

# अब मानव केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ चली है जीडीपी

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने 29 फरवरी 2024 को जारी आंकड़ों के मुताबिक अपने पहले अग्रिम पूर्वानुमान में,वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि 7.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है, जिसका अर्थ होगा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखेगा। दिसंबर तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बड़ा उछाल देखा गया।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की जीडीपी दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत बढ़ी। पीटीआई ने सरकारी आंकड़ों का हवाला दिया। भारत की जीडीपी में आया यह उछाल उम्मीद से कहीं अधिक है।17 अर्थशास्त्रियों के मिंट पोल के अनुसार, एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था दिसंबर तक तीन महीनों के दौरान 6.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद थी, जो पिछली जुलाई-सितंबर तिमाही की 7.6 प्रतिशत गति से धीमी थी। नवीनतम तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था की वृद्धि वित्त वर्ष 23 की इसी अवधि में दर्ज 4.4 प्रतिशत से एक बड़ा कदम है।



किशन सनमुखदास

साथियों हम अगर इसके पहले देखे तो वैश्विक स्तरपर कोरोना महामारी के दौरान करीब करीब हर देश के स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, विज्ञान सहित अनेक तकनीकें भी पीड़ितों और मृतकों की संख्या कम नहीं कर पाई। याने सभी तथाकथित सुदृढ़ संसाधन इस महामारी के सामने पंगु नज़र आए। परंतु इसमें हमने एक बात नोट किए कि लगभग सभी देशों नें मिलकर दवाइयां, मेडिकल, मेडिकल इंस्ट्रूमेंट, खाद्य सहित अनेक क्षेत्रों की सहायता कुछ्ल कल्याणकारी मानवीय चैन बनाकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर, एक दूसरे की मदद कर रहे थे। भारत में भी करीब 150 देशों को वैक्सीन की आपूर्ति की तो भारत को भी भारी विपत्ति के समय विकसित और विकासशील देशों द्वारा मेडिकल इंस्ट्रूमेंट की मदद की गई थी। यह बात हम आज इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि भारत में 9-10 सितंबर जी-20 शिखर सम्मेलन वसुधैव कुटुम्बकम हुआ। इसके पहले 5-7 सितंबर 2023 को आसियान शिखर सम्मेलन, 9 वा रायसीना डायलॉग 21-24 फरवरी 2024 इसके पहले जी-10, शंघाई इत्यादि शिखर सम्मेलनों सहित अनेक वैश्विक शिखर सम्मेलनों में एक बात उभर कर आई है कि मानवीय मूल्यों पर अधिक महत्व दिया जा रहा है। चूंकि भारत आदि अनादि काल से मानवीय मूल्यों की तरफदारी करता रहा है, अब इसमें चार कदम आगे बढ़कर जी-20 शिखर सम्मेलन को वसुधैव कुटुम्बकम यानें पूरा विश्व एक परिवार है की थीम बनाकर अब जीडीपी केंद्रित दृष्टिकोण से मानव केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने का काम जोरों पर किया जा रहा है। इसपर पूरी दुनियां को साझा दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है,जिससे वैश्विक मानव निर्मित व प्राकृतिक विपरीताओं से निपटने के लिए मजबूत मानव श्रृंखला उपाय की सटीकता को रेखांकित किया जाना चाहिए। चूंकि अब पूरी दुनियां का अब वसुधैव कुटुम्बकम पर ध्यान है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय मंचों रूपी प्लेटफार्मस से सशक्त कल्याणकारी मानवीय श्रृंखला बनाकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम भारत की आदि अनादि काल से सोच और जलवायु परिवर्तन के संबंध में दृष्टिकोण की करें तो, वसुधैव कुटुम्बकम, हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, पूरी दुनिया एक परिवार है।यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन ना हो। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम व्यक्त किए गए अपने विचारोंकी करें तोजलवायु परिवर्तन के कारण, खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इससे निपटने में मोटा अनाज या श्रीअन्न से बड़ी मदद मिल सकती है। श्रीअन्न क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स के दौरान हमने श्रीअन्न को वैश्विक स्तरपर पहुंचाया है। द डेक्कन हाई लेवल प्रिंसिपल्स ऑन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन से भी इस दिशा में सहायता मिल सकती है।टेक्नॉलजी परिवर्तनकारी है लेकिन इसे समावेशी भी बनाने की जरूरत है। अतीत में, तकनीकी प्रगति का लाभ समाज के सभी वर्गो को समान रूप से नहीं मिला। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने दिखाया है कि कैसे टेक्नॉलजी का लाभ उठाकर असमानताओं को कम किया जा सकता है।उदाहरण के लिए, दुनियां भर में अरबों लोग जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं है, या जिनके पास डिजिटल पहचान नहीं है, उन्हें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के माध्यम से साथ लिया जा सकता है।डीपीआई का उपयोग करके हमने जो परिणाम प्राप्त किए हैं, उन्हें पूरी दुनियां देख रही है, उसके महत्व को स्वीकार कर रही है। अब, जी-20 के माध्यम से हम विकासशील देशों को डीपीआई अपनाने, तैयार करने और उसका विस्तार करने में मदद करेंगे, ताकि वो समावेशी विकास की ताकत हासिल कर सकें। भारत में, प्राचीन काल से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर आगे बढ़ना हमारा एक आदर्श रहा है और हम आधुनिक समय में भी क्लाइमेट एक्शन में अपना योगदान दे रहे हैं। ग्लोबल साउथ के कई देश विकास के विभिन्न चरणों में हैं और इस दौरान क्लाइमेट एक्शन का ध्यान रखा जाना चाहिए। क्लाइमेट एक्शन की आकांक्षा के साथ हमें ये भी देखना होगा कि क्लाइमेट फाइनेंस और ट्रांसफर ऑफ टेक्नॉलजी का भी ख्याल रखा जाए। हमारा मानना है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पाबंदियों वाले रवैये को बदलना चाहिए। क्या नहीं किया जाना चाहिए से हटकर 'क्या किया जा सकता है वाली सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें एक रचनात्मक कार्यसंस्कृति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।एक टिकाऊ और सुदृढ़ ब्लू इकॉनमी के लिए चेन्नई एचएलपी हमारे महासागरों को स्वस्थ रखने में जुटी है। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के अर्थव्यवस्था और जी-20 के संबंध में विचारों की करें तो, भारत की डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेवलपमेंट के बारे में किसी और से सुनना एक बात है और उसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करना बिल्कुल अलग है। मुझे विश्वास है कि हमारे जी-20 प्रतिनिधि इसे स्वयं महसूस करेंगे। हमारी जी-20 अध्यक्षता विभाजन को पाटने, बाधाओं को दूर करने और सहयोग को गहरा करने का प्रयास करती है। हमारी भावना एक ऐसी दुनिया के निर्माण की है, जहां एकता हर मतभेद से ऊपर हो, जहां साझा लक्ष्य अलगाव की सोच को खत्म कर दे। जी-20 अध्यक्ष के रूप में, हमने वैश्विक पटल को बड़ा बनाने का संकल्प लिया था, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि हर आवाज सुनी जाए और हर देश अपना योगदान दे। मुझे विश्वास है कि हमने कार्यों और स्पष्ट परिणामों के साथ अपने संकल्प पूरे किये है।

# प्रवासी मजदूरों के बच्चे और उनके शैक्षणिक विकास का प्रश्न

बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति को सुधारने के लिए सरकार कई सालों से प्रयासरत है। बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य का बेहतर विकास हो इसके लिए केंद्र से लेकर सभी राज्य सरकारों ने अपने अपने स्तर से कई तरह की योजनाएं चला रखी हैं. इसके अतिरिक्त कई स्वयंसेवी संस्थाएं भी इस दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही हैं. इन सबका उद्देश्य गरीब और वंचित मज़दूरों और उनके परिवारों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है. लेकिन इतने प्रयासों के बावजूद भी सबसे अधिक असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले प्रवासी मज़दूर और इनके बच्चे सरकारी सेवाओं से वंचित नज़र आते हैं. जिन्हें इससे जोड़ने के लिए कई गैर सरकारी संस्थाएं प्रमुख भूमिका निभा रही हैं।



छोटू सिंह रावत

देश के अन्य राज्यों की तरह राजस्थान में भी यह स्थिति स्पष्ट नज़र आती है। राजस्थान के अजमेर और भीलवाड़ा सहित पूरे राज्य में लगभग 3500 से अधिक ईट भट्टे संचालित हैं. जिन पर छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, मध्यप्रदेश और राजस्थान के ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 1 लाख श्रमिक प्रति वर्ष काम की तलाश में आते हैं. यह मज़दूर 8 से 9 माह तक परिवार सहित इन ईट भट्टों पर काम करने के लिए आते हैं.



इनमें बड़ी संख्या महिलाओं, किशोरियों और बच्चों की होती है. जहां सुविधाएं नाममात्र की होती है. वहीं बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए भी कोई सुविधा नहीं होती है. लेकिन इसके बावजूद आर्थिक तंगी मजदूरों को परिवार सहित इन क्षेत्रों में काम करने पर मजबूर कर देता है। यहां काम करने वाले अधिकतर मजदूर चूंकि अन्य राज्यों के प्रवासी होते हैं, ऐसे में वह सरकार की किसी भी योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। जिसका प्रभाव काम करने वाली महिलाओं और उनके बच्चों के सर्वांगीण विकास पर पड़ता है। इस संबंध में सेंटर फॉर लेबर रिसर्च एंड एक्शन, अजमेर की जिला समन्वयक आशा वर्मा बताती हैं कि ÷ईट भट्टो पर लाखों प्रवासी श्रमिक और उनके बच्चे हैं, जिन्हें स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग की सेवाएं मिलनी चाहिए, लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसा नहीं होता है। 0 से 5 साल के बच्चों में पोषण की स्थिति देखें तो सबसे ज्यादा समस्या भी इन प्रवासी श्रमिकों के बच्चों में है। जिनमें सही समय पर टीकाकरण, खानपान और पोषणयुक्त आहार नहीं मिलने के कारण कुपोषण दर ज्यादा बढ़ने का खतरा रहता है। वहीं ईट भट्टो पर महिलाओं और किशोरियों की स्वास्थ्य स्थिति देखें तो यह भी चिंताजनक स्थिति में नजर आता है, क्योंकि इन जगहों पर इनके लिए शौचालय और स्नानघर की उचित व्यवस्था नहीं होती है। ऐसे में खुले में शौच इसके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके अतिरिक्त माहवारी के समय सेनेटरी नैपकिन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण भी यह महिलाएं और किशोरियां कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं से जूझती रहती हैं। आशा वर्मा के अनुसार इन प्रवासी मजदूरों के बच्चों और महिलाओं में स्वास्थ्य की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए संस्था पिछले तीन साल से अजमेर और भीलवाड़ा क्षेत्र के 20 ईट भट्टो पर बालवाड़ी केन्द्र संचालित कर रही है, जिसमें 0 से 6 साल के 620 बच्चों को नामांकित किया गया है। जिन्हें सूखा व गर्म पोषाहार दिया जा रहा है। जो बच्चे कुपोषण की श्रेणी में आते हैं उन्हें न केवल कुपोषण उपचार केंद्र में दिखाया जाता है बल्कि संस्था की ओर से उनके साथ विशेष काम किया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन सालों में परिवार के साथ ईट भट्टो पर रहने वाले कुपोषित बच्चों की स्थिति देखें तो इसमें काफी सुधार आया है। अब तक करीब 100 से ज्यादा बच्चों को इन बालवाड़ी केंद्र के माध्यम से कुपोषण से मुक्त स्वस्थ शिशु बनाया गया है। इसके अतिरिक्त समय समय पर उन बच्चों और गर्भवती महिलाओं का सम्पूर्ण टीकाकरण करवाने में भी पहल की गई है। इसके अतिरिक्त इन बालवाड़ी केंद्रों पर बच्चों के साथ लर्निंग गतिविधियां भी की जाती हैं ताकि उनमें शिक्षा के प्रति लगन बनी रहे। इसके लिए हर माह बच्चो की ग्रोथ मॉनिटरिंग भी की जाती है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि क्या ईट भट्टों पर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों के बच्चों पर शिक्षा का अधिकार कानून लागू नहीं होता है? हालांकि सरकार का हमेशा प्रयास रहता है कि बच्चों की शिक्षा की स्थिति में सुधार हो. इसके लिए सरकार हमेशा नई नई योजनाएं भी लेकर आती है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से छूटे नहीं. इसके लिए देश में शिक्षा का अधिकार कानून भी लागू किया गया. लेकिन इसके बावजूद अधिकतर प्रवासी मजदूरों के बच्चे इस अधिकार से वंचित रह जाते हैं। आशा वर्मा के अनुसार इस दिशा में काम कर रही सीएलआरए और उसकी जैसी अन्य गैर सरकारी संस्थाएं इस इसमें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जिनकी ओर से हर साल शिक्षा विभाग को इन बच्चों को स्थानीय स्कूल से जोड़ने के लिए सूची उपलब्ध करवाई जाती है। हालांकि अभी तक इन बच्चो का शिक्षा से जुड़ाव हो इसके लिए विभाग की ओर से कोई ढांचा तैयार नही हुआ है। यही कारण है कि यह प्रवासी बच्चे पढ़ने और खेलने कूदने की उम्र में माता-पिता के साथ दिहाड़ी मजदूर बन रहे हैं। आशा वर्मा के अनुसार इन प्रवासी बच्चों के पास कोई दस्तावेज नहीं होने और अपने गृह नगर से बीच में ही स्कूल छोड़कर पलायन करने के कारण कार्यस्थल के आसपास के सरकारी स्कूल उन्हें प्रवेश देने में आनाकानी करते हैं। जबकि शिक्षा का अधिकार कानून में बिना किसी दस्तावेज के सभी बच्चो का स्कूल में प्रवेश होने की बात कही गई है. लेकिन जागरूकता की कमी के कारण यह सरकारी स्कूल उन्हें बिना दस्तावेज़ के प्रवेश देने से इंकार कर देते हैं। यह शिक्षा का अधिकार कानून का सरासर उल्लंघन है। आशा वर्मा बताती हैं कि ने बताया कि तीन सालों में अजमेर और भीलवाड़ा जिला के 20 ईट भट्टो पर करीब 1800 प्रवासी बच्चे इस प्रकार के बालवाड़ी केंद्रों पर नामांकित हुए हैं. जो एक बड़ी उपलब्धि है. वास्तव में, राजस्थान में किसी भी ईट भट्टे पर सरकार की ओर से आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं होने के कारण लाखों बच्चों का बाल्यावस्था में जो विकास होना चाहिए इन मूलभूत अधिकारों से यह सभी प्रवासी बच्चे वंचित रह जाते हैं।

# 53वें साहित्यकार दिवस पर पण्डित बेअदब लखनवी, आचार्य प्रेम शंकर शास्त्री सहित अनेकों साहित्यकार हुए सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** दिनांक 01-03-2024 दिन शुक्रवार अखिल भारतीय अगीत परिषद, लखनऊ के तत्वावधान में यशःशेष रंगनाथ मिश्र सत्य की जयन्ती के अवसर पर 53वें साहित्यकार दिवस का आयोजन स्थानीय गाँधी भवन, लखनऊ के करण भाई सभागार में सम्पन्न हुआ। समारोह के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) वी. जी. गोस्वामी (पूर्व अधिष्ठाता-विधि विभाग, ल.वि.वि.), वरेण्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार श्री महेश चन्द्र द्विवेदी (पूर्व पुलिस महानिदेशक, उ.प्र), प्रो. (डॉ.) उषा सिन्हा (पूर्व अध्यक्ष भाषा विज्ञान विभाग, ल. वि. वि.), डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी (पूर्व सलाहकार सदस्य योजना आयोग, भारत सरकार), एवं अनिल मिश्र (पूर्व सम्पादक उ.प्र हिन्दी संस्थान, लखनक) रहे। सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं यशःशेष डॉ0 रंगनाथ मिश्र सत्य के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात् डॉ. योगेश के संचालन एवं श्रीमती शशि श्रेया की वाणी-वन्दना से आरम्भ इस समारोह में नवसृजन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था, लखनऊ द्वारा डॉ0 कमला शंकर त्रिपाठी को डॉ0 रंगनाथ मिश्र सत्य सुस्मृति सम्मान-2024, अ0 भा0 अगीत परिषद द्वारा नरेन्द्र भूषण को डॉ0 रंगनाथ मिश्र सत्य सुस्मृति सम्मान-2024, एवं सुश्री मन्जू सक्सेना को ÷कल्याणी देवी सुस्मृति सम्मान-2024 तथा प्रो. (डॉ.) उषा सिन्हा, को ÷यशःशेष श्रीमती शान्ति सक्सेना सुस्मृति सम्मान÷, प्रेम शंकर शास्त्री बेताब को यशः शेष रामराज मौर्य सुस्मृति सम्मान, सुश्री विजय कुमारी मौर्या विजय को गौरी शंकर सिंह सुस्मृति सम्मान, डॉ. योगेश को यशःशेष डॉ. विप्लव वर्मा सुस्मृति सम्मान एवं ÷पं. रामतेज तिवारी आध्यात्मिक संस्थान द्वारा हिन्दी साहित्य गौरव सम्मान, राजेश कुमार द्विवेदी को साहित्य रत्नाकर सम्मान, डॉ. शिव मंगल सिंह मंगल को ÷साहित्य सुमेरु सम्मान, त्रिवेणी प्रसाद दुबे मनीष को ÷साहित्य मार्तण्ड सम्मान÷, डॉ सुधा मिश्रा को साहित्य सरिता सम्मान, सुश्री शशि श्रेया को गीत-गंगा सम्मान से तथा गायत्री जोशी अरुणिमा, ऋषि श्रीवास्तव, सुश्री श्वेता शुक्ला, सुश्री सविता श्रीवास्तव आदि को ÷साहित्य समिधा सम्मान से प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सुश्री रत्ना बापुली, डॉ. सुषमा सौम्या, सुश्री जया शर्मा, अपर्णा गुप्ता, सुश्री प्रतिभा श्रीवास्तव, चन्द्र पाल सिंह चन्द्र, रवीन्द्र नाथ तिवारी, उमेश चन्द्र दुबे, कृपा शंकर श्रीवास्तव विश्वास, रमाशंकर सिंह, डॉ. उमेश प्रकाश उमेश, डॉ. विद्या सागर मिश्र सागर, कैलाश प्रकाश त्रिपाठी पुंज, कृष्ण द्विवेदी द्विजेश, उपेन्द्र वाजपेयी, शरद पाण्डेय शशांक, कन्हैयालाल, डॉ. के. एन श्रीवास्तव सरस, अनिल किशोर शुक्ल निडर, राम प्रकाश शुक्ल प्रकाश, तेज नारायण श्रीवास्तव राही, डॉ हरी प्रकाश हरि, अष्ठाना महेश प्रकाश बरेलवी, नवीन बैसवारी, डॉ. प्रवीण त्रिपाठी बसन्त, सर्दश पाण्डेय विभी, श्री विजय शंकर शुक्ल अवशेष, कृष्णानन्द राय, केवल प्रसाद सत्यम, डॉ. अवधी हरि, बीरेन्द्र निझावन, मृत्युंजय गुप्ता, अशोक विश्वकर्मा गुंजन, अरविन्द रस्तोगी, श्री मनमोहन बाराकोटी तमाचा लखनवी, अखिल कुमार श्रीवास्तव व्यथित, प्रवीण कुमार शुक्ल गोबर गणेश, राम राज भारती, पं. बेअदब लखनवी, संजय समर्थ, मुकेश मिश्र, विशाल मिश्र, शशि नारायण त्रिपाठी, मनु बजपेयी, लव तिवारी, दीपक यादव आदि रचनाकारों को यशः शेष साहित्यकारों की स्मृति में प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ रंगनाथ मिश्र सत्य द्वारा प्रणीत काव्य संकलन ÷सेवन्ती के फूल÷ का लोकार्पण भी मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया।डॉ. शिव मंगल सिंह मंगल ने लोकार्पित कृति पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए संकलन की रचनाओं पर प्रकाश डाला। मंचस्थ अतिथियों ने हिन्दी साहित्य जगत में अगीत आन्दोलन एवं यशःशेष डॉ0 रंगनाथ मिश्र सत्य के साहित्यिक अवदान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें भावांजली अर्पित की। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए अनेक साहित्यकारों को ÷साहित्य सुमन सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में अ भा अगीत परिषद के अध्यक्ष अनुराग मिश्र ने अपने पूज्य पिताजी डॉ0 रंगनाथ मिश्र सत्य की कविताओं का लोकार्पित कृति सेवन्ती के फूल से वाचन कर यषः शेष डॉ0 रंगनाथ मिश्र सत्य को श्रद्धाजंलि अर्पित की। कवयित्री डॉ. सुधा मिश्रा ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं साहित्यकारों का स्वागत एवं अंत में संयोजक अनुराग मिश्र ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन का सत्र 2024-25 के लिए निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन का सत्र 2024-25 के लिए निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। मृत्युंजय श्रीवास्तव को अध्यक्ष, प्रेम कुमार गुप्ता को सचिव, अरविंद श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष तथा श्रीमती ऊषा गुप्ता को महिला संयोजिका सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। उपरोक्त निर्वाचन प्रांत द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी अजय महतेले एवं रितेश तरसौलिया की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में वर्तमान अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि गठन के समय से ही परिषद की प्रमुख शाखा परिषद की रीति व नीति के अनुसार संपर्क, सेवा ,संस्कार, सहयोग, समर्पण के कार्य कर रही है। भारत विकास परिषद के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश अनुसार भारत को जानो, समूह गान, गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन, राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह आदि कार्यक्रम समय-समय पर पूर्ण मनोयोग व गरिमा के साथ आयोजित किए गए हैं। विगत वर्ष में आठ निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर व विभिन्न सामाजिक समारोहों, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, स्थापना दिवस में सक्रिय सहभागिता रही है। अपने उद्बोधन में चुनाव अधिकारी व पूर्व महासचिव अजय महतेले ने कहा की प्रमुख शाखा प्रांत की अग्रणी शाखों में है। पूर्ण लोकतांत्रिक वातावरण में नवनिर्वाचित दायित्वधारी परिषद के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे। सहचुनाव अधिकारी रितेश तरसोलिया ने कहा प्रमुख शाखा परिषद के निर्धारित मानदण्डों के अनुसार समाज के लिए प्रेरणादायी कार्य कर रही है।आज हुए निर्वाचन में अध्यक्ष पद हेतु मृत्युंजय श्रीवास्तव के नाम का प्रस्ताव अखिलेश गुप्ता जी और समर्थन जगदीश प्रसाद मिश्रा व मंगल सिंह चौहान ने किया। सचिव पद हेतु प्रेम कुमार गुप्ता के नाम का प्रस्ताव पियूष गुप्ता ने समर्थन राजकुमार सोनी व सुनील गुप्ता ने किया। कोषाध्यक्ष पद हेतु अरविंद श्रीवास्तव के नाम का प्रस्ताव संतोष कुमार पोरवाल ने व समर्थन मनोज बाथम व दीप चंद्रगुप्त ने किया। पूरे सदन ने सर्वसम्मति से महिला संयोजिका हेतु श्रीमती उषा गुप्ता के नाम का अनुमोदन किया। बैठक में उपस्थित प्रमुख शाखा के उपाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव एडवोकेट ,डॉक्टर भूपेंद्र सिंह पटेल, गौरव गुप्ता, पंकज गर्ग, बलराम सोनी, सौरभ अग्रवाल, अनुरुद्ध बिश्नोई नीटू, अश्विनी द्विवेदी आदि ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी है।

# पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण आवश्यक : माता प्रसाद पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** डा. राम मनोहर लोहिया डिग्री कालेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाओं ने वृहद वृक्षारोपण किया। जिसके मुख्य अतिथि वर्तमान विधायक एवं महाविद्यालय के प्रबंधक माता प्रसाद पाण्डेय रहे। मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश तथा वर्तमान इटवा विधायक माता प्रसाद पाण्डेय ने वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूवात आम का पेड़ लगा कर किया।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के दौर में जहां पेड़ों की संख्या कम होती जा रही है, वहां का जीवन दुष्कर होता जा रहा है। हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाना चाहिए। आज कल दिल्ली में लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है। इतना ही नहीं यदि पेड़ों की संख्या कम हो जायेगी तो वातावरण पर इसका बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ेगा। समय से पहले ज्यादा गर्मी और ठण्डी का अनुभव करना पड़ेगा। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है सभी वृक्ष लगाने की अपील भी की गई। हवा भी आक्सीजन के अभाव में दूषित हो जायेगा। हमें कई प्रकार की बीमारियों को सामना करना पड़ेगा। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य और डॉ0 राम मनोहर लोहिया पी0 जी0 कालेज के प्राचार्य द्वारा भी वृक्षारोपण कर समाज को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का संदेश दिया गया। उसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक और सेविकाओं द्वारा भी कई प्रकार के पेड़ लगाये। जिसमें आम, अर्जुन, शीशम, बरगद, पीपल, कदम, सागौन, कीकर, पाकड़ आदि प्रकार के पेड़ लगाये गये। कार्यकम अधिकारी डॉ0 संतोष कुमार पाण्डेय द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# नौ कुंडी रुद्र महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं जप अनुष्ठान कार्यक्रम की शोभा यात्रा निकली

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन) ।** श्री शनि धाम मंदिर गूढ़ा के तृतीय स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित नौ कुंडी रुद्र महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं जप अनुष्ठान कार्यक्रम की भव्य शोभा यात्रा नगर में प्रमुख मार्गो से निकाली गई। शोभायात्रा द्वारकाधीश मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर छोटी माता मंदिर, तहसील, बस स्टैंड ,काली माता मंदिर होते हुए गूढ़ा स्थित शनि धाम मंदिर में पहुंचकर संपूर्ण हुई।

भव्य शोभायात्रा में कई रथों पर भागवताचार्य, साधु संत व आचार्य गण विराजमान थे। सैकड़ो की तादाद में महिलाएं मंगल कलश लेकर शोभा यात्रा को अद्भुत रंग प्रदान कर रही थीं। डीजे की धुन पर सैंकड़ों भक्तजन शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे ।नौ कुंडी रुद्र महायज्ञ के संरक्षक परम पूज्य श्री जमुना दास जी महाराज महन्त श्री वनखन्डीदेवी शक्तिपीठ ने बताया की विशाल यज्ञ 9 मार्च को संपूर्ण होगा। इस रुद्र महायज्ञ में प्रतिदिन महामृत्युंजय जाप, गायत्री मंत्र जाप ,श्री सूक्तम पाठ, पुरुष सूक्तम, शनि जाप एवं शनि अभिषेक ,महा शिवरात्रि पर रुद्राभिषेक आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । कथा व्यास आचार्या शुभम साध्वी जी श्री धाम वृंदावन के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा श्रोताओं को श्रवण कराई जाएगी। प्रतिदिन श्री रामलीला का आयोजन सायं काल 7 बजे से किया जाएगा। यज्ञ आचार्य श्री मिथिलेश महाराज एवं आचार्य आनंदकंद के निर्देशन में रुद्र महायज्ञ संपन्न होगा ।दिनांक 10 मार्च 2024 को शनि धाम मंदिर परिसर में ही विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया है। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई।विश्व हिंदू परिषद जालौन के नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी,मानवेंद्र परिहार बजरंग दल संयोजक ,विश्व हिंदू परिषद के जिला पदाधिकारी आशीष द्विवेदी भोले, अखिलेश गुप्ता आदि ने भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर पूर्ण लाभ अर्जित करने की अपील की है। भारतीय जनता पार्टी जनपद जालौन की जिलाध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित एवं सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने भी शोभा यात्रा में भाग लिया।

# माधौगढ़ तहसील के सभागार में समस्त विक्रेताओ को नई ई पास मशीन और नए कांटे हुए वितरित



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** शासन के आदेशानुसार जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देशन में माधौगढ़ तहसील के सभागार मे समस्त विक्रेताओ को नई ई पास मशीन और नए कांटे वितरित किए गए। जिनके संबंध में इंजीनियर द्वारा समस्त विक्रेताओ को तहसील सभागार माधौगढ़ में पूर्ति निरीक्षक माधौगढ़ की उपस्थिति में प्रशिक्षण देकर मशीन के संचालन के तौर तरीके से अवगत कराया गया। आगामी माह मार्च में इन नई मशीनों के माध्यम से ही कार्ड धारकों को राशन वितरण किया जाना है। जिससे घटतौली संबंधी शिकायतों पर पूर्णतया अंकुश लग सकेगा और सभी पात्र लाभार्थियो तक सही अनुमन्य मात्रा में खाद्यान्न पहुंच सकेगा। माह मार्च में सभी लाभार्थियो को गेहूं चावल के साथ साथ मोटे अनाज जैसे ज्वार और बाजरा का भी वितरण किया जाना है ।समस्त विक्रेताओ को बताया गया कि आप लोग नई मशीनों से नियमानुसार वितरण करे। किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। घटतौली करने या अनियमितता करने पर किसी को नही बख्शा जाएगा।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना हर घर के 15 हजार रुपये बचाएंगी

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक केंद्रीय योजना है जिसका लक्ष्य भारत में वैसे एक करोड़ परिवारों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है, जो छत पर सौर बिजली इकाई स्थापित करने का विकल्प चुनते हैं। ऐसे परिवारों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिल सकेगी। यह 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 29 फरवरी को केंद्रीय मंत्रिमंडल से स्वीकृत एक महत्वाकांक्षी योजना है। यह योजना 2 किलोवाट क्षमता तक के सिस्टम के लिए सौर इकाई लागत का 60 प्रतिशत और 2 से 3 किलोवाट क्षमता के बीच के सिस्टम के लिए अतिरिक्त सिस्टम लागत की 40 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करती है। इस सब्सिडी को 3 किलोवाट क्षमता तक सीमित कर दिया गया है। तदनुसार, मौजूदा मानक कीमतों पर, इसका मतलब 1 किलोवाट सिस्टम के लिए 30,000 रुपये, 2 किलोवाट सिस्टम के लिए 60,000 रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक सिस्टम के लिए 78,000 रुपये होगी। सबसे पहले इसके इच्छुक उपभोक्ता को राष्ट्रीय पोर्टल www.pmsuryagarh.gov.in पर पंजीकरण कराना होगा। इसमें राज्य और बिजली वितरण कंपनी का चयन करना होगा। राष्ट्रीय पोर्टल उपयुक्त सिस्टम आकार, लाभ की गणना, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी प्रासंगिक जानकारी प्रदान करके इच्छुक परिवारों की सहायता करेगा। उपभोक्ता विक्रेता और रूफ टॉप सोलर यूनिट का चयन कर सकते हैं जिसे वे अपनी छत पर लगाना चाहते हैं। हां, कोई परिवार 3 किलोवाट तक के आवासीय आरटीएस सिस्टम की स्थापना के लिए वर्तमान में लगभग 7 प्रतिशत की दर से बिना किसी गारंटी के कम ब्याज पर ऋण ले सकता है। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर तय की गई प्रचलित रेपो दर से यह ब्याज दर 0.5 प्रतिशत अधिक आंकी गई है। यदि रेपो दर, जो वर्तमान में 6.5 प्रतिशत है, घटकर 5.5 प्रतिशत हो जाए, तो उपभोक्ता के लिए प्रभावी ब्याज दर वर्तमान 7 प्रतिशत के बजाय 6 प्रतिशत हो जाएगी। किसी परिवार को रूफ टॉप सोलर योजना का चयन क्यों करना चाहिए साधारण अर्थशास्त्र। इसकी बदौलत परिवार अपने बिजली बिल बचाने में सक्षम होंगे और इसके साथ ही साथ वे डिस्कॉम को अधिशेष बिजली की बिक्री करके अतिरिक्त आय अर्जित करने में भी सक्षम होंगे। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना 3 किलोवाट क्षमता वाली रूफ टॉप सोलर यूनिट स्थापित करके, प्रति माह 300 यूनिट तक की खपत करने वाले परिवार के लिए एक वर्ष में लगभग 15,000 रुपये की सुनिश्चित बचत का वादा करती है।

# कौसर अली पटाखा विस्फोट घटना में नहीं थम रहा मौतों का सिलसिला

- फैक्टरी मालिक के भाई की दिल्ली में इलाज के दौरान हुई मौत
- अब तक 12 लोगों की हो चुकी है मौत

अवधनामा संवाददाता



### क्षेत्रीय विधायकों को लेकर आक्रोश

**कौशाम्बी।** नगर पालिका भरवारी में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद एक दर्जन मजदूरों की मौत अबतक हो चुकी है। इतना सब कुछ होने के बाद भी अभी तक जनपद के तीनों माननीयों को फुरसत नहीं मिली कि वह गरीब मजदूरों के घर पहुंच कर उनके आंसू पोंछ सकें। मंझनपुर, चायल और सिराथू के माननीय एक हफ्ता होने को है लेकिन इन माननीयों ने उन गरीब मजदूरों के दरवाजे पर जाना भी गवारा नहीं किया। इन माननीयों के ऐसे वेव्हार को लेकर गांव में इनके प्रति आक्रोश साफ देखा जा रहा है।

**कौशाम्बी।** नगर पालिका भरवारी में बीते दिनों हुए पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद मौके पर सात लोगों की मौत हो गई थी। विस्फोट के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। घटना में घायल हुए कई मजदूरों की हालत अब भी गम्भीर बनी हुई है। अबतक फैक्टरी मालिक सहित एक दर्जन। मजदूरों की इस घटना में मौत हो चुकी है। नगर पालिका भरवारी स्थित खल्लाबाद वार्ड में हुए पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद घायल मजदूरों की मौत का सिलसिला रुक नहीं रहा है। मृतक फैक्टरी मालिक के भाई कौसर अली का भी शुक्रवार को इलाज के दौरान दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।

कौसर अली की मौत की खबर आते ही उनके घर चीख पुकार के साथ मातम शुरू हो गया। डॉक्टरों ने कौसर की मौत की वजह सेफ्टीसिमिया होना बताया है। हादसे में दूसरे बेटे की मौत के बाद परिवार बेहद सदमे में है। कौसर की मौत से पहले प्रयागराज के अस्पताल में इलाज के दौरान 4 और घायलों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में राजेंद्र पटेल, राकेश कुशवाहा, मुकेश गौतम शामिल हैं, जबकि मुन्ना लाल की मौत मंगलवार को हुई थी। प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल में अब भी 3 घायलों का इलाज किया जा रहा है। सरकार ने घायलों का इलाज मुफ्त किए जाने के साथ 50 हजार मुआवजे की घोषणा कर रखी है, जबकि मरने वाले लोगों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक मदद का ऐलान किया है।

# सपा ने कश्यप-निषाद समाज को पहचान दिया, भाजपा ने किया वादाखिलाफी



**हमीरपुर।** समाजवादी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ.लौटनराम निषाद ने भाजपा सरकार पर राम की नैया को पार लगाने व वनवास काल में राम को शरण देने वाले निषादराज के वंशजों के साथ भाजपा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि भाजपा ने श्रीराम-निषादराज की मित्रता का गुणगान कर कश्यप निषाद समाज का वोट तो लिया,पर सरकार बनने पर एक-एक कर निषाद-कश्यप समाज का परम्परागत पुश्तैनी अधिकारों को छीन लिया।पूर्व चेयरमैन मुन्नीलाल निषाद के संयोजकत्व व सपा जिलाध्यक्ष मो.इदरीश खांकी अध्यक्षता में भरुआ सुमेरपुर क्षेत्रांतर्गत कैथी गाँव मे आयोजित संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ सामाजिक न्याय सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि सभा को सम्बोधित करते हुए लौटनराम निषाद ने कहा की आरएसएस के इशारे संविधान-लोकतंत्र को खत्म करने में जुटी हुई है।उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2012 में वादा किया था कि सरकार बनने पर 17 अतिपिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति का आरक्षण व निषाद मछुआरों का परम्परागत अधिकार दिया जायेगा।लेकिन डबल इंजन की सरकार बनने पर ई-टेंडरिंग व सार्वजनिक नीलामी व्यवस्था लागू कर बालू-मोरम खनन,मत्स्याखेट व शिकारमाही, मत्स्यपालन आदि को निषाद समाज से छीनकर सामंतों व माफियाओं के हाथों नीलाम कर दिया।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने कश्यप निषाद समाज को मान-सम्मान, पहचान व अधिकार दिया,जिसे रामभक्त बनने वाली भाजपा सरकार ने छीन लिया।अखिलेश यादव की सरकार ने निषाद कश्यप समाज को पहचान देने के लिए 5 अप्रैल को निषादराज व कश्यप ऋषि जयंती का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था,मुख्यमंत्री बनते ही योगी आदित्यनाथ ने रद्द कर दिया।2014 में सरकार बनने पर फूलन देवी के हत्यारे शेरसिंह राणा को तिहाड़ जेल से पेरोल पर छोड़ा, जो बिन्दास बाहर घूम रहा है।

25 जुलाई 2021 को हमारे द्वारा 18 जिलों में फूलन देवी की 35-35 फीट ऊंची प्रतिमा लगवाई जा रही थी,संजय निषाद व योगी आदित्यनाथ ने पुलिस पीएसी लगाकर प्रतिमाओं जब्त करा लिया। निषाद ने कहा कि मंडल कमीशन विरोधी भाजपा कभी पिछड़े-दलित,असलियत समाज की हितैषी नहीं हो सकती।अपने को पिछड़ी जाति का बताने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछड़ी जातियों के संवैधानिक अधिकारों को खत्म करने में जुटे हुए हैं।

# महाशिवरात्रि पर्व पर 42वां शिव बारात 8 मार्च को

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** पूर्व के वर्षों की भांति महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 42 वां शिव बारात 8 मार्च को शाम दक्षिण दरवाजा चौराहा से निकाली जायेगी। बारात मंगल बाजार, पाण्डेय बाजार होते हुये अन्नपूर्णा राई पर आकर सम्पन्न होगी। पर्व की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को राघवेन्द्र प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में अन्नपूर्णा रसोई पर एक बैठक हुई जिसमे लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जानकारी देते हुये श्री मिश्र ने बताया कि अन्नपूर्णा रसोई एवं मातृशक्ति सेवा मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में यिव बारात पूर्व के वर्षों से भव्य होगी। इसमें 28 प्रकार की झांकियां शामिल की जा रही हैं जो श्रद्धालुओं के लिये प्रमुख आकर्षण का केन्द्र का बनंगी। इसमे रामलला का मंदिर, शिव ताण्डव, शिवभष्म आरती, कंकाल की सवारी, राधा कृष्ण, हनुमान, नारद की झांकी का प्रदर्शन प्रस्तावित है। शिव बारात का शहर के प्रमुख स्थानों पर पुष्पवर्षा के साथ स्वागत होगा साथ ही विशाल भण्डारे भी आयोजित होगे। शिव विवाह अन्नपूर्णा रसोई पर वैदिक रीति रिवाजों से सम्पन्न होगा। जौनपुर जिले जेल के सपरिन्टेडेन्ट एसके पाण्डेय सम्मिलित होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से विष्णु गुप्ता, हरिमोहन वर्मा, श्याम गुप्ता, मनोज तनेजा, श्रवण पाल, सपन सराफ, शशमधारी गुप्ता, मंगल चौरसिया, राजू भाटिया आदि उपस्थित रहे।

# शोहरतगढ़ के मणेंद्र मिश्रा को दिल्ली में किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** वर्ष 2023 - 24 में सक्रिय गतिविधियों एवं मानवीय पहल के लिए आईआईएमसी एलुमनी एसोसियेशन यूपी प्रदेश अध्यक्ष श्री मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' को दिल्ली जेएनयू परिसर स्थित भारतीय जन संचार संस्थान कैंपस में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें कनेक्टिंग चैप्टर ऑफ द ईयर उत्तर प्रदेश इम्का का प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र, और सम्मान पत्र प्रदान किया गया। मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' वर्तमान में आईआईएमसी एलुमनी एसोसियेशन के नॉर्थ जोन के प्रभारी भी हैं। नॉर्थ जोन में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमांचल प्रदेश, चंडीगढ़,जम्मू कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं। सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ स्थित पलिया निधि गांव निवासी मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल उत्तर प्रदेश के सर्वोच्च सम्मान यश भारती से सम्मानित हो चुके हैं। मौजूदा समय में समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर सक्रिय हैं। आईआईएमसी नई दिल्ली में आयोजित कनेक्शन 2024 12 वें वार्षिक एलुमनी मीट में उपस्थित संस्थान से प्रशिक्षित होकर निकले छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल ने कहा कि भारतीय जन संचार संस्थान ने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा अर्जित की है। पत्रकारिता, आईटी प्रोफेशनल, प्रशासन, अकादमिक जगत, राजनीति, समाज सेवा जैसा कोई भी क्षेत्र यहां के लोगों से लगातार समृद्ध हो रहा है। इस परंपरा को हमें सशक्त करने के लिए एक दूसरे को संभव सहयोग देना चाहिए। आईआईएमसी के डीम्ड यूनिवर्सिटी बनने पर उन्होंने संस्थान से जुड़े सभी लोगों को बधाई दिया। कार्यक्रम में मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' के साथ फिल्म निर्माता विवेक रंजन अग्निहोत्री, स्क्वैड्रन लीडर सुमिता यादव, हंसराज कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रमा शर्मा, डीआईजी होमगार्ड्स संजीव शुक्ला (आईपीएस), मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह, मणिपुर विधायक शेख नूरुल हसन को भी इस वर्ष के कनेक्शन 2024 एलुमनी मीट में सम्मानित किया गया।

# स्वः रोजगार प्रशिक्षण संस्थान बैंक आफ इंडिया द्वारा वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** भारतीय रिज़र्व बैंक देश की जनता के बीच विभिन्न विषयों पर वित्तीय शिक्षण संदेशो के प्रचार के लिए प्रतिवर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन करता आ रहा है, छात्रों, युवाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए वर्तमान वर्ष के वित्तीय साक्षरता सप्ताह के लिए चयनित विषय ''करो सही शुरूआत, बनो फाइनेंसियली स्मार्ट'' की थीम के साथ उप विषय, बचत और कम्पाउन्डिंग की शक्ति, छात्रों के लिए बैंकिंग की आवश्यकताएं और डिजिटल साइबर स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसे 01 मार्च 2024 तक मनाया जायेगा, यह विषय वित्तीय शिक्षण हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति 2020-25 के कार्यनीतिक उद्देश्यों में से एक है, जिसका उद्देश्य आम जनता को अपने वित्तीय भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाने हेतु वित्तीय सहनीयता का सृजन करना है, उक्त जानकारी सहा. महा प्रबन्धक भारतीय रिज़र्व बैंक मोती लाल ने देते हुये बताया कि आर.बी.आई. के निर्देशानुसार वित्तीय साक्षरता सप्ताह के दौरान ग्रामीण स्वःरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बैंक आफ इंडिया द्वारा वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प के दौरान ''करो सही शुरूआत, बनो फाइनेंसली स्मार्ट'' की थीम के साथ बचत और कम्पाउन्डिग की शक्ति, छात्रों के लिए बैंकिंग आवश्यकताएं तथा डिजिटल और साइबर स्वच्छता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने छात्रों को बैंकों द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली शिक्षा ऋण सुविधा के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी साथ ही बैंकों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही डिजिटल वित्तीय सेवाओं का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। अग्रणी जिला प्रबन्धक अनिल प्रकाश तिवारी ने कहा कि डिजिटल सेवाएं सुविधा जनक और सुरक्षित हैं परन्तु उनका प्रयोग सावधानी पूर्वक करना चाहिए, जिससे किसी तरह की धोखधड़ी और पैसों का नुक़सान न हो। उन्होंने खाता धारकों को सावधान करते हुऐ कहा कि ए.टी.एम. कार्ड में उल्लिखित गोपनीय सूचनाएं किसी को सांझा न करें, इससे खाते में धोखाधड़ी हो सकती है। उन्होंने बताया कि वित्तीय सेवाओं का दुरपयोग खाता धारकों की सावधानी से रोंका जा सकता है।

# बृजेश व आनंद ने विज्ञान के अपने-अपने अनुभवों को छात्र-छात्राओं के बीच साझा किया

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस**



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बृजेश दीक्षित ने विज्ञान के अपने अनुभवों को छात्र-छात्राओं से साझा करते हुए विज्ञान के चमत्कार के बारे में बताया। इस अवसर पर साइंस कॉन्सेप्ट क्लासेस के आनंद मित्तल ने भी अपने अनुभव बच्चों को बताएं तथा विज्ञान विषय से प्रेम करने और चीजों को तार्किक ढंग से समझने की बात कही। भारत विकास परिषद से अत्रि दीक्षित जी ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में हर साल 28 फरवरी को भारत में मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की खोज के कारण मनाया जाता है। इस खोज की घोषणा भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने 28 फरवरी सन 1928 को की थी। इसी खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था। अंत में प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि विद्यालय छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। इसी कड़ी में इस प्रकार के आयोजनों को करके छात्र-छात्राओं की विषय में रुचि एवं मनोबल को बढ़ाने का कार्य किया जाता है ताकि वह अपने विषय में पारंगत होकर के कुछ नए कारनामे करने का काम करें।

# अखिलेश ने पार्टी जनों को ऊर्जा दिया



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव द्वारा प्रदेश कार्यालय लखनऊ पर पीडीए पिछड़ा दलित अल्पसंख्यकों को राजनीति की मुख्य धारा से जोड़ने की भूमिका को लेकर समीक्षा बैठक की जिसमें प्रदेश के पीडीए के पिछड़ा वर्ग, बाबा बाहिनी, एससी एसटी, अल्पसंख्यकों के प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष शामिल हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक वर्ग की भूमिका तानाशाही जन विरोधी केंद्र सरकार को हटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा सभी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु बूथ स्तर पर कमर कस लेने का आह्वान किया। इस दौरान रमेश सैनी मथुरा वृन्दावन महानगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत कर स्थानीय संगठन की प्रगति की रिपोर्ट कॉपी सौपी, बैठक में रमेश सैनी, लखन गुर्जर, सचिन पहलवान, गुड्डू खांन शामिल हुए।

# अनारक्षित/प्लेट फार्म टिकिट के लिए नहीं लगानी पड़ेगी लाइन

**मथुरा।** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में अनारक्षित टिकिट के लिए अब खिडकी पर लाइन लगाने की जरूरत नही है। यह टिकिट रेलवे के यू टी एस एप्प से स्टेशन के 20 किलो मीटर के दायरे में प्राप्त किया जा सकता है। उक्त एप्प से टिकिट लेने पर 3 प्रतिशत बोनस भी मिलेगा। मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्ग दर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन में आगरा छावनी स्टेशन पर यू टी एस ऑन मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अनारक्षित टिकट लेने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। वहीं मथुरा जं स्टेशन पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग आगरा वीरेन्द्र सिंह द्वारा यू टी एस ऑन मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित किया गया। श्री सिंह द्वारा यात्रियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि इस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग कर वह स्टेशन से 20 किलोमीटर के दायरे में आसानी से अनारक्षित यात्रा एवं प्लेटफार्म टिकट ले सकते है जो कि पेपर लेस ऑप्शन में भी उपलब्ध होती है। इसके साथ ही उक्त एप्लीकेशन के वॉलेट के माध्यम से रिचार्ज पर 3 प्रतिशत बोनस मिलता है।इस सुविधा का उपयोग कर यात्रीगण बिना लाइन लगाए, अत्यधिक सुविधाजनक तरीके से अनारक्षित यात्रा, सीजन एवं प्लेटफार्म टिकट बुक की जा सकती है। जागरूकता अभियान में आगरा मंडल की सांस्कृतिक टीम द्वारा पैंपलेट एवं पोस्टर के माध्यम से यात्रियों को यू टीएस ऑन मोबाइल एप्प उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान लगभग 250 लोगों को यूटीएस एप्लिकेशन उनके मोबाइल में इंस्टॉल करके उसे उपयोग करना बताया गया। अभियान में मंडल वाणिज्य निरीक्षक दुर्गा प्रसाद, मगन मीना डीसीआरआई, सचिन कश्यप मंडल वाणिज्य निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विहिप के पूर्व विस्तारक ने शिवम होटल में की वार्ता



**फिरोजाबाद।** पूर्व विस्तारक विश्व हिंदू परिषद नीतेश कुमार ने शिवम रेस्टोरेंट में एक प्रेस वार्ता की। जिसमें उन्होंने अपना बयान देते हुये भाजपा से टिकट पाने को जनहित में एक संदेश जारी किया और कहा अगर उन्हें टिकट मिलता है तो वह नामांकन से दो दिन पहले अपनी संपत्ति सार्वजनिक करके गरीब बेटियों की शादी में उक्त संपत्ति को जनहित में खर्च कर देंगे। जब उनसे पूछा गया कि आपके पास कितनी संपत्ति है तो बोले उनके पास तीन मकान हैं जिनमें दो मकान बेचकर वे जनहित में भाजपा की टिकट मिलते ही नामांकन से दो पहले लगा देंगे। उनका कहने का स्पष्ट मतलब था अगर भाजपा से टिकट नहीं मिली तो वह ये नहीं करेंगे फिर जो भी प्रत्याशी खड़ा होगा उसके संग जुट जायेंगे। देखा जाये तो उन्होंने मीडिया के सहारे बीजेपी हाईकमान तक अपना संदेश पहुंचाया है कि टिकट मिलते ही दो मकान बेचकर उसे जनहित में लगा देंगे। इस दौरान पूर्व सांसद ओमपाल सिंह निडर संग अन्य कई जन शामिल रहे।

### आयोजित किया जाएगा संपूर्ण समाधान दिवस

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी आईएएस डॉ उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में माह के प्रथम शनिवार, 2 मार्च को तहसील सदर में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित का आयोजन किया गया है। जिसमें, जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर जनता की समस्यायें सुनेंगे और उनका निस्तारण करायेंगे। इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त तहसील सभागार में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि, प्रातः 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

### ग्लोबल पीस फाउंडेशन को किया गया सम्मानित



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उम्दा कार्य करने के लिए ग्लोबल पीस फाउंडेशन को सम्मानित किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह ने यह सम्मान ग्रहण किया। इस संबंध में इटावा क्लब में आयोजित कार्यक्रम में इस फाउंडेशन के कामकाज की सराहना की गई और सम्मानित किया गया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह को सम्मान प्रमाणपत्र दिया। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी,भाजपा नेता कृष्ण मुरारी गुप्ता मौजूद रहे। सीमा सिंह ने कहा कि इस सम्मान से हौंसला बढ़ा है और अब अधिक परिश्रम के साथ संस्था की ओर से कार्य किया जाएगा।

### डीबीए औरैया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष का हुआ स्वागत



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी विवेक द्विवेदी एडवोकेट ने बताया कि÷डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन औरैया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी एडवोकेट एवं महामंत्री पप्पल चौबे एडवोकेट तथा कोषाध्यक्ष के आगमन पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। डी0बी0ए0 के अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे एवं महामंत्री राजेश कुमार सिंह यादव ने उन्हें माला पहनाकर एवं शॉल ओढाकर सम्मानित किया। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों ने भी उनका स्वागत किया। समारोह में अरविन्द प्रताप सिंह, वीरेन्द्र कुमार दुबे, गुरू प्रसाद द्विवेदी, कुँवर बहादुर सिंह, अनिल कुमार वर्मा, सत्येन्द्र पाल सिंह यादव, भुवनेश यादव, मैराज अली खान, रीना यादव, पदमा दुबे, सचिन दत्त तिवारी, विवेक द्विवेदी, अभय प्रताप सिंह, कुलदीप यादव, प्रदीप कुशवाहा, वीर प्रकश सिंह, योगेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### फरहान शकील का सपा कार्यालय पर हुआ स्वागत



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष फरहान शकील का शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित सपा कार्यालय पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, महामंत्री वीरू भदौरिया, उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, जिला मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता विक्की गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर यादव, सतीक मंसूरी, ईशान मिर्जा, हाशिम मिर्जा, इमरान बेग, अंकुर यादव आदि ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा श्री फरहान का स्वागत कर शुभकामनाएं दी।

# जीआरपी ने दिल्ली जा रही चांदी सहित दो को पकड़ा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में जीआरपी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। भारी मात्रा में चांदी लेकर जा रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों युवकों से 73 किलो चांदी की पायलें बरामद हुई हैं। जीआरपी ने आयकर विभाग की टीम को सूचना दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची। आयकर विभाग की टीम ने दोनों युवकों से पूछताछ करने में जुटी है। वहीं अभी तक यह पता नहीं चल पाया है, कि यह चांदी कहां से आई है और यह वक्त किस सप्लाई देने जा रहे थे।जंक्शन से चांदी की खेप लेकर दिल्ली जा रहे दो युवकों को जीआरपी टीम ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर दोनों के पास मौजूद बैग से 73 किलो चांदी की पायल बरामद हुई हैं। आयकर विभाग की टीम दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है।

जीआरपी थाना प्रभारी संदीप तोमर ने बताया कि दोनों युवक जगदीश और राम किशन निवासी गोविंद नगर मथुरा प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन पकड़ने के लिए खड़े थे। संदेह होने पर दोनों से पूछताछ की गई तो दोनों का रवैया संदेहास्पद लगा। इस पर उनके पास मौजूद बैग की तलाशी ली गई। बैग में चांदी से बनी पायल रखी हुई थीं। इनका वजन करीब 73 किलो है। पूछताछ में दोनों युवकों ने बताया कि वे चांदी की पायल बेचने के लिए दिल्ली जा रहे थे।

# शिक्षा विभाग से कृष्ण कुमार हुए सेवानिवृत

**अवधनामा संवाददाता**



**बिलग्राम।** शिक्षा विभाग से कृष्ण कुमार उर्फ मुन्ना अपना कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर कर बीआरसी केंद्र बिलग्राम पर विदाई को समारोह का आयोजन कर उन्हे भावभीनी विदाई दी विदाई समारोह की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने की और संचालन शैलेंद्र कुमार व शकील अहमद ने की। समारोह के दौरान सेवानिवृत कर्मचारी कृष्ण कुमार व जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने माला तथा अंगवस्त्र भेंट कर उनके आगे जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने कहा सरकारी कर्मी को एक दिन सेवानिवृत होना सुनिश्चित होता है उन्होंने कसेवानिवृत कृष्ण कुमार की प्रशंसा के करते हुए कहा इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। वहीं शकील अहमद ने कहा कृष्ण कुमार निवृत हो जाने पर हम लोगों को इनकी कमी खलती रहेगी। सेवानिवृत कृष्ण कुमार ने कहा हमें अपने सेवा काल के दौरान शिक्षा विभाग से अधिकारियों तथा शिक्षकों से ढेरों प्यार व स्नेह मिला जिसको मैं भुला नहीं पाऊंगा इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार, जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष शकील अहमद, राजकुमार फरीद अहमद, अखिलेश श्रीवास्तव, अकील अहमद, लईक अहमद, रीता रानी मौर्या, सुनीता मुनीर खान, रेहाना परवीन, नासरा परवीन, अशोक, अशोक कुमार, श्रीशचंद, सुनीता, शैलेंद्र कुमार विनोद कटियार, नन्हे लाल, मान सिंह, आदि समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# इलीजारोव ब्रजवासियों के लिए बन रहा है वरदान

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** 'इलीजारोव' पद्धति आर्थोपेडिक ब्रांच में रसियन टैक्निक है जिसके चलते नई हड्डी बनाई जाती है व विषम विकृतियां ठीक की जाती है। यह सुविधा बड़े अस्पतालों व विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा ही दी जाती है। लेकिन केएम सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल में पिछले तीन सालों से इस टैक्निक का प्रयोग कर अनेक ऑपरेशन कर कई मरीजों को जीवन दिया है। इसी श्रृंखला में 25 वर्षीय कन्हैया का इलीजारोव विधि से सर्जरी की गई थी। ज्ञात रहे कि एक वर्ष पहले कन्हैया का एक्सीडेंट के चलते दोनों पैर की हड्डियां टूट गई थी, जिसके चलते उन्होंने भरतपुर ऑपरेशन करा लिया था। किन्तु पैर में मवाद पड़ गया, हड्डी जुड़ नहीं पाई, जिसके कारण पैर टेढ़ा हो गया और परिणाम यह रहा कि पैर काटने की नौबत आ गई थी। उसके परिजनों ने जयपुर, भरतपुर, मथुरा व आगरा के विभिन्न अस्पतालों में पैर काटने की सलाह दी गई थी, ऐसे में वह केएम हॉस्पिटल के इलीजारोव विशेषज्ञ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ प्रो.डा. हर्षित जैन से मिले, उन्होंने इलीजारोव विधि से इसकी गली हड्डी निकाली व इलीजारोव विधि से लगभग 12 से.मी. की हड्डी बनाकर डाला गया। सर्जरी करने वालों में डा. जैन के अतिरिक्त डा. आनंद गुप्ता, डा. पंकज व डा. शिवम, डा. विश्वास, डा. दिवाकर का विशेष सहयोग रहा। प्रोफेसर डा. हर्षित जैन ने बताया कि कन्हैया का केस बहुत ही विषम व मुश्किल था। इसमें न केवल निकाली गई हड्डी को दोबारा बनाना अपितु पंजे के विकृति के कारण इसको पैर पर वजन दिलाना बहुत ही चुनौतीपूर्ण था। किन्तु अब कन्हैया का पैर पूर्ण रूप से ठीक है, वह न केवल अभी अपने पैर पर खड़ा हो पा रहा है, बल्कि अपनी दैनिक क्रियाओं को बखूबी कर रहा है। कन्हैया के परिजनों ने केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी सहित डा. हर्षित जैन व उनकी टीम की विशेष सरहाना करते हुए धन्यवाद दिया है, उन्होंने बताया कि उनके भाई की जीवरभर की अपंगता से बचा लिया है, केएम हॉस्पिटल में उसे नई जिन्दगी मिली है। असिस्टेंट प्रोफेसर डा. आनंद गुप्ता ने बताया कि डा. हर्षित जैन के सानिध्य में न केवल कन्हैया बल्कि हाकिम, विष्णु, कौशल, गोपाल आदि मरीज जिनका अन्यत्र पैर काटने का ऑपरेशन बताया गया था लेकिन केएम में इलीजारोव विधि से सफलतापूर्वक सर्जरी हुई और यह मरीज अब बिल्कुल ठीक है।

केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन सिंह चौधरी ने बताया कि केएम हॉस्पिटल की आर्थोपेडिक टीम के डाक्टर्स बहुत ही कुशल व विश्वस्तरीय कार्य कर रहे है। ब्रजवासियों से मैं आव्हान करता हूं कि वह हड्डी संबंधी किसी भी जटिल समस्या के लिए आपके केएम अस्पताल से संपर्क करें। उसका उपचार व उचित इलाज होगा। इस अवसर पर केएमयू के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वीजी डा. शरद अग्रवाल, एडीशनल मेडीकल सुपरिडेंट डा. आरपी गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, रजिस्ट्रार पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।

## जेपी हॉस्पिटल ने की हजार से अधिक सफल किडनी ट्रांसप्लांटः डॉः सिन्हा

**मथुरा।** दिल्ली-एन.सी.आर. में अग्रणी एवं उत्तर भारत में प्रमुख स्थान रखने वाले, नोएडा स्थित मल्टी सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान जेपी हॉस्पिटल नोएडा ने प्रत्यारोपण चिकित्सा 1 हजार से अधिक सफल किडनी प्रत्यारोपण कर एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और खास बात यह है कि पूरे दिल्ली-एन.सी.आर. में जेपी हॉस्पिटल में अंगों का प्रत्यारोपण बहुत ही उचित कीमत पर किया जाता है। दुनियाभर से आएं मरीज़ो का सफल किडनी प्रत्यारोपण कर विश्वास के साथ विदेश में भी हॉस्पिटल ने एक सम्मानजनक स्थान हासिल किया है। अपनी उपलब्धि पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए जेपी हॉस्पिटल के नेफ्रोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. विजय कुमार सिन्हा ने कहा, भारत में हर साल करीब 12 हजार से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट हो रहे है और ख़राब जीवनशैली के चलते अधिकांश लोग किडनी की समस्याओं से ग्रषित है। ट्रांसप्लांट एक सफल प्रक्रिया है और ट्रांसप्लांट की मदद से मरीजों को नई जिंदगी प्रदान की जाती है।

# बसपा का प्रतिनिधि मंडल डीएम और एसएसपी से मिला

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।**सदर तहसील के थाना जैत अंतर्गत गांव में डॉक्टर अंबेडकर के नाम से राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज जमीन पर अंबेडकर प्रतिमा को स्थापित करने में ग्राम प्रधान और सामान्य जाति के लोगों ने लाम बंद होकर जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है जिसका विरोध डॉक्टर अंबेडकर समर्थकों के द्वारा किए जाने पर सत्ता पक्ष और प्रशासन की शह पर प्रतिमा को लगाने से रोकने के साथ ही महिला पुरुषों पर जुल्म और अत्याचार किया जा रहा है किस प्रकरण को लेकर बहुजन समाज पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल भारी संख्या में ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिला और न्याय उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह वरिष्ठ बसपा नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ, जसराम सिंह के नेतृत्व जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के कार्यालय पर मुलाकात कर गांव तोष मैं सत्ता संरक्षित ग्राम प्रधान और उनके समर्थक डॉ आंबेडकर के नाम से राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज भूखंड पर जाटव समाज के लोगों को डॉ अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने से रोका जा रहा है पुलिस भी जाटव समाज के लोगों पर अत्याचार कर रही है और उन्हीं के लोगों को अकारण बंद किया हुआ है महिला और पुरुषों पर जुल्म किया जा रहा है इस मामले को लेकर बसपा के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर निर्दोष लोग जो पुलिस ने बंद कर रखे हैं उन्हें तत्काल रिहा करने और पुलिस और प्रशासन की देखरेख में डॉ अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने तथा अवैध कब्जे को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर जसराम सिंह, जिला प्रभारी हेमेंद्र कुमार ,जिला महासचिव ओमप्रकाश बघेल, मुनेंद्र सिंह निगम, कुंदन सिंह बघेल, सत्येंद्र कुमार, योगेंद्र सिंह, राजा राम निगम, जिला कोषाध्यक्ष गुल मोहम्मद के अलावा भारी संख्या में पीड़ित महिला पुरुष शामिल रहे।

## प्रदेश में बहन बेटियां सुरक्षित नहींः प्रताप सिंह

**मथुरा।** बसपा सुप्रीमो कुमारी मायावती के निर्देशन पर बहुजन समाज पार्टी जनपद मथुरा के (83) छाता विधानसभा क्षेत्र के सैक्टर जैत नगला स्टेशन अंबेडकर पार्क में सैक्टर स्तरीय कैडर कैंप आयोजित किया गया केडर कैंप के मुख्य अतिथि पूर्व (एम एल सी) व आगरा मंडल प्रभारी प्रताप सिंह बघेल जी ने बताया वर्तमान सरकार में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है आपने देखा होगा मणिपुर हो या हाथरस में जो बहन बेटियों के साथ एक के बाद एक लगातार जो घटना घटी थी यह घटना पूरे देश में शर्मसार कर देने वाली थी जब बहन जी की सरकार थी तो बहन बेटियां सुरक्षित थी स्कूल हो या बाजार जाने आने में कोई परेशानी नहीं थी बहन जी के सख्त कानून के डर से या तो गुंडे प्रदेश छोड़कर भाग जाते थे या जेल की सलाखों के पीछे हुआ करते थे बहुजन समाज पार्टी एक राजनीतिक दल के साथ-साथ संतों गुरुओं महापुरुषों का एक आंदोलन है गरीब मजदूरों की एक आवाज है एक मिशन मूवमेंट है कानून का राज कानून के द्वारा अगर चाहिए तो 2024 के लोकसभा चुनाव में बहन जी को लाना एवं ईवीएम को हटाना है वैलिड पेपर से चुनाव कराना है।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार 25 हजार का इनामी

**मथुरा।** कोसीकलां थाना पुलिस द्वारा बुधवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार शातिर अपराधी अनिल उर्फ ट्विंकल से पूछताछ में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। उसने बताया कि अपने गांव के सरपंच की हत्या करने के लिए वह पुलिस हिरासत से भागा था। पुलिस हिरासत से भागने के बाद उसने हथियार व कारतूस भी जुटा लिए थे। इसी के साथ हरियाणा की एक जेल में बंद अपने बड़े भाई उमेश को भी भगाने की साजिश रची थी। फिलहाल पुलिस अभिरक्षा में उसका उपचार चल रहा है। शनिवार या रविवार को डॉक्टर की सलाह के बाद उसे जेल में दाखिल किया जाएगा।

■ पेशी पर आए शातिर को पुलिस कस्टडी से ले उड़ी थी पत्नी

एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार रात आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोसीकलां थाना क्षेत्र के हथाना-कोटवन मोड़ पर मुठभेड़ के बाद अनिल को दबोच लिया। उसके दोनों पैरों में गोली लगी है। पूछताछ में उसने कई खुलासे किए हैं। बताया कि, होडल के जिस गेस्ट हाउस में जिस महिला को अपनी पत्नी बताकर मिला था। वह उसकी पत्नी नहीं, बल्कि प्रेमिका खुशबू है, जो कि दिल्ली के एक उद्यमी की बेटी है। वह हर पेशी पर उससे मुलाकात करने आती थी।अनिल ने बताया कि 16 जनवरी को उसे पुलिस की शिथिलता के चलते भागने का मौका मिला। वह पुलिसकर्मियों के सामने ही खुशबू के साथ भाग गया। होडल से भागकर सीधे हरिद्वार पहुंचा था। वहां कई दिनों तक खुशबू के साथ रहा। इसके बाद दिल्ली आया। यहां एक फ्लैट लिया। देहरादून भी गया। इस दौरान खुशबू उसका खर्चा उठा रही थी। भागने का उद्देश्य बताया है कि वह अपने गांव भिड़ूकी के सरपंच अरुण की हत्या करना चाहता था। इसके लिए उसने हथियार, कारतूस जुटा लिए थे। हरियाणा की जेल में 10 साल की सजा काट रहे बड़े भाई उमेश को अन्य मुकदमों की पेशी पर कोर्ट जाने के दौरान पुलिस हिरासत से भगाना चाहता था, लेकिन सफल नहीं हो सका। इधर, उसके भागने की सूचना पर सरपंच अरुण भी सतर्क हो गया था। वह अकेला घर से निकलता नहीं था। अनिल ने उसकी कई बार रैकी की, लेकिन हत्या का मौका नहीं मिला।अनिल ने फरारी के दौरान अपने खर्चे चलाने के लिए रंगदारी मांगना भी शुरू कर दिया था। होडल के सुनील नाम के कारोबारी से उसने रंगदारी मांगी थी। एक कपड़ा विक्रेता के यहां अपने गुर्गे भेजकर उससे कई जोड़ी कपड़े भी रंगदारी में लिए थे।अनिल के पिता हरवीर सरपंच रह चुके हैं। वर्तमान में इस कुर्सी पर गांव के अरुण का कब्जा है। सरपंची को लेकर दोनों पक्षों में कई साल पुरानी रंजिश है। इस रंजिश में कई बार गोली भी चल चुकी है। विपक्षी द्वारा अनिल व उसके परिवार व अन्य गुर्गों पर सात मुकदमे भी दर्ज कराए चुके हैं। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि अनिल की गिरफ्तारी के बाद उसकी प्रेमिका खुशबू पर शिकंजा कसा जा रहा है। जल्द ही उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी। फरारी के दौरान अनिल के अन्य कौन-कौन मददगार रहे, उनकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# लघु सिंचाई विभाग से लाभवान्वित करने हेतु लगी चौपाल

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** क्षेत्र के कृषकों को लघु सिंचाई विभाग से सम्बंधित अधिक से अधिक जानकारी देकर कृषकों के जीवन को खुशहाल बनाने का प्रयास जारी है। आज एशोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज के वर्तमान में जिला मंत्री राजेश तिवारी की अगुआई में विकास खण्ड मेजा के ग्राम पंचायत धरावल में चौपाल लगाकर पुरूष एवं महिला कृषकों को लघु सिंचाई विभाग की बहुत से जानकारी उपलब्ध करायी। जिला मंत्री ने बताया कि विकास खण्ड मेजा पहाड़ी एरिया का ब्लॉक है। इस विकास खण्ड में कृषकों के लिए दो योजनाएं सबसे बेहतर हैं। पहली डी0टी0एच0 बोरिंग जो कृषकों से कुछ कृषक अंश लेकर एवं विभागीय सब्सिडी देकर पूर्ण कराई जाती है। जिसमें कृषक को पूर्ण बोरिंग के साथ 300 फिट साकेट वाली 4 इंच की हस्ती पाइप और विद्युत कनेक्शन पर 68000 हजार रुपये की विभागीय सब्सिडी दी जाती है। दूसरी योजना कृषकों के लिए ब्लास्ट कूप है जिसमें कृषक के खेतों की सिंचाई हेतु एक 7 मी0 व्यास का पत्थर तोड़कर एक बड़ा कुआँ बनाया जाता है जिसमें कृषक से कुछ कृषक-अंश लेकर 7.5 हार्स पॉवर का डीज़ल इंजन एवं 500 फिट साकेट वाली 4 इंच की हस्ती पाइप दी जाती है। इन योजनाओं के बारे समझकर चौपाल में उपस्थित ग्राम प्रधान हीरा मणि ने कहा कि लघु सिंचाई विभाग की इन योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को अधिक से अधिक जानकारी देकर लाभवान्वित करवाऊंगा।

# बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निपुण विद्यालय सम्मान समारोह

**अवधनामा संवाददाता**




**फिरोजाबाद।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निपुण विद्यालय सम्मान समारोह का आयोजन नगर के पालीवाल हॉल में किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने 250 निपुण विद्यालयों के अध्यापकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम का आगाज केजीबीवी की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से किया। बीएसए आशीष कुमार पांडे निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षक संदर्शिकाओं का प्रयोग करने, दीक्षा एप, रीड अलांग एप, निपुण लक्ष्य एक का प्रयोग किये जाने हेतु शिक्षकों को प्रोत्साहित किया गया। आगामी सत्र में अधिक से अधिक विद्यालयों को निपुण बनाए जाने हेतु प्रेरित किया। सीडीओ दीक्षा जैन ने शत प्रतिशत निरीक्षण का लक्ष्य पूर्ण किये जाने, सपोर्टिव सुपरविजन गुणवत्ता पूर्व कार्य किये जाने पर विशेष बल दिया। महापौर कामिनी राठौर ने बालिका की शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों से अच्छी शिक्षा प्रदान करने की बात कही। साथ ही प्रधानमंत्री की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु जनपद में तीन छात्रवास का निर्माण कराया जा रहा है। सदर विधायक मनीष असीजा ने निपुण विद्यालयों के अध्यापकों, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रशासन को बधाई देते हुए और अधिक अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही टेबलेट से उपस्थिति एवं डिजिटलाइजेशन पर जोर किया। कार्यक्रम का संचालन एसआजी की जया शर्मा ने किया। इस दौरान नगर शिक्षाधिकारी सुधीर गुप्ता, वरिष्ठ डायट प्रवक्ता ओमपाल सिंह, बीओ उपेंद्र सर, जिला स्काउड गाडड विनीता चैधरी, रीमा यादव के अलावा खंड शिक्षाधिकारी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पाचन तंत्र को मजबूत और हेल्दी बनाने के लिए जरूर लें ये 3 मील्स, बीमारियां रहेंगी कोसों दूर

आज हम आपको 3 ऐसे मील्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको डाइट में शामिल करने से आप गट को हेल्दी बना सकते हैं। गट को हेल्दी रखने के लिए किसी दवा या ट्रीटमेंट की जरूरत नहीं होती है। खुद को फिट और हेल्दी रखने के लिए गट को मजबूत बनाना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि अगर गट सही तरीके से काम करता है, तो बीमारियों का खतरा काफी कम होता है। गट यानी की पाचन क्रिया, जो हम खाते हैं उसको पचाने का काम करता है। यदि हमारे शरीर में पाचन क्रिया सही से काम नहीं करती है, तो इससे बॉडी के दूसरे अंगों को भी नुकसान पहुंचता है। वहीं गट हेल्थ में लापरवाही बरतने पर इसका सीधा असर पाचन और इम्यूनिटी पर पड़ सकता है।



ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप गट को किस तरह से हेल्दी रख सकते हैं। बता दें कि गट को हेल्दी रखने के लिए किसी दवा या ट्रीटमेंट की जरूरत नहीं होती है। आप अपने खानपान के जरिए ही इसको स्वस्थ रख सकते हैं। आज हम आपको 3 ऐसे मील्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको डाइट में शामिल करने से आप गट को हेल्दी बना सकते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक गट को हेल्दी बनाए रखने के लिए सब्जियों और दाल आदि को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। वहीं मसाले वाले खाने का कम से कम सेवन करना चाहिए। क्योंकि जब खाने में ज्यादा मसाले का इस्तेमाल किया जाता है, तो यह आपकी पाचन क्रिया को कमजोर कर सकता है।

### खिचड़ी

अधिकतर लोग खिचड़ी का नाम सुनते ही मुंह बना लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि खिचड़ी सेहत और स्वाद का खजाना होती है। दाल, चावल और कई तरह की सब्जियों को मिलाकर बनने वाली खिचड़ी में पोषक तत्व पाए जाते हैं। इस तरह की खिचड़ी में डायटरी फाइबर्स, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। वहीं इसमें फैट और कैलोरी की भी काफी कम मात्रा पायी जाती है। जिसके चलते इसको पचाना काफी आसान होता है। खिचड़ी खाने से भूख कम लगती है और फाइबर युक्त होने के कारण यह पाचन क्रिया को दुरुस्त करने में सहायक होती है। आप लंच या डिनर में खिचड़ी शामिल कर सकते हैं।

### दाल-चावल

दाल-चावल न सिर्फ कंप्लीट मील होता है, बल्कि यह दिल की सेहत के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। रोजाना दाल-चावल खाने से ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है और यह आपके मूड को बेहतर बनाता है। इसमें प्रोटीन और फाइबर जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिससे आपको पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है। साथ ही यह गट को भी हेल्दी बनाने में मदद करता है।

### वेजिटेबल सूप

बता दें कि सूप अपने आप में एक कंप्लीट मील है। रात को डिनर, लंच या फिर स्नैक्स की क्रेविंग को खत्म करने के लिए आप सूप का सेवन कर सकते हैं। सूप कई तरह की सब्जी और दाल को मिलाकर बनाया जाता है। यह पाचन क्रिया के लिए काफी अच्छा होता है। सूप में डाली गई सब्जियों में विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में जब आप सब्जियों से बने सूप का सेवन करते हैं, तो शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं और बीमारियों का खतरा काफी कम होता है।

# फिटनेस फ्रिक लोगों के बीच चर्चा का मुद्दा बनी फ्लेक्सिटेरियन डाइट, जानें इसके बारे में सब कुछ

फ्लेक्सिटेरियन डाइट आधी-शाकाहारी डाइट है, जो फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, मेवे, बीज और फलियों को प्राथमिकता देती है। ये डाइट पौधे-आधारित खाद्य पदार्थों का सेवन करने पर जोर देती है। इसे फॉलो करने वाले लोग कभी-कभी मांस और अन्य पशु उत्पादों का सीमित मात्रा में सेवन कर सकते हैं। फिटनेस फ्रिक के बीच इन दिनों फ्लेक्सिटेरियन डाइट काफी लोकप्रिय हो रही है। फ्लेक्सिटेरियन डाइट आधी-शाकाहारी डाइट है, जो फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, मेवे, बीज और फलियों को प्राथमिकता देती है। ये डाइट पौधे-आधारित खाद्य पदार्थों का सेवन करने पर जोर देती है। इसे फॉलो करने वाले लोग कभी-कभी मांस और अन्य पशु उत्पादों का सीमित मात्रा में सेवन कर सकते हैं। फ्लेक्सिटेरियन डाइट के कोई सख्त नियम नहीं है। लोग अपनी प्राथमिकताओं के अनुरूप इसे अपनी लाइफस्टाइल में शामिल कर सकते हैं। इसलिए ये फिटनेस फ्रिक लोगों के बीच चर्चा का मुद्दा बनी हुई है।

**पौधे**-आधारित फूड्स का सेवन करना- फ्लेक्सिटेरियन डाइट का ध्यान पौधे-आधारित खाद्य पदार्थों का सेवन करने पर




केंद्रित है। इसमें फल, सब्जियाँ, साबुत अनाज, फलियाँ, मेवे, बीज और पौधे-आधारित तेल शामिल हैं। ये खाद्य पदार्थ भोजन का आधार बनते हैं और विटामिन, खनिज, फाइबर और एंटीऑक्सिडेंट सहित अधिकांश पोषक तत्व प्रदान करते हैं।

**मांस के सेवन को कम करना**- फ्लेक्सिटेरियन डाइट का लक्ष्य मांस, पोल्ट्री और समुद्री भोजन की खपत को कम करना है। मांस का सेवन स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं, पर्यावरणीय स्थिरता और पशु कल्याण से संबंधित नैतिक विचारों सहित विभिन्न कारकों से प्रेरित होती है।

**लचीलापन**- फ्लेक्सिटेरियन शब्द लचीले और शाकाहारी शब्दों से निकला है, जो इस खाने के पैटर्न की आसानी से अडॉप्ट हो जाने वाली प्रकृति को उजागर करता है। सख्त शाकाहारी या शाकाहारी आहार के विपरीत, फ्लेक्सिटेरियनवाद लचीलेपन और संयम की अनुमति देता है। कोई कठोर नियम या सख्त दिशानिर्देश नहीं हैं कि कोई कितना मांस या पशु उत्पाद खा सकता है।

**स्वास्थ्य लाभ**- पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थों पर जोर देकर, फ्लेक्सिटेरियन डाइट कई संभावित स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। शोध से पता चलता है कि फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और फलियों से भरपूर आहार हृदय रोग, मधुमेह और कुछ कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के कम जोखिम से जुड़े हैं। इसके अतिरिक्त, मांस का सेवन कम करने से संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल के सेवन को कम करने में मदद मिल सकती है, जिससे हृदय संबंधी स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।

# सुबह की शुरुआत करें इन 5 इंफ्यूज्ड वॉटर से, मिलेंगे अनगिनत फायदे



स्वस्थ रहने के लिए इंफ्यूज्ड वॉटर लाभदायक होता है। यहां जानें इंफ्यूज्ड वॉटर का जबरदस्त फायदे, घर में इस तरह से बना सकते हैं 5 इंफ्यूज्ड वॉटर।। अगर आप हेल्दी रहना चाहते हैं तो आपको अपनी दिनचर्या में बदलाव करना जरुरी है। चलिए आज हम इस लेख में आपको 5 तरह के इंफ्यूज्ड वॉटर के फायदे बताएंगे।

तनाव और बदलती लाइफस्टाइल के चलते अक्सर लोगों को पेट से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। इसके साथ ही अगर आप हेल्दी फूड्स नहीं सेवन करत हैं तो आपकी इम्यूनिटी पर काफी असर पड़ता है। जिससे कई बीमारियों का खतरा बना रहता है। अगर आप हेल्दी रहना चाहते हैं तो आपको अपनी दिनचर्या में बदलाव करना जरुरी है। चलिए आज हम इस लेख में आपको 5 तरह के इंफ्यूज्ड वॉटर के फायदे बताएंगे।

### अजवाइन का पानी

अजवाइन का पानी पेट से संबंधित समस्याओं को कम करने में सहायक हो सकता है। जिन लोगों को कब्ज, एसिडिटी और अपच की शिकायत रहती है उन्हें नियमित रुप से अपने दिन की शुरुआत अजवाइन का पानी से कर सकते हैं। इससे बनाने की विधि आपको बताते हैं, 1 गिलास पानी में 1 चम्मच अजवाइन डालकर रातभर के लिए भिगोएं। अगले दिन सुबह इस पानी को पिएं। अजवाइन में एंटी ऑक्साडेंट्स के साथ विटामिन सी और कैल्शियम के गुण पाएं जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है।

### काली किशमिश का पानी

कब्ज से छुटकारा पाने के लिए काली किशमिश का पानी में अनेक फायदे होते हैं। काली किशमिश खांसी की शिकायत को दूर करने में मदद करती है। काली किशमिश एंटीऑक्साडेंट्स से भरपूर होती है जो कई रोगों के खिलाफ लड़ाई में मदद कर सकता है। साथ ही इसका पानी पीने से वजन को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। 4-5 काली किशमिश को रातभर के लिए 1 गिलास पानी में भिगोकर रखें और अगली सुबह इसे पिएं।

### दालचीनी का पानी

दालचीनी का पानी इंसुलिन रेजिस्टेंस को बैलेंस करने में मददगार होती है। यह डायबिटीज को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। दालचीनी का पानी डायबिटीज रोगियों के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसे बनाने के लिए 2 इंच दालचीनी का टुकड़ा रातभर के लिए 1 गिलास पानी में भिगोकर रखें औरअगली सबुह इस पानी को पिएं।

### धनिया का पानी

धनिया का पानी हेल्द के लिए बेहद फायदेमंद होता है। शरीर में थायराइड का लेवल बिगड़ने पर धनिये का पानी लाभकारी साबित हो सकता है। धनिया का पानी हाइपोथायरायडिज्म में काफी फायदेमंद होता है। इसके साथ ही धनिया का पानी पाचन को दुरुस्त करने में मदद करता है और त्वचा के लिए काफी हेल्दी है।

### मेथी का पानी

आजकल काफी महिलाएं की समस्या से जूझ रही हैं। ऐसे में मेथी का पानी लाभदायक साबित हो सकता है। मेथी में विटामिन, विटामिन, विटामिन और अन्य पोषक तत्व, शरीर में हार्मोन्स को संतुलित करने में मदद कर सकते हैं। मेथी का पानी पाचन प्रक्रिया को सुधारने में मदद करता है।

# पुरुष हो गए हैं लगातार झड़ते बालों से परेशान तो बस एक चम्मच कॉफी आएगी आपके काम

कॉफी से हेयर फॉल रोकने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप इससे हेयर मास्क तैयार करें। इसके लिए सबसे पहले बड कॉफी लें। अब इसमें कैरियर ऑयल जैसे नारियल तेल या जैतून का तेल लें। इन दोनों को अच्छी तरह मिक्स कर लें। सुबह-सुबह एक कप कॉफी हमें रिचार्ज कर देती है। जब भी हम काम के बीच में थकान का अनुभव करते हैं तो कॉफी पीने का ही मन करता है। हालांकि, कॉफी सिर्फ बॉडी ही नहीं, बल्कि बालों को भी रिचार्ज करने का काम करती है। आज के समय में चाहे महिला हो या पुरुष, अधिकतर लोग हेयर फॉल के कारण परेशान रहते हैं। ऐसे में वे तरह-तरह के नए हेयर प्रोडक्ट्स ट्राई करते रहते हैं। जबकि जवाब एक चम्मच कॉफी में ही छिपा है।

कॉफ़ी का उपयोग करने से स्कैल्प हेल्थ सुधरती है। कॉफी में मौजूद कैफीन पुरुषों के हेयर फॉलिकल्स में ब्लड सर्कुलेशन को इंप्रूव करता है।



जिससे बाल मजबूत होते हैं और हेयर फॉल की समस्या दूर होती है। इतना ही नहीं, अगर इसे हेयर केयर रूटीन में शामिल किया जाए तो हेयर ग्रोथ में भी मदद मिलती है। तो चलिए जानते हैं कि पुरुष हेयर फॉल दूर करने के लिए कॉफी को कैसे इस्तेमाल करें।

### कॉफ़ी से बनाएं हेयर मास्क

कॉफी से हेयर फॉल रोकने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप इससे हेयर मास्क तैयार करें। इसके लिए सबसे पहले ब्रूड कॉफी लें। अब इसमें कैरियर ऑयल जैसे नारियल तेल या जैतून का तेल लें। इन दोनों को अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को अपने सिर और बालों पर लगाएं और अच्छी तरह से मसाज करें। इसे करीबन 30 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब इसे शैम्पू और पानी की मदद से क्लीन कर दें।


### कॉफ़ी से बनाएं स्कैल्प स्क्रब

कॉफी से स्कैल्प स्क्रब बनाने पर डेड स्किन सेल्स को रिमूव करने और ब्लड सर्कुलेशन को इंप्रूव करने में मदद मिलेगी। इससे भी हेयर फॉल दूर होगा। स्कैल्प स्क्रब बनाने के लिए बारीक पिसी हुई कॉफ़ी को थोड़े से पानी के साथ मिक्स करें। अब इस स्क्रब को धीरे-धीरे अपने सिर पर लगाकर सर्कुलर मोशन में मसाज करें। इसे कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद आप इसे पानी की मदद से अच्छी तरह धो लें और फिर शैम्पू व कंडीशनर की मदद से बालों को क्लीन करें।

### कॉफ़ी से करें हेयर रिंस

कॉफी से हेयर रिंस करने से ना केवल पुरुषों में हेयर फॉल कम होता है, बल्कि उनके बाल अधिक सिल्की व शाइनी भी बनते हैं। इसके लिए 2 कप पानी उबालें और उसमें 2-3 बड़े चम्मच कॉफी ग्राउंड डालें। इसे लगभग 10-15 मिनट तक उबलने दें और फिर ठंडा होने दें। एक महीन जाली वाली छलनी या चीज़क्लोथ का उपयोग करके पानी छान लें। हमेशा की तरह अपने बालों को शैंपू करें और फिर तैयार पानी को सिर और बालों पर डालें। अब अपनी स्कैल्प पर कुछ मिनट तक मसाज करें। इसे करीबन 5-10 मिनट तक लगा रहने दें। अंत में, अपने बालों को गुनगुने पानी से अच्छी तरह धो लें।

# सात महीने के बेबी को खाने में क्या दें



छोटे बच्चों को हर थोड़ी देर में भूख लगती है और वे एक बार में थोड़ा ही खाते हैं। इसलिए आपको उनकी हर मील का ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान बच्चे को मसला हुआ केला या एवोकाडो दिया जा सकता है। इसके अलावा, शिशु को दलिया या सूजी की खीर भी यकीनन अच्छी लगेगी।

शिशु का आहार उसकी उम्र के आधार पर निर्भर करता है। जब एक शिशु जन्म लेता है तो उसे केवल मां का दूध ही दिया जाता है। यह माना जाता है कि स्तनपान शिशु के लिए संपूर्ण आहार है। यहां तक कि छह माह तक बच्चे को पानी तक देने की कोई आवश्यकता नहीं होती है। उसकी सारी आवश्यकताएं मां के दूध से ही पूरी हो जाती हैं। लेकिन जब बच्चा सात माह का होता है तो मां के दूध के साथ-साथ उसकी डाइट में कुछ ठोस आहार भी शामिल किया जाता है। इस उम्र तक आते-आते बच्चे का पेट सिर्फ मां के दूध से नहीं भरता है। यह बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास दोनों के लिए जरूरी होता है। आमतौर पर, इस दौर में मां बहुत अधिक असमंजस में होती है कि वह अपने शिशु को क्या दे और क्या नहीं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप अपने सात माह के शिशु को खाने के लिए क्या दे सकते हैं।

### ऐसा हो नाश्ता

अब आप करीबन 8.00-8.30 बजे बच्चे को नाश्ता दें। इस दौरान आप उसे अच्छी तरह मैश किए हुए फल जैसे केला, सेब, या नाशपाती दे सकते हैं। इसके अलावा, अच्छी तरह पकी व मैश की हुई सब्जियां जैसे गाजर या शकरकंद भी दिया जा सकता है।

### मिडमार्निंग

शिशु को हर दो-तीन घंटे के गैप पर खाने के लिए देना अच्छा माना जाता है। आप करीबन 10.30-11.00 बजे बच्चे को ब्रेस्टमिल्क दे सकती हैं। अगर आप चाहें तो इसकी जगह शिशु को अनस्वीटन दही भी दे सकती हैं।

### लंच

अब आप लगभग 12.30-1.00 बजे के आसपास बच्चे को लंच दें। इस दौरान अच्छी तरह उबली व मसली हुई दाल या मूंग दाल की खिचड़ी दी जा सकती है। ध्यान दें कि दाल या खिचड़ी पतली हो, क्योंकि आपके शिशु ने अभी-अभी ठोस आहार लेना शुरू किया है।

### दोपहर का स्नैक

छोटे बच्चों को हर थोड़ी देर में भूख लगती है और वे एक बार में थोड़ा ही खाते हैं। इसलिए आपको उनकी हर मील का ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान बच्चे को मसला हुआ केला या एवोकाडो दिया जा सकता है। इसके अलावा, शिशु को दलिया या सूजी की खीर भी यकीनन अच्छी लगेगी।

### इवनिंग स्नैक

करीबन 5.30-6.00 बजे बच्चे को इवनिंग स्नैक दिया जा सकता है। इस दौरान आप बच्चे को स्तनपान करवाएं।

### डिनर

आप बेबी को लगभग 7.30-8.00 बजे डिनर करवा सकते हैं। डिनर में आप दाल व चावल को पकाकर और उसे अच्छी तरह मैश करके दें। इसके अलावा, दाल में नरम रोटी को अच्छी तरह मैश करके भी खाने के लिए दिया जा सकता है।


# जौ घास कई बीमारियों को रखे दूर, फायदे जानकर हो जाएंगे हैरान

जौ घास के रस में भरपूर मात्रा में फाइबर पाए जाते हैं, जो फास्टिंग ब्लड शुगर कम करने और ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद हैं। जौ घास में सैपोनारिन पाया जाता है, जो भोजन के बाद ब्लड ग्लूकोज को नियंत्रित कर सकता है।

बहुत सालों से जौ की खेती हो रही है। जौ एक ग्लूटेन फ्री अनाज है, जौ घास सिर्फ घास नहीं है। यह एक सुपरफूड है। जौ की घास बहुत ही फायदेमंद और कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है। जौ की घास में विटामिन, मिनरल्स और फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं। जौ की घास का रस आसानी से पचने योग्य होता है। बार्ली ग्रास का सेवन हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है और ब्लड शुगर को भी कंट्रोल करता है। जौ की घास का रस वजन घटाने में भी सहायक होता है। आइए जानते हैं जौ घास के कितने फायदे हैं।

### वजन घटाने में सहायक

पोषण विशेषज्ञ के अनुसार, जौ घास का रस मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देकर वजन घटाने में सहायता करता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट और कैलोरी कम होने के कारण यह वजन को



मैनेज करने में सहायक होता है।

### इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है

जौ घास का रस प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत रखता है और शरीर को अनेक बीमारियों से बचाए रखने में मदद करता है। यह रोगों से लड़ने में हमारी सहायता करता है। जौ घास का जूस एंटीजन का पता लगाने में सहायता करता है और एंटीजन के संपर्क में आने पर बीमारी को रोकने के लिए शरीर की इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है।

### मधुमेह को करता है कंट्रोल

जौ घास के रस में भरपूर मात्रा में फाइबर पाए जाते हैं, जो फास्टिंग ब्लड शुगर कम करने और ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद हैं। जौ घास में सैपोनारिन पाया जाता है, जो भोजन के बाद ब्लड ग्लूकोज को नियंत्रित कर सकता है। एक्सपर्ट की सलाह पर मधुमेह के मरीज इसका सेवन कर सकते हैं।

### लिवर की करता है सफाई

जौ घास में क्लोरोफिल होता है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को खत्म करने और लीवर की सफाई करने का काम करता है। इसके अलावा इसमें कई एंजाइम होते हैं जो पाचन को बेहतर बनाते हैं। इनके अलावा जौ घास में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो आंतों की परत को ठीक करके पेट और आंत के रोगों का इलाज करते हैं।

### त्वचा के लिए फायदेमंद

जौ घास एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होती है। जौ घास का रस शरीर को फ्री रेडिकल्स से निपटने के लिए जरूरी पोषक तत्व प्रदान करता है, जो हमारी त्वचा के फायदेमंद होती है।

### ब्लड प्रेशर को करता है नियंत्रित

जौ घास ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए भी यह फायदेमंद माना जाती है। जौ घास में बहुत ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करते है। एक्सपर्ट की सलाह पर ब्लड प्रेशर के मरीज इसका सेवन कर सकते हैं।

# काली किशमिश खाने के जबरदस्त फायदे, एनीमिया से बचाए

काली किशमिश खाने के कई फायदे है। रोजाना काली किशमिश खाने से एनीमिया, ऑस्टियो पोरोसिस, थकान और सांस की तकलीफ नहीं होती। इसे खाने से चेहरे की झुर्रियां गायब हो जाती है, बाल काले, घने और लंबे होते है। आप भी इसका रोजाना सेवन करें। हर व्यक्ति को अपने डाइट में काली किसमिस जरुर शामिल करना चाहिए।

एनीमिया आजकल की एक आम समस्या बन गई है, इस परिस्थिति में हीमोग्बोलिन का स्तर कम हो जाता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को एनीमिया ज्यादा देखने को मिलता है। हर व्यक्ति को एनीमिया अलग-अलग तरह से प्रभावित कर सकता है। एनीमिया के रोगियों को थकान, कमजोरी, सांस लेने में तकलीफ, त्वचा का पीला होना, चक्कर आना, छाती में दर्द होना या सिरदर्द जैसे लक्षण होते हैं। काली किशमिश में कई सारे पोषक तत्व पाए जाते है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और कैलोरी का मात्रा अधिक होती है। हर व्यक्ति को अपने डाइट में



काली किसमिस जरुर शामिल करना चाहिए।

### झुर्रियां बढ़ने से रोके

काली किशमिश में एंटी ऑक्सीडेंट और फाइटोकेमिकल्स त्वचा की प्रतिरक्षा क्षमता बढ़ाते है। काली किशमिश खाने से झुर्रियां बढ़ने से रोकती, जिससे त्वचा जल्दी बूढ़ी नजर नहीं आती।

### बाल मजबूत बनाए

तनाव और गलत लाइफस्टाइल के कारण बाल कामजोर होकर झड़ने लगते है। ऐसे मे आप आयरन से भरपूर किशमिश को खाएं इससे आपके बाल मजबूत होंगे। बाल काले-घने और मजबूत बनाने के लिए इसे आप अपनी डाइट में किशमिश को शामिल कर सकते है।

### एनिमिया से बचाए

आजकल एनिमिया की समस्या काफी देखने को मिलती है। काली किशमिश में कई सारे पोषक तत्व पाए जाते है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और कैलोरी का मात्रा अधिक होती है। हर व्यक्ति को अपने डाइट में काली किसमिस जरुर शामिल करना चाहिए। यह लाल रक्तरोशिकाओं का निर्माण करती हैं। आमतौर पर महिलाओं में एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी देखने को मिलती है। ऐसे में आप रोजाना किशमिश जरुर खाएं।

### पाचन को दुरुस्त रखे

जिन लोगों को पाचन की समास्या रहती उनके लिए काली किशमिश का सेवन फायदेमंद होता है। यह डाइजेशन के लिए लाभकारी है, इसके लिए आप रात को काली किशमिश को भिगो दें। सुबह को सेवन करें इसे पाचन ठी रहेगै।

### एनर्जी बढ़ाने में फायदेमंद

यदि आप दिनभर की थकान से परेशान रहते हैं तो काली किशमिश खाना शुरु कर दें। इसमें मौजूद नैचुरल शुगर मिनटों में एनर्जी लेवल को बढ़ा देती है। आज ही आप अपनी डाइट में किशमिश को शामिल कर सकते है।

वहीं जिनको लो ब्लड प्रेशर की प्रॉब्लम होती है उनके लिए भी काली किशमिश का सेवन लाभकारी है।

# बदलते मौसम में इम्यूनिटी को स्ट्रांग रखने के लिए डाइट में शामिल करें ये 5 सब्जियां,मिलेंगे जबरदस्त फायदे

बदलते मौसम में सेहत का ख्याल रखना बहुत जरुरी है, इस मौसम बीमारियां ज्यादा फैलती है। कमजोर इम्यूनिटी के कारण सर्दी-खांसी और बुखार जैसी बीमारियां होने लगती है। बदलते मौसम में शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाने के लिए इन सब्जियों का सेवन जरुर करें। आपको अपनी इम्यूनिटी को मजबूत रखने के लिए इन सब्जियों का सेवन जरुर करना चाहिए।

बदलते मौसम में हर व्यक्ति को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं परेशान करती है। कमजोर इम्यूनिटी की वजह से वायरल इंफेक्शन, सर्दी-खांसी और बुखार जैसी बीमारियों से व्यक्ति घिर जाता है। बदलते मौसम में इम्यूनिटी को मजबूत रखना बेहद जरुरी है और इससे आपकी बॉडी को बीमारियों से लडने की मदद मिलती है। इम्यूनिटी को स्ट्रांग करने के लिए लोग कई चीजों का सेवन करते है। आपको अपनी इम्यूनिटी को मजबूत रखने के लिए इन सब्जियों का सेवन जरुर करना चाहिए। आइए आपको बताते है बदलते मौसम में इम्यूनिटी को मजबूत रखने के लिए इन 5 सब्जियों का सेवन करें।

### पत्तेदार सब्जियां खाएं

बदलते मौसम में इम्यूनिटी को स्ट्रांग रखने के लिए अपनी डाइट में शामिल करें पत्तेदार सब्जियां। पत्तेदार सब्जियों में विटामिन्स, मिनरल्स



और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। इस मौसम में आप पालक या केल का सेवन कर सकते हैं।

### लौकी की सब्जी खाएं

लौकी सब्जी अगर घर में बन जाए तो सभी लोग इसे खाने के लिए मुंह टेढ़ा करते हैं क्योंकि लौकी हर किसी को पसंद नहीं होती। हालांकि लौकी में विटामिन सी, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन ए और विटामिन के पाए जाते है। इसके साथ ही लौकी में पानी और फाइबर की मात्रा काफी होती है। लौकी खाने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसके साथ ही पाचन में भी सुधार होता है, आप इसका जूस भी पी सकते हैं।

### ब्रोकली का सेवन करें

ब्रोकली स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती, इसमें विटामिन ए, सी और ई जैसे पोषक तत्व होते है। ब्रोकली में एंटीऑक्सीडेंट के गुण भी होते है जो पाचन से जुड़ी समास्याएं दूर करती है। इसके साथ ही शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली भी मजबूत करती है। आप रोजाना ब्रोकली की सब्जी, सूप और सलाद खा सकते हैं।

### गाजर का सेवन करें

इम्यूनिटी को स्ट्रांग रखने के लिए अपनी डाइट में गाजर को जरुर शामिल करें। गाजर में विटामिन्स, मिनरल्स और बीटा कैरोटीन का अच्छा सोर्स होता है। सर्दियों में गाजर का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। गाजर प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। गाजर का सेवन सब्जी, जूस, सलाद या सूप आदि के रुप में ले सकते हैं।

### अदरक और लहसुन

बदलते मौसम में इम्यूनिटी को बढ़ाने के लिए अदरक और लहसुन का सेवन जरुर करना चाहिए। अदरक और लहसुन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते है। इनमें एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण से भरपूर होते है, जो शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं।अदरक और लहसुन सेवन करने से शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाते हैं।

## विधान भवन की लॉबी में भिड़े शिंदे गुट के मंत्री-विधायक, विपक्ष हुआ आक्रामक

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र के आखिरी दिन राज्य के लोक निर्माण विभाग मंत्री दादा भुसे और कर्जत विधायक महेंद्र थोर्वे के बीच विधान भवन के लॉबी में ही नोकझोंक हुई। इस घटना के बाद से राज्य में राजनीति गरमा गई है। विपक्षी सदस्यों ने इसे गंभीर घटना करार दिया।

महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र के आखिरी दिन राज्य के लोक निर्माण विभाग मंत्री दादा भुसे और कर्जत विधायक महेंद्र थोर्वे के बीच विधान भवन के लॉबी में ही नोकझोंक हुई। जिसके बाद विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधते हुए घटना को गंभीर बताया है। गौरतलब है कि ये दोनों नेता शिंदे गुट के हैं, विधान भवन परिसर में भीतर जाने के दौरान दोनों में बहस हुई। जब मंत्री भुसे और विधायक थोर्वे के बीच नोकझोंक हुई तो अन्य मंत्री शंभुराज देसाई और शिवसेना के मुख्य सचेतक भरत गोगावले ने तनाव को शांत किया। यह पहली बार है कि विधानमंडल परिसर में सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इस तरह से विवाद किया।

घटना के बाद पत्रकारों से बात करते हुए थोर्वे ने कहा कि जब मैंने मंत्री भुसे से निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर सवाल पूछा, तो उन्होंने अपनी आवाजा ऊंची की। इस बीच, देसाई ने कहा कि दोनों शिवसेना सदस्यों के बीच कोई हाथापाई नहीं हुई। पत्रकारों से कहते हुए देसाई ने कहा कि विधान भवन के अंदर किसी भी कैमरे की अनुमति नहीं है। आपके पास क्या सबूत है।

मंत्री शंभुराज देसाई ने कहा कि दोनों विधायक विकास कार्यों पर चर्चा कर रहे थे, इस दौरान उनमें से एक ने अचानक ऊंची की। मैं उन्हें अंदर ले गया और मामले को सुलझाया दिया गया। मंत्री तकनीकी कठिनाइयों के बारे में विधायक को बताने की कोशिश कर रहे थे।

इस घटना पर कांग्रेस विधायक कैलाश गोरंट्याल ने कहा कि जब दादाजी भुसे ने विधायक को कोहनी से मारा तो मैं वहां मौजूद था। इस तरह की बात करना गलत है। मैं इसकी निंदा करता हूं। सीएम का अपने मंत्रियों पर कोई काबून नहीं है।

# आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई लोकसभा चुनाव के लिए सियासी दलों को एडवाइजरी जारी

**■ आगामी लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों को एक एडवाइजरी जारी की।**




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग की ओर से जारी एडवाइजरी में कहा गया कि जिन स्टार प्रचारकों या उम्मीदवारों को पहले भी नोटिस जारी किए गए, उन्हें आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों को एक एडवाइजरी जारी की। जिसमें उनसे चुनाव प्रचार के दौरान शिष्टाचार और संयम बनाने रखने व मुद्दों पर आधारित बहस की जरूरत पर जोर दिया गया। आयोग ने यह भी कहा कि जिन स्टार प्रचारकों या उम्मीदवारों को पहले भी नोटिस जारी किए गए, उन्हें आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

एडवाइजरी में कहा, सोशल मीडिया पर प्रतिद्वंद्वियों को बदनाम या अपमानित करने वाले या दूसरों की गरिमा को गिराने वाले पोस्ट साझा नहीं किए जाने चाहिए। आयोग ने राजनीतिक दलों को विभाजनकारी बयानबाजी से दूरे रहने के लिए भी कहा। एडवाइजरी में स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों पर विशेष जोर देते हुए उन्हें आदर्श आचार संहिता के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों उल्लंघनों के प्रति आगाह किया गया है। एडवाइजरी में कहा गया, चुनाव आयोग आगामी चुनाव में समय और सामग्री के संबंध में दिए जाने वाले नोटिस पर पुनर्विचार के लिए आचार संहिता के उल्लंघन का आकलन करेगा। आयोग ने एडवाइजरी में चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए कई निर्देश जारी किए हैं। ये कुछ बिंदु चुनाव आयोग के निर्देशों के खिलाफ हैं-

जाति या सांप्रदायिक भावनाओं के आधार पर अपील करना।

ऐसी गतिविधियों में शामिल होना, जो मतभेदों को बढ़ाई हैं या विभिन्न समूहों को आपस में दुश्मनी के लिए उकसाती हैं।

मतदाताओं को गुमराह करने के उद्देश्य से झूठे बयानों या निराधार आरोपों का प्रचार करना।

व्यक्तिगत हमलों से बचना और राजनीतिक भाषण में मर्यादा बनाए रखना।

यह सुनिश्चित करना कि विज्ञापन तथ्यात्मक हैं और भ्रामक नहीं हैं।

सोशल मीडिया पर संयम बरतना। प्रतिद्वंद्वियों को बदनाम करने वाले पोस्ट करने से बचना।

## गृह मंत्रालय का आदेश, सीआरपीएफ में सिपाही/हवलदार भरेंगे एपीएआर



**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ में अब सिपाही और हवलदार के लिए भी वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) को भरना अनिवार्य बनाया गया है। मौजूदा व्यवस्था में सिपाही और हवलदार पद पर काम करने वालों के लिए एपीएआर भरना अनिवार्य नहीं है। सक्षम अधिकारी की मंजूरी और रिक्तियों के आधार पर जवानों को पदोन्नति मिलती रही है। अब विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) द्वारा एपीएआर का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके बाद ही उन्हें पदोन्नति मिल सकेगी।

सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद सीआरपीएफ द्वारा सिपाही और हवलदारों के लिए एपीएआर भरने का नियम लागू किया जा रहा है। इसे लेकर सभी यूनिटों एवं इकाइयों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सीआरपीएफ में अब सभी के लिए एपीएआर भरना जरूरी हो गया है। इससे पहले एएसआई से ऊपर वाले कर्मी या अधिकारी ही एपीएआर भरते थे। साल 2024-2025 से ही एपीएआर भरी जाएगी। बल में सिपाही व हवलदारों की पदोन्नति, कंपनी कमांडर की रिपोर्ट पर कमांडेंट द्वारा ही कर दी जाती है। हालांकि इसमें रिक्तियां एवं समयावधि देखी जाती है।

पहले हिस्से में, वे वित्तीय वर्ष 2024-2025 की एपीएआर दाखिल करेंगे। यह रिपोर्ट जनवरी 2024 से मार्च 2024 तक रहेगी।

# दिल्ली मेट्रो में महिलाओं के बीच जमकर चले लात, घूंसे और थप्पड़

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर अक्सर दिल्ली मेट्रो में महिलाओं की लड़ाई का वीडियो देखने को मिलता है। सीट के लिए महिलाओं को आपस में लड़े हुए देखा जाता है। अब एक बार फिर महिलाओं की लड़ाई का वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि दो महिलाएं आपस में गाली-गोलौज और मारपीट कर रही हैं।



मेट्रो में लोग महिलाओं का बीच-बचाव करने की जगह चुपचाप तमाशा देखत रहे हैं और अपने मोबाइल में लड़ाई का वीडियो बना रहे हैं। मारपीट वाले वीडियो में आप देख सकते हैं कि सीट को लेकर दो महिलाओं के बीच बहस हो रही है। बहस इतनी बढ़ जाती है कि हाथापाई तक मामला पहुंच जाता है।

वीडियो में मेट्रो के गेट के पास एक महिला खड़ी है और सीट पर बैठी दूसरी महिला से कहती जिसको तुझे बुलाना है उसे बुला, इतना कहने के बाद वह उस महिला को धक्का दे देती है। इसके बाद दूसरी महिला गेट पर खड़ी महिला को मारने लगती है और उसके कंधे पर थप्पड़ मारती है। फिर जवाब में पहली महिला भी दूसरी को थप्पड़ जड़ देती है।

इस दौरान वह कही रही है कि मेरे ऊपर हाथ उठाती है, तू अब जेल में जाएगी। यह कहकर पहली ने दूसरी महिला को फिर से थप्पड़ जड़ देती। फिर दूसरी महिला ने पहली को टांग अड़ाकर गिराने की कोशिश की। इतना फोड़ूंगी न तुझे...।

इसके बाद पहली ने दूसरी को मारने की कोशिश करती है और वह कहती है मैं एक सिंगर हूं। मुझे मारेगी, इतना फोड़ूंगी न तुझे। इसके बाद वह उसे गिरफ्तार करवाने की धमकी देती है। इस लड़ाई का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर unfilterdelhi नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है। इस पर लोग खूब कमेंट्स भी कर रहे हैं।

# गुजरात में आत्महत्या की बढ़ती दर पर कांग्रेस प्रमुख ने जताई चिंता, PM मोदी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** गुजरात में आत्महत्या के मामलों को लेकर कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने गुजरात सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आंकड़े परेशान करने वाले हैं और तत्काल कार्रवाई की जरूरत है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को गुजरात में बढ़ती आत्महत्या की दर पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से पेश किए गए आत्महत्या के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। जिस पर तत्काल कार्रवाई की जरूरत है। बता दें कि राज्य विधानसभा में बीते सोमवार को आत्महत्या के आधिकारिक आंकड़े पेश किए गए। जिनमें बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में 495 छात्रों सहित 25,478 लोगों ने अपने जीवन को समाप्त किया है।

खरगे ने अपने बयान में कहा कि सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इन घटनाओं के पीछे खासतौर पर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां,



गंभीर शारीरिक बीमारियां, पारिवारिक समस्याएं, वित्तीय संकट और परीक्षाओं में असफल होने जैसे कारण शामिल हैं। यह गंभीर वास्तविकता गुजरात में भाजपा सरकार की उन सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने की विफलता दिखाती है, जिनसे हमारे लोग जूझ रहे हैं।

बयान में कहा गया कि खासतौर पर राज्य के अहमदाबाद में 3320, सूरत में 2862 और राजकोट में 187 आत्महत्याएं चिंताजनक हैं। अकेले अहमदाबाद में 3,280 आत्महत्या के मामले सामने आना दिखाता है कि इस संकट की मूल वजहों को संबोधित करने के लिए नीतियों को प्रभावी तरीके से लागू नहीं किया गया।

उन्होंने कहा, इन मुद्दों से निपटने के लिए एक व्यापक रणनीति की तत्काल जरूरत है। जिस पर अभी तक सरकार का बिल्कुल ध्यान नहीं गया है। प्रधानमंत्री एक तरफ तो सेमीकंडक्टर संयंत्रों को लेकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते हैं, लेकिन अपने ही गृह राज्य में इस गंभीर मानव त्रासदी पर पूरी तरह चुप हैं। देश को अगर सेमीकंडक्टर की जरूरत है तो बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, वित्तीय सहायता कार्यक्रमों और शैक्षणिक सहायता प्रणालियों की भी उतनी ही जरूरत है।

कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी सरकार से हेल्पलाइन सेवाओं की प्रभावशीलता का फिर से मूल्यांकन करने और जरूरतमंद लोगों को मानसिक स्वास्थ्य और वित्तीय सहायता प्रदान करने में अधिक संसाधनों का निवेश करने का आग्रह करती है। कांग्रेस इन आत्महत्याओं से जुड़ी परिस्थितियों की गहन और पारदर्शी जांच की मांग करती है।

### पाकिस्तान समर्थक नारे मामले में सरकार को फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने एक वीडियो साझा किया था, जिसमें दावा किया गया कि राज्यसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के कुछ ही देर बाद सैयद नसीर हुसैन के समर्थकों ने विधान सौध (विधानसभा) के अंदर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगने का मामला बढ़ता जा रहा है। भाजपा इस मामले में लगातार कांग्रेस पर हमलवार हो रही है। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि पुलिस इस मामले में कार्रवाई के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। गौरतलब है, कर्नाटक की चार सीटों पर हाल ही में राज्यसभा चुनाव के नतीजों में तीन सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है, जबकि एक सीट भाजपा के खाते में गई।

# सिंधिया के गढ़ से शुरू होगी राहुल की यात्रा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बार फिर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी फिर मध्यप्रदेश पहुंच रहे हैं। राहुल 2 मार्च को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर राज्य में प्रवेश करेंगे। मध्यप्रदेश में यह यात्रा पांच दिन रहेगी। मुरैना से शुरू होकर, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन होते हुए रतलाम के बाद राजस्थान में फिर प्रवेश करेगी। राहुल अपनी इस यात्रा के दौरान मुरैना से उज्जैन तक अलग-अलग समूहों में संवाद करेंगे। इनमें अग्निवीर योजना के उम्मीदवारों, पूर्व सैनिकों, किसानों, पटवारी परीक्षार्थियों, एमपीपीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं, महिलाओं के साथ संवाद करेंगे। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद पहली बार जीतू पटवारी की पहली अग्नि परीक्षा होने जा रही है

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस राहुल गांधी की इस यात्रा को जरूरी मान रही है। राहुल अपनी इस यात्रा के जरिए सात लोकसभा सीटों को कवर करेंगे। इनमें मुरैना, ग्वालियर, रतलाम, देवास, गुना, राजगढ़ और उज्जैन सीट शामिल है। कांग्रेस ने राहुल गांधी की



यात्रा के पूरे रूट पर हर स्थान के लिए एक नेता को जिम्मेदारी दी है। स्वागत, रोड शो, नुक्कड़ सभा, दोपहर भोजन, रात्रि विश्राम, संवाद और जनसभा के लिए वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यात्रा अपने पहले दो दिन केंद्रीय मंत्री ज्योरादित्य सिंधिया के गढ़ में रहेगी। दो मार्च को यात्रा ढाई बजे मुरैना से प्रवेश करेगी। शाम 5 बजे यात्रा ग्वालियर पहुंचेगी। यहां राहुल गांधी एक रोड शो करेंगे। फिर एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। राहुल रात ग्वालियर में ही रुकेंगे। 3 मार्च को राहुल की यात्रा ग्वालियर में अग्निवीर संवाद करेंगे। इसके बाद राहुल मोरखेड़ा में आदिवासियों के साथ संवाद करेंगे और उनके साथ लंच करेंगे। चार मार्च को राहुल गुना जिले में एक रोड़ शो करेंगे। शाम को ब्यावरा में आम सभा करेंगे। इसके बाद किसानों से किसानों से एमएसपी के मुद्दे पर चर्चा करेंगे।

पांच मार्च को राहुल गांधी शाजापुर में एक रोड शो करेंगे। दोपहर में मक्सी में भोजन के दौरान परीक्षार्थियों से चर्चा करेंगे। शाम को उज्जैन में महाकाल मंदिर पहुंचकर राहुल गांधी दर्शन करेंगे।

### इमरान की पार्टी पीटीआई के नए अध्यक्ष बने बैरिस्टर गौहर खान, तीन मार्च को एक बार फिर से होगा मतदान

**कराची।** पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और सिंध में पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर डॉ. यास्मीन रशीद, अली अमीन गंडापुर, और हलीम आदिल शेख को नियुक्त किया गया है। अंतर पार्टी चुनाव के लिए कई उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दर्ज किया था।

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने दूसरी बार अध्यक्ष पद के लिए बैरिस्टर गौहर खान के चुनाव की घोषणा की है। पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा उनकी अंतर पार्टी चुनाव को रद्द करने के बाद तीन मार्च को एकबार फिर संगठनात्मक मतदान किया जाएगा।

45 वर्षीय बैरिस्टर गौहर खान को गुरुवार को निर्विरोध पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का अध्यक्ष बनाया गया था। वह अब एक ऐसे नेता बन गए हैं जिन्हें दो बार इस पद के लिए नियुक्त किया गया है। पीटीआई के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार उमर आयूब खान को भी निर्विरोध पार्टी के महासचिव के तौर पर नियुक्त किया गया है।

पंजाब, खैबर पख्तूनख्वां और सिंध में पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर डॉ. यास्मीन रशीद, अली अमीन गंडापुर, और हलीम आदिल शेख को नियुक्त किया गया है। अंतर पार्टी चुनाव के लिए कई उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दर्ज किया था, लेकिन उनमें से कई ने संगठनात्मक चुनाव के दो दिन पहले ही अपना नाम वापस ले लिया।

पीटीआई के संघीय चुनाव आयुक्त रऊफ हसन ने बताया कि अधिकतर सीटों पर विपक्ष की अनुपस्थिति में उनके पास निर्विरोध विजेताओं की घोषणा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। इससे पहले बैरिस्टर अली जाफर को पार्टी के अगले अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के तौर पर घोषित किया गया था, लेकिन उन्होंने इस पद को स्वाकीर करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पार्टी ने गौहर खान को इस पद के लिए नामित किया।

# कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का निधन, 84 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**ओटावा।** क्यू के बाई कोमो में एक श्रमिक वर्ग के परिवार में जन्मे मुलरोनी के शुरुआती करियर की बात करें, तो वह राजनीति विज्ञान का अध्ययन करने वाले एक विश्वविद्यालय के छात्र के रूप में प्रधानमंत्री जॉन डाइफेनबेकर के सलाहकार बन गए थे।

कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी निधन की जानकारी उनके परिवार ने दी है।

क्यू के बाई कोमो में एक श्रमिक वर्ग के परिवार में जन्मे मुलरोनी के शुरुआती करियर की बात करें, तो वह राजनीति विज्ञान का अध्ययन करने वाले एक विश्वविद्यालय के छात्र के रूप में प्रधानमंत्री जॉन डाइफेनबेकर के सलाहकार बन गए थे।

उन्होंने वर्षों तक राजनीति में पर्दे के पीछे काम किया। 1976 में अगले संघीय प्रगतिशील कंजर्वेटिव नेता बनने के लिए पहले कानून की डिग्री हासिल की। बाद में कंजर्वेटिव से थी कि %हम एकसाथ एक नई पार्टी और एक नया देश बनाने जा रहे हैं।%



खड़े हुए। हालांकि, जोय क्लर्क से हार का सामना करना पड़ा। वह हार के बाद भी निराश नहीं हुए।

मुलरोनी एक वरिष्ठ कार्यकारी के रूप में कॉर्पोरेट कनाडा में शामिल हो गए। साथ के साथ क्लर्क को सत्ता से बाहर करने के लिए एक अभियान की साजिश रचते रहे। 1983 में आखिरकार उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी का नेतृत्व जीता और सत्ता अपने नाम कर ली। उस समय उन्होंने शपथ ली फिर उन्हें सेंट्रल नोवा, एनएस के लिए सांसद के रूप में चुना गया। इस दौरान लोगों को अधिक से अधिक नौकरियां देने का वादा किया गया था।

ब्रायन मुलरोनी सन् 1984 के संघीय अभियान को चलाने के लिए आगे आए, कनाडा के इतिहास में सबसे बड़ी सीटों के साथ बहुमत हासिल किया। कनाडा के 18वें प्रधानमंत्री के रूप में मुलरोनी ने काम संभाला।

### सुरक्षा कारणों से मेरीलैंड स्टेट हाउस में लॉकडाउन

**वॉशिंगटन।** आसपास के इलाकों में रहने वाले स्थानीय लोगों को अपने घरों में रहने के लिए कहा गया था। उन्हें अपने दरवाजों को लॉक करने के साथ घरों की बत्तियां बुझाने का आदेश दिया गया था। आधे घंटे बाद इलाके में लॉकडाउन लगाया गया। एनापॉलिस में मेरीलैंड की राजधानी में सुरक्षा कारणों की वजह से गुरुवार की शाम पांच बजे तक लॉकडाउन लगाया गया था। गवर्नर के कार्यालय की तरफ से एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। गवर्नर के बयान के अनुसार, सुरक्षा कारणों से मेरीलैंड स्टेट हाउस में लॉकडाउन लगाया गया है। इस समय अन्य कोई जानकारी नहीं है। बयान में आगे कहा गया, स्टाफ, कर्मियों और कम्यूनिटी के सदस्यों को सुरक्षित स्थानों पर रहकर पुलिस या कानून प्रवर्तन की तरफ से जारी निर्देशों का पालन करना चाहिए।÷

आसपास के इलाकों में रहने वाले स्थानीय लोगों को अपने घरों में रहने के लिए कहा गया था।

# अमेरिका के ओडीसियस लैंडर ने काम करना किया बंद, लैंड करने के बाद चंद्रमा पर फंस गया था एक पैर

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया था कि उसका मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया है।इसकी वजह से वह एक ओर झुक गया था। इस खबर की पुष्टि लैंडर का निर्माण और संचालन करने वाली कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने भी की थी।

करीब 50 साल बाद पिछले महीने कोई अमेरिकी अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा था। ओडीसियस लैंडर जब चंद्रमा की सतह पर उतरा तो कुछ खराबी के चलते टीम का अंतरिक्ष यान से संपर्क टूट गया था। नासा ने बताया था कि उतरते समय मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया था। इससे यह एक ओर झुक गया है। हालांकि, अब बुरी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि एक हफ्ते बाद गुरुवार को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया।

बता दें, यह तब पता चला जब वैज्ञानिकों को अपने कंप्यूटर और पावर सिस्टम को स्टैंडबाय मोड में



प्रवेश करने का निर्देश देने से पहले ओडीसियस से एक आखिरी तस्वीर मिली। स्टैंडबाय मोड का उद्देश्य लैंडर की क्षमता को दो से तीन हफ्ते तक और काम करने के लिए बनाया गया था। इंटुएटिव मशीन्स के प्रवक्ता जोश मार्शल ने बताया कि अंत में हुई क्रियाओं ने लैंडर की बैटरियों को खत्म कर दिया, जिससे ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया है।

कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, गुड नाईट ओडी। उम्मीद करते हैं यह फिर से काम करना शुरू करेगा।

गौरतलब है, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया था कि उसका मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया है।इसकी वजह से वह एक ओर झुक गया था। इस खबर की पुष्टि लैंडर का निर्माण और संचालन करने वाली कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने भी की थी। ओडीसियस आधी सदी से भी अधिक समय में चंद्रमा पर उतरने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान है। यह रोबोटिक लैंडर 22 फरवरी शाम 6.23 बजे ईटी पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में उतरा था। लेकिन, फ्लाइट कंट्रोलर्स को लैंडर के कम्युनिकेशन सिग्नल्स से सिग्नल लेने में कई मिनट लग गए थे।

इंटुएटिव मशीन्स के सीईओ स्टीव अल्टेमस ने कहा था, जैसे ही यह उतरा, ओडीसियस का एक पैर सतह पर फंस गया। इससे यह एक ओर झुक गया है। फिर भी, लैंडर हमारे इच्छित लैंडिंग स्थल के करीब या उस पर है। नासा और इंटुएटिव मशीन्स ने कहा था कि उन्हें लैंडर से डेटा मिल रहा है और उनका मानना है कि इसमें मौजूद अधिकांश वैज्ञानिक उपकरण काम करने की स्थिति में हैं। हालांकि, अब इसने काम करना बंद कर दिया है।

## बांग्लादेश: शॉपिंग मॉल में नहीं थे कोई भी सुरक्षा उपकरण, आगजनी की घटना पर बोले फायर ब्रिगेड के अधिकारी

**ढाका।** बांग्लादेश में सात मंजिला शॉपिंग मॉल में आग के लगे कारणों पर अधिकारियों ने कहा कि मालिकों ने हमारे पहले के तीन नोटिस को नजरअंदाज किया था, वहां किसी भी तरह के सुरक्षा उपकरण तक मौजूद नहीं थे।

देर रात बांग्लादेश में सात मंजिला शॉपिंग मॉल में आग लग गई थी। इस भीषण आगजनी में कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मामले की जांच करते हुए कहा कि सात मंजिला शॉपिंग मॉल में आग से बचने के लिए सुरक्षा उपाय नहीं थे। उन्होंने कहा कि मालिकों को पहले ही तीन नोटिस दिए जा चुके थे लेकिन उनकी तरफ से कोई खास कदम नहीं उठाए गए थे। ये हादसा उनकी गलतियों के कारण सामने आया है।

नई आधिकारिक अपडेट के मुताबिक, देर रात शॉपिंग मॉल में आग लगी, जिसमें 45 लोगों की मौत हो गई, 22 अन्य घायल हो गए। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा महानिदेशक ब्रिगेडियर जनरल एमडी मेन उद्दीन ने शुक्रवार को कहा कि बेली रोड पर इमारत में अग्नि सुरक्षा के कोई उपाय नहीं थे। जांच में पता चला कि वहां सुरक्षा के उपकरण तक मौजूद नहीं थे, बल्कि पूरी इमारत में केवल छोटी-छोटी सीढियां थी।



हादसे से जुड़ी घटना को बताते हुए अधिकारी ने कहा कि आग लगने के दौरान लोगों ने जिन कमरों में अपनी जान बचाने के लिए शरण ली थी, उनमें से कई कमरों में खिड़कियां ही नहीं थी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सामंत लाल सेन के मुताबिक, हादसे में अधिकांश मौतें कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता के कारण हुई, जो बंद जगहों में अत्यधिक धुएं के कारण होती थीं।

राहत और आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री मोहम्मद मोहिब्बुर रहमान के मुताबिक, सरकार प्रत्येक पीड़ित के परिवार को उनके अंतिम संस्कार के खर्च को कवर करने के लिए 25,000 बांग्लादेशी टका (लगभग 225 अमेरिकी डॉलर) देगी। उन्होंने शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान घायलों को हरसंभव मेडिकल देखभाल सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री शेख हसीना के निर्देश पर जोर दिया।

# प्रयागराज में प्रतिदिन आयोजित ग्रामीण रोजगार मेलों से मिली 3657 युवाओं को नौकरी

- ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को रोजगार से जोड़ रही है योगी सरकार
- कौशल विकास मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय प्रतिदिन आयोजित रोजगार मेलों का पहला चरण संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश की योगी सरकार द्वारा आयोजित वृहद रोजगार मेले रोजगार का जरिया बन रहे हैं। इसके अतिरिक्त कौशल विकास मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर आयोजित हो रहे रोजगार मेलों से ग्रामीण इलाकों के बेरोजगार युवाओं को भी बड़ी संख्या में रोजगार मिल रहा था। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में प्रतिदिन रोजगार मेलों का आयोजन प्रयागराज में युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा जरिया साबित हो रहे हैं।

प्रयागराज में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगार युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सेवायोजन विभाग से वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए भी प्रदेश की योगी सरकार विकास खंड स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कौशल विकास मिशन के अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत प्रतिदिन रोजगार मेलों के आयोजन से बड़ी कामयाबी मिली है। जिला कौशल प्रबंधक अभिषेक शुक्ला के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना आयोजित रोजगार मेलों के पहले चरण में 3657 युवाओं को नौकरी मिली है। फरवरी माह में जिले में इसके लिए 21 रोजगार मेलों का प्रतिदिन आयोजन किया गया। इसमें 29 कंपनियों ने हिस्सा लिया। विकास खंड स्तर पर आयोजित इन रोजगार मेलों में 6591 ग्रामीण युवाओं ने प्रतिभाग किया जिसमे 3657 युवाओं को नौकरी दी गई है।

### दूसरे चरण की शुरुआत की तैयारी

**प्रयागराज।** इसके प्रथम चरण के समापन के बाद अब दूसरे चरण की शुरुआत की तैयारी चल रही है। जिला कौशल विकास मिशन प्रबंधक के अनुसार इसके लिए गठित जिला रोजगार समिति की अगले हफ्ते बैठक के बाद मार्च के महीने में ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिदिन आयोजित वाले रोजगार मेलों के दूसरे चरण की शुरुआत हो जाएगी।

## आवासीय भवनों का वर्चुअल लोकार्पण

**आजमगढ़।** थाना मार्टिनगंज तहसील मार्टिनगंज में अग्निशमन केंद्र मार्टिनगंज के आवासीय भवनों का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बृहस्पतिवार को अग्निशमन केंद्र मार्टिन गंज में कर्मियों हेतु आवासीय भवन का वर्चुअल लोकार्पण किया गया एवं अग्निशमन विभाग आजमगढ़ हेतु एक अदद फायर टेंडर भी आवंटित किया गया जिले स्तर पर मुख्य कार्यक्रम अग्निशमन केंद्र मार्टिनगंज पर आयोजित हुआ जिसमे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, मुख्य अग्निशमन अधिकारी आजमगढ़ विवेक कुमार शर्मा, एस एच ओ दीदारगंज सच्चिदानंद सिंह जिला पंचायत सदस्य, विकास राय मंडल अध्यक्ष, अशोक सिंह विधानसभा प्रभारी, सौरभ सिंह बिनु ब्लॉक प्रमुख मार्टिन गंज इस दौरान उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का संबोधन भी सुना गया।

# एक शाम शहीदों के नाम मुशायरा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



- कवियों व शायरों ने शहीदों को समर्पित रचनाओं से बहाई रसधारा

**प्रयागराज।** यूनिवर्सल ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी व उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दुस्तानी अकैडमी में न्यायाधीश इलाहाबाद धीरेन्द्र पाल वार्ष्णेय की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी की उपस्थिति में आयोजित मुशायरे में शायरों व कवियों ने अमर शहीदों को समर्पित रचनाओं से भावविभोर कर दिया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीएमपी डिग्री कॉलेज के उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ सैयद अली हैदर रिज़्वी, कंज्यूमर फोरम के नियंत्रक मोहम्मद अहमद अंसारी, एस0पी0 पीएचक्यू इरफान अंसारी व अंजुमन रुहे अदब के सेक्रेटरी सैय्यद इरफान अली का आयोजक शफक़त अब्बास पाशा ने का फूल माला व बुके भेंट कर स्वागत किया। अता रहमान के संचालन में कवि व शायर मखदूम फूलपूरी ने पढ़ा कोई भी दौर हो खुद को कभी बेदीन न करना। किसी हंसते हुए इंसान को ग़मगीन न करना।। नायाब बलियावी ने पढ़ा न टूट सकेगा हिन्दुस्तान न टूट सकेगा हिन्दुस्तान-लहू के एक एक क़तरे को करदेंगे कुर्बान। यू0के0से प्रयागराज आए ज़फ़र अब्बास ने पढ़ा इस गर्मीए आशों पे मोहब्बत के तसद्दुक। शायद मेरी नफ़्ज़ों में हरारत है अभी तक। जलाल फूलपूरी ने पढ़ा शम्मे वफ़ा दिलों में जलाओ तो बात हो। दीवार नफरतों की गिराओ तो बात हो। इसके साथ ही लोकेश शुक्ल, वन्दना शुक्ला, नीलीमा मिश्रा, मिस्बाह इलाहाबादी, मखदूम फूलपूरी, फरमूद इलाहाबादी, ज़फ़र इलाहाबादी, शहंशाह सोनवी, जलाल फूलपूरी इरफान लखनवी, अशरफ़ उन्नावी ने देश के शहीद रणबांकुरों को समर्पित रचनाओं व शेयरो शायरी के माध्यम से खेराजे अक़िदत पेश कि। वहीं समाज में अलग अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य करने वाले दर्जनो लोगों को शॉल ओढ़ाकर व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हसन नक़वी, अज़मत पाशा, ज़फ़र रज़ा, अब्बास गुड्डु, ताहा अब्बास, अज़रा शाहिद, सुनील अहमद, अर्सलान खान ,अरशद नक़वी , सैय्यद मोहम्मद अस्करी, ज़ामिन हसन आदि शामिल रहे।

# दिनेश बने वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (खुटहन)** स्थानीय बाज़ार खुटहन निवासी दिनेश गुप्ता को वैश्य समाज उत्तर प्रदेश का जौनपुर जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर लोगों ने बधाई दी है। दिनेश गुप्ता लगातार लोगों के हितों के लिये लड़ते आये है, लगातार स्थानीय बाजार के रहने वाले व्यापारियों के लिए उनके समस्याओं को उठाते रहे, उनके होतो ,उनके समस्याओं के लिए लड़ते रहे है। इसी तरह के कर्तव्यों के निर्वाहन को देखते हुए वैश्य समाज उत्तर प्रदेश का जौनपुर जिलाध्यक्ष बनाया गया है। जिलाध्यक्ष बनाये जाने की ख़बर स्थानीय बाजार में लगते ही, खुटहन प्रथम आगमन पर लोगों ने खुटहन चौराहें पर जमकर स्वागत किया इस मौके परबाबूराम साहू डॉक्टर शिव कुमार साहू अमित कुमार अग्रहरी महावीर अग्रहरि रामसागर प्रमोद कुमार मोदनवाल सत्यम अग्रहरि अभिषेक प्रसाद अग्रहरी रितेश जायसवाल संतोष साहू प्रेमचंद साहू सुनील अग्रहरि भगवती प्रसाद यादव अध्यक्ष व्यापार मंडल खुटहन राजकुमार अग्रहरि दीपक कुमार साहू नन्हेंलाल अग्रहरि श्री राम श्री रामनाथ साहू अनिल अग्रहरि शुभम मोदनवाल आशीष मोदनवाल शिवम बरनवाल।

## चुनाव उत्सव की तरह: प्रो. जया कपूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा चुनाव में युवाओं की सार्वभौमिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोजित मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान में बोलते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रो. जया कपूर ने कहा कि चुनाव उत्सव की तरह है। छात्र जीवन के निर्णय हमें जीवन भर प्रभावित करते हैं। निर्वाचन भी सही निर्णय की माँग करता है। हनुमान की तरह हमें अपनी शक्ति का अहसास करना चाहिए। ज्ञान व शक्ति के समन्वय से ही यह संभव है। हमारे वोट की बूँद से ही घड़ा भरेगा, हमें यह समझना होगा। प्रलोभनों से प्रभावित हुए बिना हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिये। सहायक ज़िला निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि निर्वाचन में भाग न लेने के दुष्परिणाम हमें जानना चाहिए।

# गडौर ग्राम के किसानों के लिए अभिशाप बनी चकबंदी

- डीएम को ज्ञापन सौंपकर की न्याय की मांग

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय किसान महासभा, प्रयागराज जिला संयोजक सुभाष पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज जिलाधिकारी कार्यालय पर एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपकर फूलपुर तहसील के ग्राम गडौर में हो रही चकबंदी के दौरान चकबंदी अधिकारियों और दलालों के मिलीभगत से ग्रामीणों के साथ हो रहे अन्याय की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए उचित कार्यवाही करने की मांग की। सुभाष पटेल ने कहा कि जब न्याय, समता व भाईचारा बेगाना शब्द बन जाय तब किसी भी भलाई असम्भव है, ऐसी सोच का का उल्लंघन चकबंदी के आधीन ग्राम गडौर में आमबात है। इस ग्राम सभा चकबंदी अधिकारियों और दलालों के मध्य ऐसी साठगांठ है। जिसे गडौर के साथ साथ अन्य ग्राम के किसान भी चिंतित हैं। चकबंदी न्यायालय फूलपुर में अब तक 48 अड़तालीस शिकायतें दर्ज हो चुकी है। न्याय देने के बजाय जिम्मेदार अधिकारी टालमटोल कर रहे हैं। कई किसानों से दलालों के माध्यम से मोटी रकम की मांग की जा रही है जिसे नहीं देने पर किसानों के गाटे व चक सरकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए दूर दराज कर दिए जा रहे हैं। रकबा और बिस्वा में घालमेल किया जा रहा है। कुछ चकबंदी अधिकारियों के संलिप्तता और दबंगों के इशारों पर ग़रीब गुरबों की जमीन हड़प अभियान के रूप में तब्दील हो चूंकि है ग्राम गडौर की चकबंदी। उन्होंने चेतावनी दी की यदि जिलाधिकारी हस्तक्षेप करते हुए ग्रामीणों को न्याय नही देते तो ग्रामीण में व्याप्त आक्रोश कभी भी उग्ररूप ले सकता है। प्रतिनिधि मंडल में चर्चित मजदूर नेता ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव डॉ कमल उसरी, हुबलाल, एडवोकेट चंद्रभान, अभयराज यादव, सुभाष पटेल शामिल रहे थे, जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिद्ध पीठ श्री शनि धाम अत्तरसुइयां का श्री शनि महोत्सव 8 मार्च से प्रारंभ



**प्रयागराज।** सिद्ध पीठ श्री शनि धाम और श्री शनि परिवार सेवा समिति द्वारा आयोजित 39वा श्री शनि महोत्सव अपनी पूर्ण भव्यता के साथ दिनांक 8 मार्च को मुकुट पूजन से प्रारंभ होगा। उक्त महोत्सव के प्रथम चरण में दिनांक 8 मार्च सायं काल 4:00 बजे से श्री शनि देव के मुकुट तथा अस्त्र-शस्त्र का पूजन संपन्न होगा। 9 मार्च दिन शनिवार को प्रातः 11:00 बजे शनि देव की मूल प्रतिमा के प्रतिरूप मिट्टी की प्रतिमा को रथ पर आरूढ़ कराकर बाजे गाजे के साथ किट गंज से मुट्ठीगंज, बलुआ घाट होते हुए सिद्ध पीठ श्री शनि धाम तक लाया जाएगा तत्पश्चात काले पंडाल में शनि देव की प्रतिमा स्थापना का कार्य संपन्न होगा। सायं काल 7:00 बजे से आकर्षक शनि भजन संध्या का आयोजन तथा प्रसाद वितरण होगा। 10 मार्च दिन रविवार को प्रातः 11:00 बजे श्री शनि शांति यात्रा अपनी पूरी सज धज के साथ घोड़े हाथी और बैंड बाजों से परिपूर्ण होकर विभिन्न मार्गो पर घूमते हुए वापस श्री शनि धाम पर समाप्त होगी। रात्रि में पुनः भजन संध्या का आयोजन होगा।

### फाइनल वर्ष की छात्राओं को दी भावभीनी विदाई



**प्रयागराज।** राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय में आज बीए, बीकॉम और एम ए के अंतिम वर्ष की छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रंजना त्रिपाठी ने आशीर्वाद दिया और छात्राओं ने मनमोहन रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय में आज महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष, बीकॉम तृतीय वर्ष एवं एम ए चतुर्थ सत्र की छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मनोरंजन खेल भी प्रस्तुत किए गए। मिस फेयरवेल के लिए अर्पिता, सौम्या, आंचल और तनीषा को चयनित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को अपने सपनो को साकार करने के लिए लक्ष्य को उद्देश्य बनाना महत्वपूर्ण बताया। महाविद्यालय की डॉक्टर कौमुदी श्रीवास्तव, डॉ नीलिमा सिंह एवं डॉ नमिता यादव आदि उपस्थित रहीं।

### वेतन विसंगति को लेकर सरकार को चेताया



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारी के वेतन विसंगति दूर किए जाने हेतु भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 से 3 प्रतिशत अतीक बजट का उपयोग ना किए जाने के विरोध में 12 फरवरी से दिनांक 22 फरवरी तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी ने पत्राचार के माध्यम से मुख्यमंत्री से अपनी बात कही मगर, अभी तक अधिकारी द्वारा इस पर कार्यवाही नहीं की गई। संयुक्त राष्ट्रीय स्वस्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया जिसके क्रम में आगे 11 एवं 12 मार्च को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर राष्ट्रीय एवं जनहित में अपने कार्यो का निर्वहन तो करेंगे साथ साथ मरीज को इलाज भी होगा उनको सुविधा प्रदान की जाएगी मगर 11 एवं 12 मार्च को ऑनलाइन रिपोर्ट प्रेषित नहीं करेंगे।

### छात्राओं में किया गया स्मार्टफोन का वितरण

**अतरौलिया आजमगढ़।** दिन शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत लोदी किसान पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज महादेवपुर सेनपुर अतरौलिया आजमगढ़ में 414 चिन्हित छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। स्मार्टफोन पाने वाली छात्राओं के चेहरों पर प्रसन्नता की लहर देखी गई। स्मार्टफोन पाने वाली छात्राओं ने विद्यालय परिवार एवं सरकार की भूरी भूरी प्रशंसा किया।

# न्याय नहीं मिलने तक संघर्ष रहेगा जारी: अमित सिंह

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर ( मछलीशहर)** प्रा.वि. अहमदपुर विकास खण्ड मछलीशहर के प्रधानाध्यापक स्व रामलौटन की हत्या विगत 24 फरवरी को उनके गांव के समीप बुलाकर कार से कुचल कर निर्मम हत्या कर दी गई थी जिसके सम्बन्ध में मृतक के परिवार द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी लेकिन अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने एवं धारा 302 न लगाने से शिक्षकों में भारी आक्रोश है। इसी क्रम में आज शुक्रवार को जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अमित सिंह के नेतृत्व में विकास खण्ड के सैकड़ो शिक्षक एकत्रित होकर कोतवाली में हत्यारों की गिरफ्तारी एवं धारा 302 लगाए जाने सम्बन्धी ज्ञापन जो पुलिस अधीक्षक जौनपुर को नामित था दिया। मौके पर ही क्षेत्राधिकारी मछली शहर से जिलाध्यक्ष की वार्ता हुई वार्ता के क्रम में क्षेत्राधिकारी महोदय ने दो दिन में अपराधियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। इस दौरान अशेष नाथ सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मछलीशहर ने ज्ञापन लेते हुए शीघ्र ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने को कहा। ज्ञापन कार्यक्रम के पश्चात सभी शिक्षक जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बी आर सी मछलीशहर पर आकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मृत शिक्षक की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह संघर्ष न्याय मिलने तक अनवरत चलता रहेगा। इस अवसर पर राजेश सिंह टोनी जिला उपाध्यक्ष प्रा.शि. संघ जौनपुर, शैलेन्द्र सिंह संयुक्त मंत्री प्रा.शि. संघ जौनपुर, उमेश यादव जिला उपाध्यक्ष, रोहित यादव अध्यक्ष प्रा.शि. संघ मछलीशहर, अखंड प्रताप सिंह, राजीव सिंह, दिलीप यादव, भैया लाल यादव, सुरेश कुमार यादव, शिव प्रसाद ललित, माहेश्वरी प्रसाद मिश्रा, कृष्णकांत, समोद गुप्ता, संजय कुमार, रामशंकर यादव, विपिन कुमार सिंह, सूर्यनाथ साहित सैकड़ो शिक्षक मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया नोडल अधिकारी विस्तृत प्रशिक्षण

**आजमगढ़।** नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण मुख्य कोषाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी आजमगढ़ के आदेश के क्रम में व्यय अनुवीक्षण कार्य हेतु (एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एटी एवं एईओ) टीमों का गठन किया गया है। इसी के साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण द्वारा समस्त टीमों को निर्वाचन सम्बन्धित कार्यों के सम्बन्ध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वित्त एवं लेखाधिकारी जिला पंचायत श्री गिरीश चन्द यादव द्वारा उड़न दस्ता एवं स्थायी निगरानी टीमों के सम्बन्ध में निर्वाचन सम्बन्धित कार्यो के सम्बन्ध में टीमों में लगाये गये अधिकारियोंध्कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। सूचना विज्ञान अधिकारी चन्दन यादव द्वारा उड़न दस्ता एवं स्थायी निगरानी टीम में लगाये गये अधिकारियों को सी0विजिल ऐप एवं ई0एस0एम0एस0 (इलेक्शन सीजर मानीटरिंग सिस्टम) द्वारा निर्वाचन के दौरान जब्त की गयी वस्तु/शराब/बहुमूल्य वस्तुओं आदि को निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर अपलोड करने की की विस्तृत जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गयी।

# नये आपराधिक कानूनों का प्रशिक्षण सम्बन्धी सेमिनार

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** आज रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार में अभियोजन निदेशालय, उ0प्र0 के आदेश के क्रम में अभियोजन कार्यालय मऊ, बलिया व आजमगढ़ के शासकीय अधिवक्ता, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, संयुक्त निदेशक एवं पुलिस संवर्ग के क्षेत्राधिकारी मऊ, बलिया व आजमगढ़ एवं आजमगढ़ के समस्त थानों के विवेचक गण द्वारा अपर निदेशक अभियोजन परिक्षेत्र आजमगढ़ भानू प्रताप पाण्डेय की अध्यक्षता में 01 जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023 (अतिथि सी0के0 राय, संयुक्त निदेशक अभियोजन मऊ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (श्री शमसाद हसन ज्येषठ अभियोजन अधिकारी तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 (प्रभाष रंजन गुप्ता सहायक अभियोजन अधिकारी, श्रीराम संजीवन वर्मा संयुक्त निदेशक अधिकारी आजमगढ़ विपिन चन्द्र भाष्कर अधिकारी के द्वारा सेमिनार आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी प्रशासन आजमगढ़ राहुल विश्वकर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन मौजूद रहे।

# डबल इंजन की सरकार से उ.प्र. विकास की राह पर अग्रसर

- 10 हजार करोड़ की लागत से 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जनपद एवं आस पास के क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण, सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन के कार्यो का शिलान्यास कैबिनेट मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग भारत सरकार नितिन गडकरी के कर कमलों द्वारा बी0आर0पी0 इंटर कालेज मैदान में राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चंद्र यादव, राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) परिवहन विभाग उ0प्र0 दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, एमएलसी बृजेश सिंह (प्रिंसू), विधायक बदलापुर श रमेश चंद्र मिश्रा, शाहगंज विधायक रमेश सिंह, विधायक मड़ियाहूँ डा0 आर.के. पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य ,जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर लगभग रु. 10000 करोड़ की लागत से 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। रू. 1895 करोड़ की लागत से 28 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग-135 ए गोमती नदी पर पुल सहित एन.एच.-31 के टोल प्लाजा से पूर्वांचल विश्वविद्यालय तक जौनपुर शहर के पूर्व दिशा में बाईपास का निर्माण, रू. 1512 करोड़ की लागत से 31 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग 135ए खेतासराय-शाहगंज ग्रीनफील्ड बाईपास सहित पूर्वांचल विश्वविद्यालय से शाहगंज तक 4 लेन निर्माण, रू. 1653 करोड़ की लागत से 45 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग 135ए शाहगंज-कलान-मालीपुर-अकबरपुर खण्ड का 4 लेन चौड़ीकरण एवं अकबरपुर बाईपास का निर्माण, रू. 863 करोड़ की लागत से 17 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग 319डी प्रयागराज से फूलपुर तक 4 लेन सड़क एवं फूलपुर बाईपास का निर्माण, रू. 1013 करोड़ की लागत से 23 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग 319डी मुंगराबादशाहपुर बाईपास सहित फूलपुर-मुंगराबादशाहपुर तक 4-लेन का निर्माण, रू. 18 करोड़ की लागत से 11 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग 319डी फूलपुर-मुंगराबादशाहपुर मौजूदा सड़क खण्ड के रख-रखाव का शिलान्यास केन्द्रीय मंत्री के द्वारा किया गया।

## बारात से वापस लौट रहे छात्र की अज्ञात वाहन के धक्के से मौत

**जौनपुर (खेतासराय)** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुंम्बुलपुर मोड़ पर गुरुवार की देर रात्रि एक ही बाइक से लौट रहे तीन युवक हादसे का शिकार हो गए। गम्भीर रूप से घायल यूनुसपुर निवासी रजनीश गौड़ को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घायल दूसरे युवक का पैर फैक्कर हो गया। वही तीसरे की जरूरी उपचार के बाद डाक्टरों ने डिस्चार्ज कर दिया। रात में ही ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा गया था। बिना अंत्यपरीक्षण कराए स्वजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। रजनीश गौड़ पुत्र सुरेंद्र निवासी युनुसपुर 16 वर्ष, रिंकज पुत्र विनोद 17 वर्ष तथा विवेक पुत्र कंचन 16 वर्ष निवासी शेख मनसूर अली एक ही बाइक से रुधौली गए, जहाँ बाइक खड़ी कर बारात निकल गए। देर रात्रि वापसी हुई तो वे सभी घर के लिए निकले थे कि मनेछे स्तिथ सुम्बुलपुर मोड़ पर किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए। गम्भीर रूप से घायल तीनों को जिला मुख्यालय स्तिथ अस्पताल पहुँचाया। चिकित्सकों ने रजनीश को मृत घोषित कर दिया। रिंकज का पैर फैक्कर के साथ ही गम्भीर चोंटे आई है।

# भाजपा के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता




- लोकसभा के सभी सीटो पर भाजपा का कमल खिलेगा: जितेन्द्र
- भाजपा के कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता कमर कस ले और अबकी बार 400 के पार के नारे को साकार रूप देना है: नंदगोपाल नंदी

**जौनपुर।** शुक्रवार को लोकसभा चुनाव कार्यालय खोलकर भाजपा ने चुनावी बिगुल बजा दिया है। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जौनपुर नगर के कान्हा पैलेस के प्रांगण में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन प्रधानमंत्री कार्यालय मंत्री जीतेन्द्र सिंह ने फीता काटकर किया। तदुपरांत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की सुभारम्भ की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेन्द्र सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर प्रचंड जीत का परचम लहराने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। उन्होंने कहा यह चुनाव कार्यालय अब सभी चुनावी गतिविधियों का केंद्र होगा। अबकी बार 400 के पार के नारे को साकार रूप देना है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है। जिससे लोकसभा के सभी सीटो पर भाजपा जीतेगी और कमल खिलेगा। उप्र सरकार के मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि भाजपा का चुनाव कार्यालय के उद्घाटन से 2024 के लोस चुनाव का आगाज हो गया है। हम सभी कार्यकर्ताओं का काम अब अधिक हो गया हैं, हमारा प्रत्याशी चाहे जो भी पर हमारा चुनाव चिन्ह कमल का फुल है हम सभी कार्यकताओं के बल पर 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर प्रचण्ड विजय होगी। कलस्टर इंचार्ज नंदगोपाल नंदी ने कहा कि चुनाव में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता की जिम्मेदारी दी गई। सभी को एकजुट होकर पूरी निष्ठा और मेहनत से काम करें। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी काम काज को लेकर आम जनता तक पहुंचना है। भाजपा के कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता कमर कस ले और अबकी बार 400 के पार के नारे को साकार रूप देना है।


# कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक-959/न0पं0धौ0/निर्माण-एसएफसी / 2023-24, दिनांक : 29 फरवरी, 2024

## निविदा सूचना

एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को वर्ष 2023-24 में निकाय निधि/राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्नांकित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 07.03.2024 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं को दिनांक 07.03.2024 को ही समय अपरान्ह 03:00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी महोदय के समक्ष खोला जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ 05 प्रतिशत की धनराशि जमानत के रूप में नकद/एफ0डी0आर0 जो कि अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत धौरहरा के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा । निविदा प्रपत्र नकद मूल्य पर दिनांक 06.03.2024 को अपरान्ह 05:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा से क्रय किये जा सकते हैं एवं दिनांक 07.03.2024 को कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा पर रखे निविदा बाक्स/लिपिक पटल पर समय अपरान्ह 02:00 बजे तक डाले जा सकते हैं। किसी एक व सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करनें का अधिकार अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत धौरहरा में निहित होगा। अन्य नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में मालूम की जा सकती है।

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा कार्य मूल्य + जीएसटी | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मोहल्ला फतेहनगर में पीरबाबा के पास बाउन्ड्रीवाल व इन्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 416631 | 20832 | 590 | 1 माह |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत धौरहरा
लखीमपुर-खीरी

नफीस खाँ
अध्यक्ष
नगर पंचायत धौरहरा
लखीमपुर-खीरी

## टाटा मोटर्स 'श्वेत क्रांति' की मदद से गुजरात के लोगों के जीवन में लेकर आया सकारात्मक बदलाव

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स, अहमदाबाद डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स यूनियन लिमिटेड और गुजरात डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड ने एक उल्लेखनीय सहयोग के तहत साणंद और इसके आस-पास के क्षेत्रों में एक नई 'श्वेत क्रांति' की लौ जगाई है। इस पहल ने अपने लाभार्थियों के लिये सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव को प्रेरित किया है। यह पहल लोगों के जीवन को समृद्ध बना रही है और उन्हें शिक्षा तथा स्वास्थ्यरक्षा सुविधाओं तक बेहतर पहुँच दे रही है। समाज के भीतर उनका रुतबा भी बढ़ रहा है। टेक्नोलॉजी और कोऑपरेटिव्स का फायदा उठाकर साणंद के सुदूर इलाकों की 1600 से ज्यादा महिलाओं ने ग्रामीण गुजरात की सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों में शानदार बदलाव किया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक है, लेकिन प्रति व्यक्ति के लिहाज से उसका उत्पादन कम है। साणंद में भारवार और कोली पटेल समुदायों की महिलाएं पारंपरिक रूप से डेयरी फार्मिंग करती है और यह उनकी आमदनी का पूरक स्रोत है। इन महिलाओं को शादी के तोहफे के तौर पर अक्सर गाय या भैंस दी जाती है। वे चारा देने से लेकर दूध की बिक्री तक डेयरी फार्मिंग के पूरे वैल्यू चेन



में काम करती हैं। टाटा मोटर्स ने कुछ साल पहले इन महिलाओं को डेयरी से होने वाला उत्पादन और आमदनी बढ़ाने के लिये कोऑपरेटिव्स और टेक्नोलॉजी के फायदों से परिचित कराया था। इस रणनतिक दखल से ऑटोमेटेड मिल्क कलेक्शन सिस्टम्स और बल्क मिल्क चिलिंग यूनिट्स संभव हो सकीं। इस प्रकार 32 गांवों के 4496 से ज्यादा कोऑपरेटिव सदस्यों का जीवन बदला। टाटा मोटर्स ने बुनियादी ढांचा स्थापित करने के अलावा आवश्यक प्रशिक्षण देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस तरह इन समुदायों को एक उम्मीद की किरण मिली और स्थिरता को भी बढ़ावा मिला। ज्यादा आमदनी के कारण यह महिलाएं अपने बच्चों को स्कूल भेजने और बेहतर अवसरों की आकांक्षा रखने के लिये सशक्त हुईं। उन्होंने प्रसवपूर्व देखभाल पर केन्द्रित होकर माताओं और बच्चों की मौत की दर भी कम की। डेयरी के विकास के लिये टाटा मोटर्स की पहल ने इन समुदायों में जीवन की गुणवत्ता को महत्वपूर्ण ढंग से सुधारा है। टाटा मोटर्स के सीएसआर हेड श्री विनोद कुलकर्णी ने बताया, ÷टाटा मोटर्स में हमारा मिशन सिर्फ परियोजना के निष्पादन तक सीमित नहीं होता है। जिन समुदायों की सेवा करने का हमें सौभाग्य मिलता है, उनमें हम खुद को स्थायी परिवर्तन और विकास का प्रेरक मानकर चलते हैं। डेयरी को लेकर हमारी पहलें आशा और बदलाव को बढ़ावा देने के लिये हमारी अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण हैं।

## एफआईयू ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर लगाया 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** एफआईयू-आईएनडी ने कुछ संस्थाओं और उनके व्यवसायों के नेटवर्क के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से जानकारी मिलने पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक की समीक्षा शुरू की थी। ये संस्थान ऑनलाइन जुआ खेलने की सुविधा देने जैसे अवैध कार्यों को अंजाम दे रहे थे।

फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया ने मनी लॉन्ड्रिंग के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई है। मंत्रालय के अनुसार अवैध गतिविधियों में लिप्त इकाइयों की ओर से पेटीएम पेमेंट्स बैंक में रखे गए बैंक का इस्तेमाल किया गया।

एफआईयू-आईएनडी ने कुछ संस्थाओं और उनके व्यवसायों के नेटवर्क के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से जानकारी मिलने पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक की समीक्षा शुरू की थी। ये संस्थान ऑनलाइन जुआ खेलने की सुविधा देने जैसे अवैध कार्यों को अंजाम दे रहे थे।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि इन अवैध परिचालनों से प्राप्त धन, यानी अपराध की आय का लेनदेन पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के खातों के माध्यम से किया गया।

वित्त मंत्रालय ने कहा, ÷फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया (एफआईयू-आईएनडी) ने पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत नियमों के उल्लंघन के कारण पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड पर 5.49 करोड़ रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है।÷ एफआईयू ने 15 फरवरी को जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया था।

एफआईयू ने यह कार्रवाई आरबीआई के 31 जनवरी के उस निर्देश के बाद की है, जिसमें पेटीएम पेमेंट बैंक को अपने ग्राहकों के खातों में 29 फरवरी से ताजा जमा स्वीकार करने से रोक दिया गया था। बाद में यह तिथि बढ़ाकर 15 मार्च कर दी गई।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के लिए क्लेम सैटलमेंट का उद्योग-अग्रणी अनुपात कायम रखा

**बरेली।** वित्तीय नियोजन की अगर बात करें, तो जीवन बीमा इसका एक अनिवार्य घटक है, जो परिवार और आश्रितों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। यह पॉलिसीधारक की असामयिक मृत्यु की स्थिति में परिवार की वित्तीय भलाई सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा किया गया एक वादा है। इन अर्थों में यह किसी प्रियजन को खोने के कारण उत्पन्न वित्तीय संकट को कम करने का एक बेहतर तरीका है। जीवन बीमा के मामले में क्लेम एक सच्चाई है और इसलिए किसी को उसी ब्रांड से पॉलिसी खरीदनी चाहिए, जिस पर वे भरोसा करते हैं। क्लेम सैटलमेंट अनुपात और दावा निपटाने में लगने वाले औसत समय के मूल्यांकन के आधार पर ग्राहक अपने अनुकूल जीवन बीमाकर्ता का चुनाव कर सकते हैं। क्लेम सैटलमेंट के मामले में टर्नअराउंड समय भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सुनिश्चित करता है कि लाभार्थियों को दावे की राशि शीघ्र प्राप्त हो। हालाँकि, जिम्मेदारी पूरी तरह से बीमा कंपनी की नहीं है। ग्राहक खरीदारी के समय सभी प्रकार की जानकारी का सच्चाई से खुलासा करने की जिम्मेदारी भी निभाते हैं, इससे नामांकित लोगों के लिए त्वरित और परेशानी मुक्त दावा अनुभव सुनिश्चित किया जा सकता है। नियमों के अनुसार, जीवन बीमाकर्ता तिमाही आधार पर अपने दावा निपटान अनुपात की घोषणा करते हैं। आखिरकार व्यक्ति यह सुनिश्चित करने के लिए जीवन बीमा खरीदते हैं कि किसी भी स्थिति में उनके आश्रित वित्तीय रूप से सुरक्षित रहें। खास बात यह है कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के पास लगातार दावा निपटान अनुपात ट्रैक रिकॉर्ड है, जिसमें वित्त वर्ष 2024 के शुरुआती नौ महीनों के लिए उल्लेखनीय 98.6 प्रतिशत दावा निपटान अनुपात शामिल है। दावा निपटान अनुपात में निरंतरता भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पॉलिसीधारक को मानसिक शांति प्रदान करता है कि जब वे आसपास नहीं होंगे, तो उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर नहीं होगा।

वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ का दावा निपटान अनुपात 98.10 फीसदी था, दूसरी तिमाही में यह 98.14 प्रतिशत रहा और तीसरी तिमाही में अनुपात 98.52 फीसदी था। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीनों की अवधि के लिए, सभी प्रासंगिक दस्तावेज़ जमा करने के बाद गैर-जांच किए गए दावों के लिए औसत दावा निपटान समय केवल 1.3 दिन था। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने 'क्लेम फॉर श्योर' सेवा पहल भी शुरू की है, जिसके तहत यह सुनिश्चित किया जाता है कि सभी दस्तावेज प्राप्त होने के बाद, सभी योग्य मृत्यु दावों का एक दिन में निपटान किया जाए। यदि इस पहल के तहत दावे को प्रोसेस करने में कोई देरी होती है, तो आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ लाभार्थी को दावे की राशि पर अर्जित ब्याज के साथ मुआवजा देती है।

## स्विम-प्रूफ ड्यूरेबिलिटी के साथ ऑनर चॉइस वॉच की सेल 4 मार्च से शुरू

**नई दिल्ली।** ऑनर ने अपनी एआईओटी डिवाइसेज़ में नई स्मार्टवॉच ऑनर चॉइस वॉच पेश की है, जिसकी



बिक्री ब्रांड की वेबसाइट www.explorehonor.com, अमेज़न.इन और आपके नजदीकी मेनलाइन स्टोर्स पर 4 मार्च 2024, दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगी। ब्लैक और व्हाइट कलर वैरिएंट्स में लॉन्च की गई इस घड़ी का मूल्य 6,499 रुपये है, जो 500 रुपये के इंट्रोडक्टरी डिस्काउंट के साथ केवल 5,999 रुपये में खरीदी जा सकती है। इस स्मार्टवॉच में कई इनोवेटिव फीचर्स जैसे 1.95-इंच का विशाल एमोलेड अल्ट्रा-थिन डिस्प्ले और तीव्र एवं सटीक पोजिशनिंग के लिए बिल्ट-इन मल्टी-सिस्टम जीएनएसएस है, जो नैविगेशन एवं ट्रैकिंग की क्षमताएं बढ़ा देता है। इसके अलावा इसमें वन-क्लिक एसओएस ब्लूटूथ कॉलिंग और अत्यधिक लंबी बैटरी लाइफ है, जो एक बार चार्ज करने पर सामान्य उपयोग में 12 दिनों तक चलती है, जिसमें रात में 7 घंटे तक लगातार नींद की मॉनिटरिंग भी शामिल है। यह 5 एटीएम वॉटर रेजिस्टेंट भी है, जिसके कारण यह स्विमिंग, सर्फिंग आदि पानी की गतिविधियों के लिए उत्तम है। ऑनर चॉइस वॉच ऑनर हेल्थ ऐप की मदद से स्मार्टफोन से आसानी से कनेक्ट हो जाती है। यह ऐप स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और विभिन्न आउटडोर एवं फिटनेस की गतिविधियों के लिए अद्वितीय और अनुकूलित वर्क आउट मॉड्यूल्स निःशुल्क प्रदान करता है। इसमें एक ऑल-डे स्ट्रेस मॉनिटरिंग फंक्शन है, जो विभिन्न अंतरालों पर लगातार हार्ट रेट के संकेतों को एकत्र करके तनाव का स्तर माप लेता है।

## शारदा हॉस्पिटल ने देश में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय मल्टी सिस्टम रोबोटिक वर्कशॉप की शुरुआत की

**■ इस रोबोटिक वर्कशॉप में संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन सहित विश्वभर के प्रसिद्ध एक्सपर्ट्स ने ट्रेनिंग दी।**

**ग्रेटर नोएडा।** मेडिकल क्षेत्र में हमेशा से ही अपने नए इनोवेशन के लिए प्रसिद्ध शारदा हॉस्पिटल ने देश में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय मल्टी सिस्टम रोबोटिक वर्कशॉप सफलतापूर्वक आयोजित की। यह आयोजन स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, शारदा हॉस्पिटल और शारदा केयर - द हेल्थसिटी, ग्रेटर नोएडा (आगामी अल्ट्रामॉडर्न 700 + बेड वाले सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल) के सहयोग से किया गया। सम्मानित अंतरराष्ट्रीय ट्रेनर्स, सर्जनों और फैकल्टी द्वारा उद्घाटित यह वर्कशॉप, भारत में चिकित्सा शिक्षा और सर्जिकल



प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम के तहत देश में पहली बार किसी वर्कशॉप में अत्याधुनिक मल्टीपल रोबोटिक तकनीक का उपयोग किया गया है। कई रोबोटिक स्टेशन उपलब्ध होने के साथ, यह लैब अमेरिका और ब्रिटेन सहित विश्व स्तर पर प्रशंसित प्रशिक्षकों की सलाह के तहत रोबोटिक सर्जरी की जटिलताओं को समझने के लिए चिकित्सा पेशेवरों, छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए विशेष अवसर प्रदान करती है।

इस अवसर पर श्री पी.के. गुप्ता, चांसलर, शारदा विश्वविद्यालय और अध्यक्ष, शारदा हॉस्पिटल और शारदा केयर द हेल्थसिटी ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय फैकल्टी को पारंपरिक-संस्कृति शैली में शॉल के साथ सम्मानित किया और इस पहल के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ÷हमें भारत की पहली मल्टीपल रोबोटिक लैब की शुरुआत करने पर गर्व है, जो चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पहल अत्याधुनिक प्रशिक्षण अवसर प्रदान करने और भारत में स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने के लिए शारदा हॉस्पिटल के समर्पण को रेखांकित करती है।÷

उद्घाटन समारोह में चिकित्सा और शैक्षणिक क्षेत्र की प्रसिद्ध हस्तियों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं में प्रौद्योगिकी और शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की। कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों और कार्यशालाओं की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई जहाँ लोग रोबोटिक सर्जिकल तकनीकों को व्यावहारिक अनुभव और उनके बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। शारदा विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च की डीन डॉ. निरुपमा गुप्ता ने इस आयोजन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय रोबोटिक्स लैब अपने आप में विशेष है। यह पहली बार है कि भारत में किसी लैब में इतने व्यापक रूप से अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक पेश की जा रही है।

## गुजरात साइंस सिटी में साइंस कार्निवल 2024 की शुरुआत




**लखनऊ।** गुजरात सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तत्वावधान में कार्यरत गुजरात काउंसिल ऑफ साइंस सिटी (जीसीएससी) ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के लिए 28 फरवरी से 3 मार्च 2024 तक पांच दिवसीय विज्ञान कार्निवल (विज्ञान महोत्सव) का आयोजन किया है। साइंस कार्निवल का उद्घाटन गुजरात सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की प्रधान सचिव, श्री मोना खंधार-आईएएस द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसएसी (इसरो) के निदेशक नीलेश देसाई उपस्थित थे। साथ ही साइंस सिटी के कार्यकारी निदेशक जे. बी। इस कार्यक्रम में वडार-जीएएस, गुजकोस्ट के सलाहकार नरोत्तम साहू और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस वर्ष साइंस कार्निवल का विषय विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी है।

हमारी पृथ्वी की वायुमंडलमें परिवर्तन और मानव जीवन पर इसके प्रभाव के बारे में आगंतुकों और छात्रों को शिक्षित करने के लिए साइंस सिटी में एक नवनिर्मित क्लाइमेट चेंज लर्निंग लेब का भी उद्घाटन किया गया। आगामी रोबोफेस्ट 4.0 की भी घोषणा की गई है।

## आहार विशेषज्ञ बता रहे हैं 3 ऐसे फूड्स के बारे में जिन्हें डायबिटीज मरीजों को अपने रोजाना के भोजन में जरूर शामिल करना चाहिए

आनुवांशिकता, खानपान में बदलाव और तेजी से बदलती जीवनशैली कुछ ऐसे कारण हैं, जिसकी वजह से भारत में टाइप-2 डायबिटीज चिंता का कारण बनता जा रहा है। लैंसेट डायबिटीज एंड एंडोक्राइनोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, साल 2030 तक भारत में 9.8 करोड़ लोग टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित होंगे। खाद्य पदार्थों तथा पोषण के बारे में उपलब्ध ढेर सारी जानकारियों के साथ, यह समझना बेहद जरूरी है कि हर सलाह आप पर किस तरह लागू होगी और सही मायने में आपके लिए क्याॅ फायदेमंद है। यहां तीन ऐसे ही खाद्य पदार्थों के बारे में बताया गया है जोकि डायबिटीज का बेहतर नियंत्रण कर सकते हैं। वो है बादाम, हरी पत्तेदार सब्जियां और दही।

**बादाम**

मुट्ठीभर बादाम का सेवन करने से टाइप-2 डायबिटीज पीड़ितों में तत्काल और आगे भी ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। बादाम को अपने आहार में शामिल करने से अचानक ब्लड शुगर के स्तर के बढ़ने से बचाव करने में मदद मिलती है। यह



रक्तधारा में ग्लूकोज को रिलीज करने की गति को काम करते हुए ऐसा करता है। बादाम में मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड तत्व के होने की वजह से यह होता है। टाइप-2 डायबिटीज का नियंत्रण करने की कोशिश कर रहे लोगों को भी बादाम सहायता पहुंचा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप तेजी से कैलोरी बर्न होने लगती है। इस मेटाबॉलिक बूस्ट की वजह से बादाम के पोषक तत्वों की प्रोफाइल भी बेहतर होती है, जिसमें शामिल है फाइबर, फोलेट तथा विटामिन ई जैसे जरूरी विटामिन, फाइटोस्टेरॉल्स एवं फ्लेवनॉयड जैसे फाइटोकेमिकल्स, मैग्नीशियम, पोटेशियम और कैल्शियम जैसे मिनरल्स और अनसैचुरेटेड फैटी एसिड।

इसके साथ ही, टाइप-2 डायबिटीज पीड़ितों को हृदय रोगों के बढ़े हुए खतरे का भी सामना करना पड़ता है। बादाम में विटामिन ई और सेहतमंद फैट होती है जोकि दिल की परेशानियों को दूर करने में अहम भूमिका निभाते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा कराए गए शोध में बताया गया है कि भोजन में बादाम को शामिल करने से टाइप-2 डायबिटीज पीड़ितों में कार्डियोवैस्कुलर रोगों का खतरा कम हो सकता है।

**हरी पत्तेदार सब्जियां**

हममें से ज्यादातर लोगों को अपने भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल करने के महत्व के बारे में जानकारी है। शोध बताते हैं कि हरी पत्तेदार सब्जियां खाने से टाइप-2 डायबिटीज होने का खतरा काफी कम हो सकता है। पालक, बंदगोभी, सहजन की पत्तियां, पुदीने की पत्तियां, अमरनाथ की पत्तियां, मेथी साग, मूली की पत्तियां कुछ ऐसी हरी पत्तेदार सब्जियां हैं जिन्हें नियमित रूप से भोजन में शामिल किया जा सकता है।

## आईआईएफएल फाईनेंस के 'लेडीज़ फर्स्ट' गोल्ड लोन मेला में गोल्ड लोन लेने वाली महिलाओं को पुरस्कार दिए जाएंगे




**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस ने केवल महिला ग्राहकों के लिए एक अद्वितीय 'लेडीज़ फर्स्ट' गोल्ड लोन मेला अभियान पेश किया है। अपनी तरह के इस अनोखे अभियान में 5 मार्च से 12 मार्च, 2024 के बीच भारत में किसी भी आईआईएफएल फाईनेंस शाखा से गोल्ड लोन लेने वाली महिला ग्राहकों को जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ निश्चित उपहार भी दिया जा रहा है। इसके अलावा आईआईएफएल फाईनेंस विजेताओं को बंपर पुरस्कार भी प्रदान करेगा, जिसमें सोने के सिक्के शामिल हैं। आईआईएफएल फाईनेंस लोन एस्सेट के मामले में भारत की दूसरी सबसे बड़ी गोल्ड लोन कंपनी है। आईआईएफएल फाईनेंस से लोन लेने वाले 85 लाख ग्राहकों में 25 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक महिलाएं हैं, और उनकी संख्या बढ़ती जा रही है क्योंकि बढ़ती अर्थव्यवस्था में और ज्यादा महिलाएं उद्यमिता का मार्ग अपना रही हैं। गोल्ड भारत में हर महिला का अभिन्न हिस्सा होता है, और यह गोल्ड लोन फाईनेंस की मदद से उद्यमिता का सपना पूरा करने में काफी कारगर साबित हुआ है।

यह अभियान 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आस-पास की अवधि में चलाया जा रहा है।

आईआईएफएल फाईनेंस में हेड, गोल्ड लोन बिज़नेस, श्री सौरभ कुमार ने कहा, ''महिला उद्यमियों को सक्षम बनाने के लिए आईआईएफएल फाईनेंस में हमने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत का पहला गोल्ड लोन मेला लॉन्च किया है, जो महिला ग्राहकों के लिए समर्पित है।

## कॉमेडके कर्नाटक की प्रमुख इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन खुले




**लखनऊ।** पिछले पांच दशकों में, कर्नाटक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक स्तंभ के रूप में खड़ा रहा है। इंजीनियरिंग में अपना करियर बनाने की ख्वाहिश रखने वालों के लिए यह हमेशा से पसंदीदा जगह बना हुआ है। इसकी वजह हैं इसके विविधतापूर्ण कॉलेजों की लम्बी श्रृंखला, शानदार शैक्षणिक सुविधाएं और ग्रेजुएशन के बाद ऊंची जॉब प्लेसमेंट दर का शानदार ट्रैक रिकॉर्ड। उच्च शिक्षा के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता ने कुशल पेशेवरों का एक बड़ा पूल तैयार किया है, जिसने वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण मांग को अपनी तरफ आकर्षित किया है। कॉमेडके यूजीईटी और यूनीगेजप्रवेश परीक्षा रविवार, 12 मई, 2024 को एक संयुक्त परीक्षा के रूप में आयोजित होने वाली है, जिसमें क्रमशः कर्नाटक के 150 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेजों और भारत भर के 50+ से अधिक प्रतिष्ठित निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है। यह एकीकृत परीक्षा कर्नाटक अनएडिड प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज एसोसिएशन (कुपेका) और यूनीगेजसदस्य विश्वविद्यालयों से जुड़े कॉलेजों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है, जो बीई/बीटेक कार्यक्रम प्रदान करते हैं। ऑनलाइन परीक्षा भारत के 200 से अधिक शहरों में 400 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस वर्ष, उसे उम्मीद है कि 1,00,000 से अधिक छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। पूरे भारत से उम्मीदवार परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी www.comedk.org या www.unigauge.com पर पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 1 फरवरी, 2024 से 5 अप्रैल, 2024 तक ऑनलाइन खुली है। 2022 में, कॉमेडके ने कॉमेडके केयर्स इनोवेशन हब की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य भाग लेने वाले संस्थानों के छात्रों को कौशल वृद्धि पाठ्यक्रमों के माध्यम से वर्कफोर्स के लिए तैयार करना था। कर्नाटक भर में आठ इनोवेशन हब स्थापित किए गए हैं, जिनमें से चार बेंगलुरु में और अन्य मैसूरु, कालाबुरागी, मैंगलोर और बेलगाम में स्थित हैं। ये अत्याधुनिक केंद्र, 5000 वर्ग फुट से अधिक में फैले हुए हैं है, लकड़ी के राउटिंग, लेजर कटिंग, 3डी प्रिंटर, एआर-वीआर उपकरण, हाथ उपकरण, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, युआई-यूएक्स उपकरण आदि जैसे उन्नत उपकरणों से लैस हैं। इनोवेशन हब रैपिड प्रोटोटाइपिंग, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) में कार्यक्रम प्रदान करते हैं। कर्नाटक कॉमेडके द्वारा इस शानदार पहल के माध्यम से निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में कौशल के आधार पर प्रशिक्षण शुरू करने वाला पहला राज्य है।

## ब्रिटिश काउंसिल ने यूके में एजेंट्स और काउंसलर्स की मीट आयोजित की




**लखनऊ।** शैक्षिक अवसरों और सांस्कृतिक संबंधों के लिए, यूके के अंतरराष्ट्रीय संगठन, ब्रिटिश काउंसिल ने रेनासांस लखनऊ में एजेंट्स और काउंसलर्स की बैठक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लखनऊ और कानपुर से एजेंट्स और स्कूल काउंसलर्स की सहभागिता देखी गई। यूके एक प्रमुख स्टडी डेस्टिनेशन के रूप में खड़ा है जो अपने प्रतिष्ठित संस्थानों, विविध शैक्षणिक पेशकशों और जीवंत सांस्कृतिक अनुभवों के लिए प्रसिद्ध है छात्र विश्व स्तरीय शिक्षा में डूबने और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के अवसरों को अनलॉक करने के लिए यूके को चुनते हैं।

कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए रितिका चंदा पारूक एमबीई डायरेक्टर एजुकेशन इंडिया ब्रिटिश काउंसिल ने कहा कि बहुत से छात्र यूके में विश्वविद्यालयों में अध्ययन करने की इच्छा रखते हैं और यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी बन जाती है कि उन्हें सही जानकारी मिले यह सुनिश्चित करने के लिए कि इच्छुक छात्रों को आवश्यक मार्गदर्शन पूरी जानकारी और एक नए देश में जाने के लिए आवश्यक सहायता मिले हम एजेंट्स और काउंसलर्स के लिए नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित करते हैं ये प्रशिक्षण एजेंट्स और काउंसलर्स को सभी संभावित आवेदकों को यूके में अध्ययन और रहने के बारे में अच्छी सलाह और सहायता देने में सक्षम बनाते हैं।

## एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने मैदान के अंदर और बाहर सुरक्षा के महत्व पर दिया ज़ोर

**■ लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ लीड हेलमेट पार्टनर के रूप में की साझेदारी**

**नई दिल्ली।** भारत में निजी क्षेत्र की सबसे भरोसेमंद बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने आगामी 2024 क्रिकेट सीज़न के लिए लीड हेलमेट पार्टनर के रूप में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) फ्रेंचाइज़ी के साथ भागीदारी करने की घोषणा की है। एसबीआई लाइफ का लोगो, लखनऊ सुपर जायंट्स के हेलमेट पर प्रमुखता से प्रदर्शित होगा और इस तरह क्रिकेट की लोकप्रियता का लाभ उठाते हुए व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाई जाएगी और सुरक्षा तथा वित्तीय तैयारी की सकारात्मक संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ एसबीआई लाइफ की साझेदारी, क्रिकेट के मैदान में हेलमेट की सुरक्षा से जुड़ी भूमिका और मैदान के बाहर लोगों और परिवारों की सुरक्षा में जीवन बीमा की



आवश्यक भूमिका के बीच समानता को रेखांकित करती है। जिस तरह हेलमेट, खिलाड़ी को खेल के मैदान में जोखिम से बचाता है, उसी तरह जीवन बीमा वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है और लोगों को अपने सपनों को पूरा करने में मदद करता है। यह साझेदारी वित्तीय सुरक्षा की गहरी समझ को बढ़ावा देते हुए लोगों को उनकी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद करने के प्रति एसबीआई लाइफ की प्रतिबद्धता की प्रतीक है। एसबीआई लाइफ के ब्रांड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख, रवींद्र शर्मा ने इस साझेदारी पर अपनी टिप्पणी में कहा लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ हमारी भागीदारी गहन भावनात्मक स्तर पर सुरक्षा की आवश्यकता को रेखांकित करती है। यह भागीदारी 'इरादों की सुरक्षा' पर ज़ोर देती और लोगों को नकारात्मक दबाव, बेमतलब की जानकारियों के शोर से बचकर अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित करने की ज़रूरत पर बल देती है। एसबीआई लाइफ एक ब्रांड के रूप में बीमा के ज़रिये लोगों को अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करता है। उन्होंने कहा, खेल में लाखों लोगों के दिल और दिमाग पर काबिज़ होने की अपार शक्ति होती है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) जैसी युवा और शानदार टीम के साथ जुड़कर हम लाखों क्रिकेट प्रेमियों तक पहुंच सकते हैं, जिससे बीमा की उल्लेखनीय भूमिका के बारे में संवाद को बढ़ावा मिलता है; जिससे बड़ी आबादी को वित्तीय भविष्य सुरक्षित करने की दिशा में प्रगतिशील कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त ब्रांड के रूप में, एसबीआई लाइफ इस साझेदारी को क्रिकेट और बीमा की दुनिया के बीच तालमेल बिठाने के एक तरीके के रूप में देखता है, जो मैदान के अंदर और बाहर सुरक्षा के महत्व पर ज़ोर देता है। हम लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ भावी यात्रा को लेकर उत्साहित हैं और हमें रोमांचक प्रदर्शन तथा सुरक्षा के साझा मूल्यों से भरे सीज़न का इंतज़ार है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय सीज़न में तीन साल (2023-2026) की अवधि के लिए बीसीसीआई की आधिकारिक भागीदार होने के नाते, एसबीआई लाइफ ने न केवल क्रिकेट के जज़्बे को बढ़ावा देने के लिए ठोस साझेदारी बनाना जारी रखा है, बल्कि वह देश भर में लाखों प्रशंसकों के बीच जीवन सुरक्षा का महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे मंचों का लाभ भी उठाती है।

## विजेता पार्टनर सिख्या एंटरटेनमेंट डॉक्युमेंट्री, यो यो हनी सिंह के साथ नेटफ्लिक्स पर वापसी की




**नई दिल्ली।** विजेता पार्टनर सिख्या एंटरटेनमेंट डॉक्युमेंट्री, यो यो हनी सिंह के साथ नेटफ्लिक्स पर वापसी की है, जिसमें हनी सिंह जीवन की एक्सक्लूसिव एवं विस्तृत झलक पेश की गई है। वहीं दूसरी तरफ वीरेंद्र सहवाग और शोएब अख्तर जैसे जाने माने क्रिकेटरों के साथ बातचीत में दर्शकों के प्रिय खेल से जुड़े गरमा गरम किस्से सामने आएंगे। डायरेक्टर निशा पाहुजा की ऑस्कर-नॉमिनेटेड डॉक्युमेंट्री टू किल ए टाइगर अब नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगी। इस डॉक्युमेंट्री में अपनी 13 साल की बेटी के यौन उत्पीड़न के बाद न्याय के लिए एक पिता के संघर्ष और अटूट साहस की कहानी है।

**फैन्स के पसंदीदा शो की वापसी**

नेटफ्लिक्स अपने फैन्स के पसंदीदा शो वापस लेकर आ रहा है, जो लगातार कई हफ्तों तक नेटफ्लिक्स की टॉप 10 लिस्ट में रहे हैं। इनमें कोटा फैक्ट्री सीजन 3 मिस मैच्ड सीजन 3 ये काली काली आँखे सीजन 2 फेबल्स लीव्स और वालीवुड वेव्स शामिल हैं, जो एक नई कहानी, नए ड्रामा और नई किरदारों के साथ वापस आ गए हैं।

2024 लाइनअप में नेटफ़्लिक्स विभिन्न शैलियों और भावनाओं के बेहतरीन संग्रह लाया है, जिसमें हर पसंद और मूड के लिए एक फ़िल्म और सीरीज़ उपलब्ध है। सही मायनों में - यह एंटरटेनमेंट का नेक्स्ट लेवल है।

# आज का दिन देवरिया के रामभक्तों के लिए अत्यंत गौरवशाली : सांसद

अवधनामा संवाददाता



- रामभक्तों की बसों को हरी झंडी दिखाकर किया गया अयोध्या के लिए रवाना

**देवरिया।** क्षेत्र के गौरी बाजार के खरोह चौराहे पर सात हजार रामभक्तों से भरी बसों को सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी ने बताया कि 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात पूरे देश से लाखों श्रद्धालु अयोध्या में भगवान राम का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं, उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के श्रीराम मंदिर दर्शन अभियान के क्रम में जनपद देवरिया से सात हजार रामभक्तों का काफिला अयोध्या के लिए जा रहा है। आज का दिन इन सभी रामभक्तों के लिए अत्यंत गौरव का दिन है।जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले के चार विधानसभाओं से सात हजार रामभक्त अयोध्या में भगवान राम का दर्शन करने के लिए अयोध्या जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि देवरिया से रामभक्तों को अयोध्या ले जाने के लिए पिछले कई दिनों से जिला संगठन तैयारी कर रहा था और आज वो शुभ घड़ी आ गई जब देवरिया के सात हजार रामभक्त अपने आराध्य भगवान श्री राम का दिव्य दर्शन करेंगे। सभी रामभक्तों को ले जाने के लिए जिले से 130 बसें तथा सैकड़ों चार पहिया वाहनों को लगाया गया है जिसके द्वारा रामभक्त अयोध्या के लिए जायेंगे तथा सभी के मन में अत्यंत उत्साह है। जो लोग छूट रहे हैं उनको 17 मार्च को अयोध्या भेजा जाएगा। सहूलियत के नाते सभी रामभक्तों को पहचान पत्र निर्गत कर दिया गया है तथा यात्रा के दौरान रामभक्तों के नाश्ते पानी की व्यवस्था भी कर दी गई है। सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा हम सब का 500 सालों की प्रतीक्षा का दिन अब समाप्त हो गया है आज देवरिया की जनता अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के दिव्य विग्रह का अलौकिक दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। ऐसे दिव्य क्षण के लिए लोगों में अगाध श्रद्धा है तथा लोग भगवान का दर्शन करने के लिए आह्लादित हैं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, श्रीनिवास मणि, रविंद्र कौशल, नीरज शाही, प्रमोद शाही, अंकुर राय, निर्मला गौतम, प्रभाकर तिवारी, पिंटू जायसवाल, अर्चना पांडे, दर्शन अभियान के संयोजक विजय बेलदार, सह संयोजक अमित सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष आदित्य सिंह, जितेंद्र सिंह, राजीव पांडे, यशवंत शाही सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसानों की लहलहाती फसल चौपट कर रहे आवारा पशु

**अमेठी।** जिले के विभिन्न गांवो में आवारा पशुओं की समस्या आज भी बरकरार है। इस समय गेहूं की लहलहाती फसल आवारा पशु चौपट कर रहे हैं। लोक सभा चुनाव की दुंदुभी बजने वाली है। सभी दल एक बार फिर जनता को लुभाने की कवायद में जुट गए हैं लेकिन जिले के अन्नदाता आज भी आवारा पशुओं की समस्या से नहीं उबर पा रहे हैं।सर्द रात में भी किसान रतजगा कर अपने फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। जिले के गांव और नगर में आवारा पशुओं का कहर कम नही हो रहा है। ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह आवारा पशु झुंड के झुंड नज़र आते हैं कहीं-कहीं तो इनकी संख्या बहुत ज्यादा रहती है। रात के समय ज्यादातर आवारा पशुओं का झुंड सड़कों पर ही देखा जा रहा है। जिससे आवागमन भी पूरी तरीके से बाधित हो जाता है इन्हीं आवारा पशुओं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। किसानों को रात-रात भर जागकर अपनी फसलों की सुरक्षा इन आवारा पशुओं से करनी पड़ रही है इन सभी समस्याओं से जूझ रही आम जनता की बातों को कोई भी सुनने वाला नहीं है।

# शहर की घनी आबादी में हो रहे अवैध निर्माण से लग रहा जाम

- गुड डे बेकर्स की पार्किंग वाली जगह पर चल रही चाट फुल्की और समोसा कचौड़ी की दुकान

मनव्वर रिज़वी




**गोरखपुर।** शहर के व्यस्ततम इलाके घोष कम्पनी चौक, रेती रोड़, कोतवाली रोड़ और नखास, इस्माइलपुर, खूनीपुर तथा घण्टाघर समेत शहर के लगभग हर हिस्से में अवैध व मानक के विपरीत व्यवसायिक निर्माणों की बाढ़ सी आ गई है जिससे जाम की समस्या दिनों दिन विकराल होती जा रही है। इन निर्माणों में सबसे महत्वपूर्ण सेटबैक और पार्किंग पूरी तरह से गायब हैं और इनकी जगह दुकानों ने ले ली हैं।

घोषकम्पनी से कोतवाली रोड़ पर पिछले वर्ष गुड डे बेकर्स का निर्माण किया गया जिसमे पार्किंग की जगह चाट फुल्की और समोसा कचौड़ी की दुकान ने ले ली जिससे ग्राहकों की गाड़ियाँ सड़क पर खड़ी हो रही है, जिससे जाम लग जा रहा है। लेकिन जीडीए से लेकर कोतवाली पुलिस की सेवा करने के कारण न तो गुड डे का कोई चालान होता है और न ही कोई कार्यवाही होती है। पार्किंग की जगह पर दुकान चलाने और उससे जाम लगने के सवाल पर जीडीए के जेई रमापति वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जाम की समस्या का निराकरण करना पुलिस का काम है इसमें जीडीए क्या करेगा।बहरहाल यही हाल घोष कम्पनी से रेती जाने वाली सड़क का है। यहां नियम कानून को ताक पर रख कई नए काम्प्लेक्स का निर्माण हो चुका है तथा कुछ और नए निर्माण अभी हो रहे हैं जिससे जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। सबसे बड़ी बात ये है कि जीडीए की फाइलों में कई ऐसे निर्माण भी है जो सील हैं लेकिन हकीकत में वहां व्यवसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। बताते चलें कि घोष कंपनी से रेती जाने वाली रोड पर ही विश्व प्रसिद्ध गीता प्रेस स्थित है। जहां प्रतिदिन देश ही नहीं विदेशों से भी श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। ऐसे में सीएम सिटी का रुतबा लिए गोरखपुर शहर में स्थानीय पुलिस और जीडीए के अधिकारियों की शिथिलता के कारण इस रोड के जाम को लेकर श्रद्धालुओं के मन मस्तिष्क में योगी सरकार की नकारात्मक छवि बन रही है।

## लोकसभा चुनाव : 21 उड़न दस्ते व स्टेटिक मजिस्ट्रेट टीम का गठन

अवधनामा ब्यूरो



- चुनाव में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में छह टीमें करेंगी निगरानी

**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव की तैयारी में अफसर जुट गए हैं। जिले में निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार तैयारी शुरू हो गई है। डीएम की अध्यक्षता में बैठक के बाद जिले में 21 उड़न दस्ते और 21 स्टेटिक मजिस्ट्रेट टीम का गठन किया गया है। प्रलोभन देकर चुनाव प्रभावित और आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर टीम की नजर रहेगी। जांच से लेकर कार्रवाई तक की वीडियोग्राफी कराई जाएगी।

चुनाव आयोग के निर्देश पर बूथों का सर्वे का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। पारदर्शी चुनाव के लिए अफसरों की ड्यूटी भी लगाई जा रही है। निर्वाचन कार्यालय ने सभी विभागों से सूचनाएं मंगा ली है। स्टेटिक निगरानी टीम में एक मजिस्ट्रेट और तीन पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी, जबकि उड़न दस्ते में भी इतने कर्मचारी रहेंगे। इनके साथ एक वीडियोग्राफर की ड्यूटी लगाई जाएगी, जो वाहन की जांच और आचार संहिता की कार्रवाई की वीडियोग्राफी करेंगे। एक विधानसभा में तीन-तीन टीमों की ड्यूटी लगाई जा रही है। इसके नोडल अफसर वरिष्ठ कोषागार अधिकारी हैं, जो टीम की कार्रवाई की सूचना निर्वाचन आयोग को प्रति दिन देंगे और मॉनिटरिंग करेंगे। डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर स्टेटिक निगरानी और उड़न दस्ते के गठन के निर्देश दे दिए गए हैं। इसकी तैयारी चल रही है। सभी विभागों से कर्मचारियों की सूची मांगी गई है।

## भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारी घोषित

**देवरिया।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय कुमार गोंड़ ने भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की संस्तुति पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला पदाधिकारियों की घोषणा कर दिया है। जिसमें अवधेश गोंड़, उपेन्द्र कुमार, विट्टन गोंड़, सच्चिदानंद गोंड़, वीरेन्द्र गोंड़ तथा राजकुमार गोंड़ को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का जिलाउपाध्यक्ष बनाया है। जबकि पंकज गोंड़,अनिल गोंड़ को जिलामहामंत्री की जिम्मेदारी दी है तो जितेन्द्र गोंड़, सुनील शाह, राजकुमार खरवार, शिवाजी शाह, सिद्धिविनायक गोंड़ को जिला मंत्री अनुसूचित जनजाति मोर्चा बनाया है। कृष्णा गोंड़ को जिला मंत्री के साथ-साथ मीडिया प्रभारी का भी दायित्व दिया है तो विनोद गोंड़ को सोशल मीडिया, पंकज गोंड़ को कोषाध्यक्ष, किरन गोंड़ को शोध प्रमुख तथा अंगद गोंड़ को कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी दिया गया है।

## सरकार की योजनाओं से लोगों के जीवन में आयी है खुशहाली : अजय कुमार दूबे



**भाटपार रानी अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को भाटपार रानी मंडल के खामपार में जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार के योजनाओं से लाभान्वित लोगों से संपर्क कर केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अपने 10 साल के कार्यकाल में दर्जनों योजनाओं का संचालन की है जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिला है। और लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है। श्री दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के माध्यम से जहां महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के द्वारा किसानों के जीवन में खुशहाली आई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के माध्यम से देश के लगभग 50 करोड लोगों को सीधे-सीधे बैंक से जोड़ने का कार्य किया गया है। अभियान के मंडल संयोजक सुरेश तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने के राह पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में कानून का राज स्थापित है। गुंडा माफिया या तो जेल के सलाखों में है या प्रदेश छोड़कर भाग चुके हैं। प्रदेश की अच्छी कानून व्यवस्था के कारण आज प्रदेश में बड़े-बड़े उद्योगपति निवेश कर रहे हैं। जिससे प्रदेश में रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। यहां प्रमुख रूप से विशंभर पांडेय, फागु राज कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, श्रवण आर्य, रवि भारती, वशिष्ठ कुशवाहा, उमेश तिवारी, हरिलाल कुशवाहा, मनोरमा देवी, माधुरी देवी प्रमुख रूप से उपस्थित थी।

## शरारती और अपराधियों तत्वों पर करे कार्रवाई

**गोरखपुर।** लोकसभा 2024 निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए तहसील क्षेत्र में जो भी अपराधी किस्म के लोग है उन पर कारवाई करना शुरू कर दे। गांव में कई ऐसे लोग भी होते हैं। जो विभिन्न विभिन्न पार्टियों के ताल्लुक रखते है। और इनके द्वारा मतदान प्रभावित हो सकता है। पुलिस की जिम्मेदारी है की ऐसे लोगो का नाम चिन्हित कर समय से उन लोगो पर निरोधात्मक कारवाई शुरू कर दे। उक्त बातें उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने सहजनवा, गीडा, हरपुर बुदहट के थानेदारों के साथ तहसील सभागार में समीक्षा बैठक करते हुए कही। वही सीओ गीडा अनुराग सिंह ने कहा की क्षेत्र में जो अपराधी,और शरारती तत्व के लोग है। उन्हे चिन्हित कर कारवाई करना शुरू कर दे। जिससे लोकसभा चुनाव शांति ढंग से सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, प्रभारी निरीक्षक गीडा योगेंद्र राय, एसओ सहजनवा मदन मोहन मिश्र, एसओ हरपुर बदहट विशाल उपाध्याय मौजूद थे।

## पोस्टमास्टर के छुट्टी पर जाने से डाकघर में लेनदेन बाधित



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा स्थित मुख्य डाकघर पर तैनात पोस्ट मास्टर के छुट्टी पर जाने से शुक्रवार को डाकघर में लेनदेन पूरी तरह बाधित रहा। रुपया निकालने के आश में आए अनेक ग्राहक लेनदेन न होने से मायूस होकर लौटे दिखाई दिए। मुख्य डाकघर सहजनवा पर शशांक पांडेय पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात है। इनके घर के किस सदस्य के आकस्मिक मृत्यु होने पर वह 1 से 9 मार्च तक छुट्टी पर चले गए है। लेकिन इनके द्वारा किसी भी तैनात कर्मचारी को लेनदेन करने के लिए चार्ज नहीं दिया गया। दिक्कत का आलम यह है की लेनदेन का जो पासवर्ड है वह पोस्ट मास्टर के पास ही होता है। जिसकी वजह से समस्या बनी हुई है। शुक्रवार को डाकघर पर किसी भी तरह का लेनदेन नहीं हो सका। इस संदर्भ में पोस्ट मास्टर शशांक पांडेय ने कहा कि घर के किसी सदस्य के मृत्यु होने पर नौ दिन की छुट्टी पर है। जल्द किसी की तैनाती कर समस्या का समाधान करा दिया जायेगा।

## खेलकूद प्रतियोगिता टीएनएस टीम का रहा दबदबा



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड गौरीगंज में दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई।जिसमे टीएनएस स्कूल की टीम का दबदबा दिखाई पड़ा। नेहरू युवा केन्द्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के निर्देशन में विकासखंड गौरीगंज के पूरे केशरी टीएनएस विद्यालय के प्रांगण में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिसमें वालीबॉल कबड्डी खो-खो रस्सी कशी की प्रतियोगिताएं कराई गई। खो-खो में बहवा को हराकर टी एन एस स्कूल की टीम विजेता रही। कबड्डी में पूरे फाजिल को हराकर टी एन एस की टीम विजेता रही। रस्साकसी में पैंगा को हराकर बहवा की टीम विजेता रही वालीबॉल में धारूपूर को हराकर विंध्या का पूरावा विजेता रही। मुख्य अतिथि हरिप्रसाद शुक्ला ने विजेता टीम को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। इसमें अंपायर विनायक मिश्रा वृजेश द्विवेदी ने खेल कराने में सहयोग किया। अंत में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

# तीसरी बार ग्रा.प.ए. कप्तानगंज के अध्यक्ष बने फरेंद्र, संजय महामंत्री





अवधनामा संवाददाता

- सतेंद्र पांडेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व वरुणकांत महामंत्री चुने गए

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कस्बा स्थित जेपी इंटरमीडिएट कालेज में शुक्रवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई कप्तानगंज की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती व विस्तार पर चर्चा तथा तहसील व ब्लाक स्तर पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विनय प्रकाश गोंड ने पहुंचकर संगठन के पदाधिकारी व सदस्यों में परिचय पत्र वितरण किया। बैठक में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन कप्तानगंज के तहसील अध्यक्ष पद पर पुनः सर्वसम्मति से फरेंद्र पाण्डेय को चुना गया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए सतेन्द्र पाण्डेय, उपाध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा, प्रमोद पाण्डेय तथा वरिष्ठ महामंत्री के लिए संजय मिश्र, महामंत्री वरुण कांत मिश्र, अनिल जायसवाल का सर्वसम्मति से चयन किया गया। ब्लाक अध्यक्ष रामकोला के पद पर राजीव कुमार गुप्ता को मनोनीत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक श्री गौंड ने कहा कि पत्रकारिता की हर कदम जोखिम और चुनौती पूर्ण होती है। सरकार व पत्रकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। देश व समाज के उत्थान में दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संगठन के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में संगठन के आवश्यकता व स्थापना पर विस्तृत चर्चा के उपरांत कहां कि पत्रकारिता में ग्रामीण पत्रकारों की भी विषेश महत्ता होती कभी कभी ग्रामीण घटना ही राष्ट्रीय पटल पर आ जाती है। ऐसे में ग्रामीण पत्रकारों को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में तहसील अध्यक्ष फरेंद्र पाण्डेय ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। बता दें कि फरेंद्र पांडेय कप्तानगंज से तीसरी बार अध्यक्ष चुने गए है।

## ऑनलाइन हाजिरी एवं डिजिटलाइजेशन का शिक्षकों ने किया विरोध

### शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया


काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते शिक्षक

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्राधीन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति एवं पंजीकाओं के डिजिटलाइजेशन के विरोध में शुक्रवार को शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि बिना संसाधन दिए ऑनलाइन उपस्थिति एवं पंजिकाओं का डिजिटलाइजेशन किए जाने के लिए अधिकारियों द्वारा अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही कार्यवाई का धमकी दी जा रही है जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है। इसके लिए एक मार्च से पांच मार्च तक शिक्षक व शिक्षिकाओं द्वारा काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। इसके बाद ग्यारह मार्च को जिला बेसिक शिक्षाधिकार कार्यालय पर धरना देंगे।

## छात्रों को वितरित किया गया प्रमाण पत्र



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र पांडे ने बताया कि पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा संचालित निशुल्क ओ लेवल और सीसीसी के कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्रों को शुक्रवार को जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि ओ लेवल के 17 और सीसीसी के 20 प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

## सिंघाड़ी धुस पर अवैध खनन में लगी जेसीबी व दो ट्रालियां सीज

अवधनामा संवाददाता



**खैरेटवा, कुशीनगर।** कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के सिघाड़ी धुस पर अवैध खनन कर रहे जेसीबी मशीन व दो ट्रैक्टर ट्रालियों को एसडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम ने पकड़ लिया। सीज किए गए वाहनों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाई करते हुए कप्तानगंज थाने को सौंप दिया गया। प्रशासन के इस कार्यवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सिंघाड़ी घुस पर चल रहे अवैध खनन की जानकारी राजस्व विभाग को मिली, जिसके उपरान्त राजस्व से लेखपाल संजू पासवान व अन्य उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे तो देखा कि जेसीबी द्वारा लाल मिट्टी का खनन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सरकारी कर्मचारी को देखते ही चालकों में भगदड़ मच गई, मौके पर पहुंची राजस्व की टीम ने जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर लिया और विधिक कार्यवाही के पश्चात कप्तानगंज थाने को सुपुर्द कर दिया। बता दें कि सिंघाड़ी धुस पर सालों से अवैध खनन चल रहा है जिसकी सूचना अवधनामा अखबार के माध्यम से कई बार प्रकाशित किया गया लेकिन किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जाती थी और खनन माफिया धड़ल्ले से निर्भीक होकर खनन कर रहे थे किन्तु राजस्व के इस कदम से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है लोगों ने बताया कि बहुत ही सराहनीय कार्य हुआ है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी योगेश्वर से बात करने की कोशिश की गई तो उनके फोन की घंटी बजती रही लेकिन फोन नही उठा जिससे उनका पक्ष नही जान पाया गया।

# राम, बुद्ध और गोरखनाथ भारत नेपाल एकता के मूल सूत्र : कंडेल

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** भारत और नेपाल की एकता का मूल आधार दोनों देशों की साझा अध्यात्म-संस्कृति है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, महात्मा बुद्ध और शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ भारत-नेपाल एकता के अक्षुण्ण मूल सूत्र हैं। यह कहना है नेपाल के पूर्व गृह राज्यमंत्री देवेंद्र राज कंडेल का।

श्री कंडेल शुक्रवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में आयोजित भारत-नेपाल सांस्कृतिक अंतर्संबंधों की विकास यात्रा – अतीत से वर्तमान तक विषयक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के संयुक्त तत्वावधान में हो रहे इस सेमिनार में श्री कंडेल ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और धर्म के लिए राजनीति छोड़ने भी पड़े तो छोड़ देना चाहिए।

500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद श्रीरामलला की जन्मभूमि अयोध्या में बने भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई तो उसे नेपाल में भी पर्व के रूप में मनाया गया। भगवान श्रीराम व माता सीता के चलते भारत नेपाल के आवागमन की परंपरा आज तक चली आ रही है। आज भी बिना पासपोर्ट और वीजा के लोग भारत और नेपाल की सीमाओं को पार करते हैं। यह हमारे आपसी मजबूत संबंधों को दर्शाता है। उन्होंने नेपाल पर गुरु गोरखनाथ के प्रभाव की चर्चा करते हुए बताया कि नाथ संप्रदाय के नेपाल में कई जगह-जगह भव्य मंदिर हैं। उन्होंने सांस्कृतिक अंतर्संबंधों की और मजबूती के लिए दोनों देशों के शासन-प्रशासन को व्यावहारिक विचारों को अपनाने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हम लोगों की वार्ता हुई है, जल्द ही गोरखपुर से नेपाल के लिए भी पर्यटक बसें चलाई जाएंगी। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय, लुम्बिनी, नेपाल के कुलपति प्रो. सुबरन लाल बज्राचार्य ने कहा कि भारत और नेपाल, दोनों देशों में अन्योन्याश्रित संबंध हैं। दोनों के सह अस्तित्व से यह संबंध ऊंचाई को प्राप्त करते हैं। इस पारस्परिक संबंध का आधार हिंदुत्व है। हिंदुत्व का सम्मान करने व हिंदुत्व को बढ़ावा देने से निश्चित रूप में नेपाल और भारत के संबंधों में धनिष्ठता और मधुरता आएगी। सांस्कृतिक आयाम ही हमारे लिए सबसे शक्तिशाली हथियार है। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल के बीच खुली सीमा हमारे मजबूत संबंधों को दर्शाती है। भारत और नेपाल में कई जातीय समूह भी शामिल हैं। भारत-नेपाल संबंध में तभी धनिष्ठता आ सकती है जब हम धर्म संप्रदाय को ध्यान में रखते हुए हिंदुत्व को बढ़ावा दे। राजनीतिक कारणों से एक दूसरे के लिए उग्र होना बंद करना होगा।

## रोजगार मेले में 37 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में डीडीयूजीकेवाई योजना के तहत संग्रामपुर ब्लॉक में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबन्धन द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया तथा 03 प्लेसमेंट कम्पनियों द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग किया गया जिसमें 79 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कुल 37 प्रशिक्षुओं को रोजगार प्रदान किया गया।इस मौके पर जिला कौशल प्रबन्धक संदीप कुमार सिंह प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह मृत्युन्जय तिवारी एवं सेन्टर इंचार्ज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को जारी की सूची

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण कांत राय ने दशमोत्तर तथा अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के लिए जारी छात्रवृत्ति समय सारणी के क्रम में जनपद के समस्त दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के शिक्षण संस्थाओं को अवगत कराया है कि संदेहास्पद डाटा से संबंधित छात्र/छात्राओं की सूची जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को प्राप्त करा दी गयी है। सम्बन्धित शिक्षण संस्थान अपने लॉगिन से संदेहास्पद डाटा की सूची प्राप्त कर एवं प्राप्त न होने की दशा में सूची जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त कर उक्त से सम्बन्धित प्रमाणित साक्ष्य वर्गवार सम्बन्धित कार्यालय को 6 मार्च तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# अनशनकारियों की मेहनत लाई रंग, निर्माण कार्य हुआ शुरू



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का जारी अनशन शुक्रवार को पांचवे दिन जैसे ही आमरण अनशन में बदला तो आनन फानन प्रशासन ने अनशन स्थल पहुंच मांगो को पूरा करने के साथ ही सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर अनशनकारियों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवा दिया।शुक्रवार को मौदहा क्षेत्र के ग्राम किसनपुर रमना में चल रहे अनशन के पांचवें दिन? ग्रामीणों ने जैसे ही आमरण अनशन शुरू करने की घोषणा की तो आनन फानन अनशन स्थल पहुंच प्रशासन ने अनशनकारियों की मांग सड़क निर्माण के कार्य को प्रारंभ होने के बाद उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद ने अनशनकारियों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवा दिया। अनशन पर बैठे बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के जिलाध्यक्ष देव यादव एवं चंद्रभान पाल सहित ग्रामीणों का कहना है कि बीते एक दशक से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी गांव की सड़क का निर्माण न होने पर अनशन शुरू किया था जो शुक्रवार को मांगे पूरी होने के साथ सड़क निर्माण प्रारंभ होने पर अनशन समाप्त कर दिया गया है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज सहित बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना भारत के अध्यक्ष विनय तिवारी व समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कूड़ा गाड़ी नहीं आने से वार्डों में फैली गंदगी

**हमीरपुर।** नगर पंचायत सुमेरपुर की कूड़ा गाड़ियों के नियमित रूप से वार्डों में न पहुंचने के कारण वार्डों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। जिनको आवारा जानवर रास्तों में फैलाकर गंदगी पैदा करते हैं। इससे लोग परेशान है।शुक्रवार को कस्बे के वार्ड संख्या 13 में की गई पड़ताल में जगह-जगह कूड़े के ढेर नजर आए वार्ड के निवासी रमेश कुमार, अरविंद, मनोज कुमार आदि ने बताया कि कूडा गाड़ी नियमित रूप से घरों से निकलने वाले कूड़े को नहीं उठाती है। चार-पांच दिन बाद ही कूड़ा उठाया जाता है। इससे चारों ओर गंदगी फैलती है। आवारा पशु भोजन की तलाश में इसको रास्ते में चारों तरफ बिखेर देते हैं। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत शिकायत के बाद भी संज्ञान नहीं लेता है।

## फायर सिलेंडर लीक, बोगी सवार यात्रियों में हड़कंप

**बांदा।** बुधवार की आधी रात को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई जब जबलपुर से निजामुद्दीन की ओर जा रही महाकौशल एक्सप्रेस की जनरल बोगी में आग लगने की खबर मिली। खबर मिलते ही रेलवे अधिकारियों के साथ ही जीआरपी सतर्क हो गई। ट्रेन के बांदा स्टेशन पहुंचते ही मौके पर जाकर देखा गया तो पता चला कि फायर सिलेंडर लीक हो गया था। इसकी वजह से यात्रियों को बोगी में आग लगने का शक हुआ था। जबलपुर-निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन में बुधवार आधी रात जनरल बोगी में फायर सिलेंडर लीक होने की वजह से धुआं भर गया। यह देखकर यात्रियों को लगा कि बोगी में आग लग गई। आनन-फानन में ट्रेन में चल रहे कर्वी थाना पुलिस स्कार्ट को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर जीआरपी बांदा को भी अवगत कराया गया। बताया गया कि ट्रेन की बोगी में आग लगने की सूचना है।

## एनसीएल का कोयला उत्पादन, प्रेषण व अधिभार हटाव में शानदार प्रदर्शन जारी

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थित प्रमुख अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड राष्ट्र की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के आलोक में कोयला उत्पादन, प्रेषण व अधिभार हटाव में नए मुकाम हासिल कर रही है। एनसीएल ने फरवरी माह के अंत तक 135 मिलियन टन कोयला उत्पादन के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 5.38त्न की वार्षिक वृद्धि के साथ 125.95 मिलियन टन कोयला उत्पादन व 3.7 त्न की वार्षिक वृद्धि के साथ 126.86 मिलियन टन कोयला प्रेषण कर लिया है। इसी क्रम में अधिभार हटाव में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए एनसीएल ने वित्त वर्ष 2023-24 में अभी तक तक 465 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाया है। साथ ही एनसीएल ने फरवरी माह के अंतिम दिन (29 फरवरी) में अधिभार हटाव में नया रिकार्ड बनाया।

# बालू खदान के गुंडों ने पत्रकारों के साथ की मारपीट

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** बुलडोजर बाबा के नाम से प्रसिद्ध सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के राज में बालू माफियाओं की हिमाकत इतनी बढ़ गई है की अब वह पत्रकारों पर हमला और लूट की घटना को अंजाम देने में जरा भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। बांदा जिले में बरियारी बालू खदान के मालिक संजू गुप्ता के गुंडे शैलेंद्र सिंह और आधा दर्जन गुंडों ने खबर करने गर पत्रकारों को खेतों में घेर लिया और मारपीट के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने लूटा हुआ सामान बरामद कराया और पत्रकारों को सुरक्षित घर पहुंचने में मदद की और आगे की कार्रवाई में जुट गई। पूरा मामला गिरवां थाना अंतर्गत बरियारी गांव का है जहां ग्रामीणों की सूचना पर जिले के चार पत्रकार अवैध खनन की खबर कवरेज करने गांव के रास्ते से होकर खेतों में गए थे तभी खदान मालिक संजू गुप्ता के गुंडे शैलेंद्र यादव जो अपने आप को अखिलेश यादव का भाई बताता है और आधा दर्जन गुंडों ने घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी साथ ही मोबाइल, कैमरा और अन्य सामान लूट लिया और कहा हम जिले के अधिकारियों को खरीद रखे हैं तभी दिन रात बेधड़क होकर अवैध खनन कर रहे हैं हमारा कुछ नही बिगड़ेगा तुम लोग दुबारा यहां फोटो खींचने आए तो गोले मारकर इन्ही मशीनों से नदी में दफ्न कर देंगे इतना ही नहीं इन गुंडों ने पत्रकारों की मोटर साइकिलो के टायर भी पंचड कर दिए फिर किसी तरह पत्रकार जान बचाकर गांव की ओर भागे और डायल 112 सहित जिले के पुलिस अधिकारियों को घटना की सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची 112 डायल की पुलिस ने खदान जाकर सारा समान बरामद कराया और आरोपियों को तलास्ती रही पर वह खदान से भाग चुके थे। जिसकी शिकायत जियो के आधा सैकड़ा पत्रकारों ने एक होकर पुलिस अधीक्षक से की है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया की पत्रकारों के साथ मारपीट की सूचना मिली है जिसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी वहीं पत्रकारों से छीना समान 112 डायल की पुलिस ने बरामद कर पत्रकारों को सौंप दिया है।

# अवैध असलहा फैक्ट्री का किया खुलासा

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना राठ पुलिस द्वारा अवैध तमंचा बनाने की फैक्ट्री व पांच अदद नाजायज देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं चार अदद छोटी बड़ी लोहा नाल व दो अदद लोहे की नाल बनाने वाली स्टेयरिंग राड एंव अन्य शस्त्र बनाने के उपकरण सहित अभियुक्तगण नफीस पुत्र छिद्दू व सलामत पुत्र बसीर को स्यावरी रोड खाली पडी काशीराम कालोनी बहद ग्राम स्यावरी थाना राठ से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर धारा 5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया। अभियुक्त नफीस पुत्र छिद्दू के ऊपर थाना राठ में आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज है।



- अवैध असलहा फैक्ट्री के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार
- पुलिस ने अवैध तमंचा बनाने के उपकरण व पांच अदद अवैध तमंचा, कारतूस किए बरामद

**पुलिस ने अभियुक्तों को कब्जे से काफी माल किया बरामद**

राठ पुलिस ने अभियुक्तगण के कब्जे से कुल पांच अदद नाजायज देशी तमंचा 315 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं शस्त्र बनाने के उपकरण एक अदद लकड़ी काटने वाली आरी, एक अदद हथौड़ी, एक अदद ड्रिल मशीन, एक अदद धौकनी पंखा, एक अदद लोहा काटने वाली आरी मय ब्लेड के, एक अदद निहाई लोहे की, दो अदद रेती लोहे की,दो अदद छोटी रेती, चार अदद छोटी बड़ी नाल लोहा व दो अदद लोहे की नाल बनाने वाली स्टेयरिंग राड लम्बाई करीब पौने दो फुट तथा पास में पड़ी एक सफेद बोरी में नौ अदद आरी ब्लेड, एक पैकेट स्क्रू, आठ अदद स्प्रिंग का बरामद किया।

# अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में समय करीब 20.23 बजे थाना सुमेरपुर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उप निरीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी व कांस्टेबलो द्वारा अभियुक्त अनिल शिवहरे पुत्र स्व. वीरेन्द्र शिवहरे निवासी मुहल्ला ग्रीन लॉ़ज के पीछे वार्ड नं0-15 कस्बा व थाना सुमेरपुर के पास पांच किलो 300 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया । जिसके आधार पर थाना सुमेरपुर में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया व अभियुक्त आकाश शिवहरे पुत्र अनिल शिवहरे निवासी मुहल्ला ग्रीन लॉ़ज के पीछे वार्ड नं0-15 कस्बा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर के पास चार किलो 900 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया । जिसके आधार पर थाना सुमेरपुर में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया । दोनो अभियुक्तों के पास से कुल दस किलो 200 ग्राम अवैध गांजा घटनास्थल नेहा नर्सिंग होम के सामने नरही मार्ग के पास से बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर अभियुक्तगण को न्यायालय भेजा गया।

## अलग अलग सड़क हादसों में तीन गंभीर

**हमीरपुर।** मौदहा क्षेत्र में हुए अलग अलग हादसों में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से दो लोगों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। कस्बे निवासी फूला (65) पत्नी मदारी और रानी (22) पत्नी आशीष मंकराव निवासी पप्पू (45) पुत्र नारायण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहाँ से पप्पू और फूला को गंभीर चोंटो के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# 28 विद्यार्थियो को वितरित किए गए स्मार्टफोन स्मार्ट फोन पाकर खुशी से खिले चेहरे

अवधनामा संवाददाता



- मेहेरवान महाविद्यालय जराखर में स्मार्टफोन वितरण का हुआ समारोह, स्मार्टफोन पाकर विद्यार्थियों के खुशी से खिले चेहरे

**हमीरपुर।** जनपद के जराखर गांव के मेहेरवान महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरण समारोह आयोजित किया गया। जहां स्मार्ट फोन पाकर बीएससी के 28 विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने कहा कि सरकार स्मार्ट फोन के माध्यम से छात्र छात्राओं को आधुनिक परिवेश में इंटरनेट से जुड़कर प्रगति के पथ पर अग्रसर कर उनकी प्रतिभा को सही दिशा देने में जुटी हुई है। और स्मार्ट फोन का सदुपयोग करने वाले छात्र छात्राओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। बच्चे इंटरनेट के माध्यम से जुड़कर पढ़ाई कर सकते हैं। महाविद्यालय की बीएससी के 28 विद्यार्थियो को स्मार्टफोन वितरण किया गया। और स्मार्ट फोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से चमकने लगे। कार्यक्रम के दौरान विधायक मनीषा अनुरागी ने नमो एप्स के बारे में छात्राओं को जागरूक किया और बताया कि आप सीधे प्रधानमंत्री से जुड़कर सरकार की उपलब्धियो के बारे में एप्स के द्वारा जानकारी प्राप्त होगी। मेहेरवान महाविद्यालय जराखर के प्रबंधक डॉ. स्वामीदीन गुप्ता एवं डॉ.आजाद कुमार ने आए हुए अतिथियों का तहे दिल से आभार व्यक्त किया है।

# हिण्डाल्को में ज्ञान प्रवाह, पीपीई युसेज़ एवं सेफ़्टी इनोवेशन प्रतियोगिता आयोजित




अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ रेणुकूट।** हिण्डाल्को में चल रहे सुरक्षा सप्ताह के दौरान सेफ़्टी इनोवेशन, पीपीई युसेज़ एवं ज्ञान प्रवाह प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्लांटों के कर्मचारियों ने पूरे जोश एवं उत्साह से भाग लिया। सेफ़्टी इनोवेशन प्रतियोगिता के अंतर्गत प्लांट की चार टीमों ने भाग लेकर निर्णायक मंडल के सुरेन्द्र कुमार, सुरेश शुक्ला, हिमांशु रंजन, हरेन्द्र सिंह एवं विवेकानंद के सम्मुख प्लांट में किए गए सेफ़्टी के नये खोज व इनोवेशन पर अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। प्रस्तुतिकरण के आधार पर फ़ैब्रिकेशन प्लांट के रामजीत कुशवाहा, अनिल कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह व मुकेश सिंह की टीम को प्रथम, युटिलिटी के मिलन कुमार, प्रतीक सिंह, धर्मेन्द्र नायक व वी.के. चतुर्वेदी की टीम को द्वितीय तथा रिडक्शन प्लांट की इशिका लूथरा, पवन कुमार, धर्म कुमार व सर्वजीत सिंह की टीम को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन शरत चंद्रा एवं आर.के. श्रीवास्तव ने किया।

## सदर तहसील के प्रशानिक अधिकारी के सेवानिवृत होने पर दी विदाई



**सोनभद्र।** सदर तहसील के प्रशानिक अधिकारी प्रकाश गिरी के सेवानिवृत होने पर कलेक्ट्रेट सभागार में उन्हे उपस्थित अधिकारीयों/ कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी है इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष चन्द्र यादव ने उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी को सम्बोधित करते हुए कहा कि सेवा काल के दौरान किये गये अच्छे कार्यो व दायित्वों का निर्वाहन सेवा काल की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है इस दौरान मौके पर सोनभद्र बार एसोसियसन की पूनम सिंह, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य ओम प्रकाश त्रिपाठी, रामलाल यादव प्रशानिक अधिकारी, ओमकार नाथ प्रशानिक अधिकारी, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजीव शुक्ला, मंन्त्री अमर नाथ ने उपस्थित रहे। इस दौरान राजीव शुक्ला ने कहा कि गिरी का कार्य व्यवहार बहुत ही सराहनीय रहा है और वह लोगों के बीच में अपनी एक अलग पहचान रखते थे।

# एनसीएल से फरवरी माह के अंत में सेवानिवृत्त हुए 53 कर्मी

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** गुरुवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों से फरवरी माह के अंत में 7 अधिकारी व 46 कर्मचारियों सहित कुल 53 कर्मी सेवानिवृत्त हुए।

फरवरी माह के अंत में एनसीएल मुख्यालय से सैयद गौरी, महाप्रबंधक (खनन/ तकनीकी संचालन सचिवालय), अक्षय कुमार गुप्ता, मुख्य प्रबंधक (पर्यावरण), अभय कुमार पाल, वरीय प्रबंधक (खनन/सीईटीआई), हरीश दत्त द्विवेदी, मुख्य भंडार पाल (सामग्री प्रबंधन विभाग), मोहम्मद इदनली, फोरमैन (नगर प्रशासन), दिनेश चंद्र - जिरोक्स ऑपरेटर ( निदेशक कार्मिक सचिवालय) एवं गुरबारी बाई - जनरल मजदूर कटे-III (गुणवत्ता नियंत्रण विभाग) सेवानिवृत्त हुईं। इस अवसर पर गुरुवार को एनसीएल मुख्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सम्मान में सेवानिवृत्त अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित इस अभिनंदन समारोह के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के अतिरिक्त एनसीएल सीएमडी मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेन्द्र मलिक, मुख्यालय के विभागाध्यक्षगण, श्रमिक संघ प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएमडी एनसीएल मनीष कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को आगामी पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। साथ ही उन्होंने सेवानिवृत हो रहे सभी कर्मियों के कंपनी की सफलता में योगदान की भी सराहना की। इस दौरान सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने एनसीएल एवं कोल इंडिया के अपने लंबे कार्यालयीन जीवन के संस्मरण साझा किए। साथ ही उनके सह कर्मियों ने भी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान पर प्रकाश डाला व उनसे जुड़े विभिन्न संस्मरण साझा किए। ग़ौरतलब है कि अभिनंदन समारोह का आयोजन महाप्रबंधक कार्मिक एनसीएल शफ़दर ख़ान के नेतृत्व में कार्मिक विभाग ने किया। गुरुवार को एनसीएल की सभी परियोजनाओं व इकाइयों में भी सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के सम्मान में सेवानिवृत्त अभिनंदन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।


# कार्यालय, क्षेत्र पंचायत, लोटन बाजार, सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 2181/2-लेखा/अल्प0 निविदा/2023-24 दिनांक : 27.02.2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु क्षेत्र पंचायत-लोटन बाजार के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है तथा उन्हे सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित परियोजनाओं पर कार्य कराये जाने हेतु निविदा दिनांक 27.02.2024 से दिनांक 12.03.2024 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में क्षेत्र पंचायत-लोटन बाजार के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा प्रपत्र को दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे समिति के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी के पक्ष में खोला जायेगा। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में क्षेत्र पंचायत-लोटन बाजार के नोटिस बोर्ड पर चस्पा निविदा सूचना/पटल सहायक से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है। निविदा हेतु विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि | निविदा की धनराशि (जी.एस. टी. सहित) | 2 प्रतिशत जमानत धनराशि | टेण्डर फार्म मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 प्रतिशत की धनराशि (रू. में निविदा स्वीकृति के उपरान्त 7 दिन के अन्दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| क- | राज्य वित्त आयोग योजना से संवंधित कार्य का विवरण- | | | | | | |
| 1 | प्राथमिक विद्यालय बरवा से वशिष्ठ तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 981000 | 981000 | 19620 | 900 | 90 दिन | 78480 |
| 2 | विकास खण्ड स्थित बैठक कक्ष में फाल सिलींग कार्य। | 407000 | 407000 | 8140 | 900 | 90 दिन | 32560 |
| क- | कंन्द्रीय वित्त आयोग योजना(टाइड)से संवंधित कार्य का विवरण- | | | | | | |
| 1 | राजीव मोहन के खेत से गढढे तक नाली निर्माण कार्य। | 857000 | 857000 | 17140 | 900 | 90 दिन | 68560 |

### मुख्य शर्ते-

1 प्रत्येक कार्य का पूर्ण करने की अनुमन्य अवधि कालम (7) में दर्शाया गया है।

2 निविदा के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क जो उक्त तालिका के कालन नं0 (6) में अंकित धनराशि को क्षेत्र निधि खाता सं0-11766957207 बैंक का नाम-भारतीय स्टेट बैंक सिकरी IFSC CODE-SBIN0009981 के NEFT/RTGS के माध्यम से जमा करना होगा तथा 02 (दो) प्रतिशत धरोहर धनराशि जो कालम न0-5 में अकिंत है। किसी राष्ट्रीय कृत बैंक से एफ0डी0 एंव एन0एस0सी0/ डाकघर बचत पत्र के रूप में खण्ड विकास अधिकारी लोटन बाजार के नाम से बंधक हो, उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। तथा टेण्डर स्वीकार होने के एक सप्ताह के अन्दर 08 प्रतिशत जमानत धनराशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0 एंव एन0एस0सी0/डाकघर बचत पत्र के रूप में खण्ड विकास अधिकारी लोटन बाजार के नाम से बंधक युक्त उपलब्ध कराते हुए अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा अन्यथा टेण्डर स्वतःनिरस्त हो जायेगा।

3 प्रत्येक दशा में कार्य निर्धारित समय सीमा 90 दिन में पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।

4 कार्य किसी अन्य को कदापि हस्तान्तरित नहीं किया जायेगा, निविदा स्वीकृत के बाद यदि हस्तान्तरित का स्थिति प्रकाश में आता है,तो अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा।

5 निविदा खोलने की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में गठित समिति के सदस्यों के द्वारा निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

6 निर्माण नियमावली-1984 के अनुसार निर्माण का परिवर्तन/परिवर्धन/निरस्तीकरण का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत-लोटन बाजार द्वारा बिना कोई कारण बताये अथवा बिना नोटिस दिये किसी भी निविदा को पिरस्त करने का पूर्ण अधिकार निहित होगा।

7 अपूर्ण अथवा सही ढंग से निविदा प्रपत्र न भरी हुई निविदाएं स्वीकार नही किया जायेगा।

8 खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत-लोटन बाजार, को विशेष परिस्थितियो में आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय वृद्धि करने का अधिकार होगा।

9 ठेकेदार को अवर अभियन्ता(ग्रा0अभि0वि0) के निर्देशानुसार कार्य करना होगा। निर्माण कार्य का निरीक्षण खण्ड विकास अधिकारी /अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत-लोटन बाजार के आदेशानुसार भुगतान बिल से कटौती किया जायेगा।

10 यह कि 02 प्रतिशत धरोहर राशि निविदा के साथ जमा की जायेगी यदि ठेकेदार द्वारा पूर्ण जमानत धनराशि नही जमा किया जाता है तो निविदा अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

11 जमानत धनराशि तब तक वापस नही की जाएगी जबतक निर्माण कार्य पूरा होने के दिनॉक से 6 माह की अवधि समाप्त न हो जाए। यह ठेका पूरा होने के बाद अगली वर्षा ऋृतु व्यतीत न हो जाए इनमें से जो पश्चातवर्ती हो।

12 किसी विवाद की दशा में खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष,क्षेत्र पंचायत-लोटन बाजार का निर्णय अन्तिम होगा जो उभय पक्ष को मान्य होगा।

13 ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करो का नियमानुसार कटौती किया जायेगा, जो ठेकेदार को मान्य होगां।

14 उपरोक्त निर्माण कार्यो का भुगतान क्षेत्र पंचायत-लोटन बाजार के अन्तर्गत से प्राप्त धनराशि से किया जायेगा।

15 निविदा के साथ निविदादाता को नियमानुसार 100.00रूपये के स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर एंव रसीदी टिकट लगाकर देना होगा।

16 स्टीमेंट में कन्टेक्टर प्राफ्टि के अतिरिक्त विलो टेण्डर डालने पर ठीकेदार समिति के समक्ष उपस्थिति होकर स्पष्ट करना होगा कि किस प्रकार विशीष्टियों के अनुसार किस प्रकार कराये जायेगें समिति के संतुश्ट होने पर निविदा स्वीकृत किया जायेगा।

17 निविदा के साथ जिलाधिकारी द्वारा जारी हैसियत एवं चरित्र प्रमाण पत्र 01 वर्ष का आयकर पत्र,पैनकार्ड जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण,अनुबन्ध प्रमाण पत्र तथा जमानत की 02 प्रतिशत एवं निविदा शुल्क का जमा पर्ची का जमा पर्ची स्व प्रमाणित छाया प्रतिया आदि वांछित अभिलेख दिनांक 12.03.2024 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में क्षेत्र पंचायत-लोटन बाजार के निविदा बाक्स में डाली जायेगी।

18 ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध कराने के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा। अनुबन्ध के पूर्व किया गया कार्य स्वतः श्रमदान घोषित हो जाएगा।

**अवर अभियन्ता (ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग) लोटन बाजार-सिद्धार्थनगर**

**खण्ड विकास अधिकारी लोटन बाजार सिद्धार्थनगर**

**प्रमुख क्षेत्र पंचायत लोटन बाजार सिद्धार्थनगर**

# पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने वाला पहला राज्य बना यूपी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने पांच करोड़ से भी अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का आंकड़ा पार कर लिया है। पिछले एक साल में यूपी में इस योजना के अंतर्गत 2.80 करोड़ से भी अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इतनी बड़ी संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य बन गया है। देश में आयुष्मान भवः अभियान चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत प्रदेश में 17 सितंबर 2023 से अब तक आठ माह में 1.94 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। जोकि इस अभियान के तहत बनाए गए आयुष्मान कार्ड की संख्या के आधार पर पूरे देश में सर्वाधिक हैं। स्टेट एजेंसी फॉर कांप्रीहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (सचीज) की सीईओ संगीता सिंह ने बताया कि पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाना प्रदेश सरकार के अधीन कार्यरत स्टेट हेल्थ एजेंसी की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस योजना में पूर्व में औसतन प्रतिदिन भर्ती मरीजों की संख्या दो हज़ार थी, जो की बढ़कर प्रतिदिन औसतन लगभग आठ हजार हो गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में योजना के लाभार्थियों के उपचार के लिए 5000 से अधिक निजी व सरकारी अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। इनमें सामान्य बीमारियों से लेकर कैंसर, हृदय रोग, अंग प्रत्यारोपण जैसी गंभीर बीमारियों का भी उपचार होता है। प्रदेश इसमें आगे भी बेहतर करेगा और स्वास्थ्य सूचकांकों में नियमित सुधार भी करेगा।




### मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश वासियों को दी बधाई

प्रदेश वासियों को बधाई! सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश अपने 5 करोड़ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड का सुरक्षा कवच प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। यह उपलब्धि नए उत्तर प्रदेश में पात्र जन तक योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच को सुनिश्चित करने के हमारे संकल्प की एक झांकी है। नए उत्तर प्रदेश में धनाभाव के कारण कोई निर्धन इलाज से वंचित न रहे, यह डबल इंजन सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।

### एक नज़र आंकड़ों पर

प्रदेश में योजनाओं से आच्छादित कुल लाभार्थी परिवारों की संख्या-1,80,47,024, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित कुल लाभार्थी परिवारों की संख्या-1,31,23,662
मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान, उत्तर प्रदेश भवन व अन्य न्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड व अंत्योदय अन्न योजना-49,23,362
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में रजिस्टर्ड कुल चिकित्सालयों की संख्या - 5,351, सरकारी चिकित्सालयः 2,795, निजी चिकित्सालयः 2,556, - कुल लाभार्थी की संख्याः 34,81,252
अब तक बनाये गए कुल आयुष्मान कार्डः 5,00,17,920

# मायावती के भतीजे आकाश को वाई प्लस सिक्योरिटी

**बसपा जल्द करेगी प्रत्याशियों का एलान**



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद को केंद्र सरकार ने वाई प्लस सिक्योरिटी प्रदान की है। बता दें कि आकाश आनंद बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर हैं, जिन्हें हाल ही में मायावती ने अपना राजनीतिक वारिस भी घोषित किया था। उन्होंने आकाश को यूपी और उत्तराखंड छोड़कर बाकी प्रदेशों में बसपा के संगठन का विस्तार करने और जनाधार बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है। आकाश जल्द ही हरियाणा से लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान भी शुरू करने जा रहे हैं। जोनल और सेक्टर प्रभारियों के साथ बसपा सुप्रीमो की मंत्रणा जारी बहुजन समाज पार्टी जल्द ही लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों की घोषणा करने की तैयारी में है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक बसपा अध्यक्ष मायावती रोजाना अलग-अलग मंडलों और सेक्टर के प्रभारियों के साथ इस बाबत विचार-विमर्श कर रही हैं और टिकट के दावेदारों के नाम पर मंथन किया जा रहा है। बसपा सुप्रीमो सभी मंडलों की समीक्षा के बाद प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती हैं।

## ई-पॉस मशीनों के लोकार्पण का कार्यक्रम आज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कल 02 मार्च, 2024 को लोक भवन सभागार, लखनऊ में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) तथा ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के लोकार्पण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रदेश के अन्य जनपदों में भी जनपद मुख्यालय के निकटस्थ नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) को कार्यक्रम स्थल के रूप में चिन्हित करते हुए लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस सम्बन्ध में प्रदेश के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं, जिसमें कहा गया है कि जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा राशन कार्डधारकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इस तथ्य का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि आमंत्रित लाभार्थियों में समाज के सभी वर्ग का प्रतिनिधित्व रहे।

# मंत्री ए.के. शर्मा ने मऊ में नवनिर्मित बहुद्देशीय भवन 'मंगलम' को किया जनता को समर्पित

**लगभग 09 करोड़ रुपये की लागत से बना 'मंगलम' का लोकार्पण**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने मऊ जिले के बड़ागांव स्थित नवनिर्मित बहुउद्देशीय भवन 'मंगलम' का शुक्रवार को लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त और जनोपयोगी बहुउद्देशीय भवन 'मंगलम' मध्यम वर्गीय जनता के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष (2023-24) में मऊ जिले को 227 करोड़ रुपये की परियोजनायें नगर विकास विभाग के द्वारा मिली। जिसमें से यह भवन भी उसमें शामिल है। कहा कि जिले के विकास के लिए धन की कोई कमी आड़े नहीं आयेगी। नगर विकास मंत्री मऊ जिले के साथ ही पूर्वांचल की प्रगति और समृद्धि के लिए हमेशा समर्पित रहते हैं। उनके नेतृत्व में जिले को लगातार बड़ी सौगात मिलने का सिलसिला पिछले दो वर्षो से लगातार जारी है। जिससे मऊ सहित पूरे पूर्वांचल का सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को प्रोत्साहन मिला है। इसी क्रम में आज मऊ के बड़ागांव स्थित बहुउद्देशीय भवन 'मंगलम' को जनता को समर्पित करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने सभी का अभिनन्दन करते हुए उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज जिस भवन का लोकार्पण हुआ है इसका निर्माण मात्र 10 माह में 09 करोड़ रूपये की लागत से किया गया है। इस दौरान मंत्री श्री शर्मा ने लगभग 16 से 17 बार यहां आकर इस भवन निर्माण का स्थलीय निरीक्षण कर इसकी गुणवत्ता को स्वयं परखा है। कहा कि यह बहुउद्देशीय भवन 'मंगलम' जिले की मध्यम वर्गीय जनता को मऊ जिले की सबसे सुन्दर और लैंडमार्क बिल्डिंग के रूप में जनता जनार्दन को समर्पित है।

## अगले दो दिनों में बदलेगा यूपी का मौसम,

**लखनऊ।** पश्चिमी विक्षोभ का असर शुक्रवार को दोपहर बाद से प्रदेश के कई इलाकों पर दिखाई देने लगा। मौसम विभाग के मुताबिक, अलीगढ़, मथुरा व आगरा में बारिश से मौसम में बदलाव शुरू हो गया है।

मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, शनिवार और रविवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मौसम में बदलाव का असर दिख सकता है। प्रदेश के कई इलाकों में बिजली गिरने और 40-50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने के आसार हैं। आगरा व आसपास ओलावृष्टि भी हो सकती है। यहां ओलावृष्टि की चेतावनी- सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, जालौन, हमीरपुर, महोबा व आसपास इलाकों में ओले पड़ सकते हैं।

# मनरेगा से लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर विलेज हाट/बाजार बनाये जाएंगे

अवधनामा ब्यूरो

**महिलाओं की आजीविका संवर्धन में सहायक सिद्ध होंगे यह हाट/बाजार**

**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्र के गरीब और निर्धन किसानों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए प्रदेश सरकार की ग्रामीण हाट बाजारों को संवारने का कार्य मनरेगा गाइडलाइंस के अनुसार किया जा रहा है है। छोटे और गरीब किसानों की सुविधाओं को देखते हुए मनरेगा द्वारा और अन्य विभागों के कन्वर्जेंस से हाट बाजार को संवारने का कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में अब ग्रामीण हाट बाजार को लेकर नई पहल शुरू होने जा रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पादों,धार्मिक सामग्री आदि के समुचित विक्रय की व्यवस्था को लेकर नई पहल की शुरुआत हो गई है। फिलहाल इसके तहत अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर स्थित बाजारों के निकट स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए ग्रामीण हाट/बाजार बनाये जाएंगे। मनरेगा योजनांतर्गत निर्धारित प्राविधानों के अनुरूप नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही शुरू करने के लिये अयोध्या, बाराबंकी, लखनऊ जिलाधिकारी/जिला कार्यक्रम समन्वयक को दिशा निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। ग्रामीण हाट बाजार में आधारभूत व बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं जैसे जहां पल भी ग्रामीण हाट बाजार डेवलप किये जा रहे हैं, वहां पर पीने के पानी, टायलेट, पार्किंग स्पेस, जल निकासी आदि की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को लाभ पहुंचाना तथा उनके उत्पाद की बिक्री हेतु उचित स्थान मिल सके, इस उद्देश्य से सरकार द्वारा ग्रामीण हाट बाजारों को विकसित किया जा रहा है। गांवों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम और अन्य सरकारी योजनाओं का उपयोग करके भौतिक बुनियादी ढांचे को मजबूत कर हाट बाजार विकसित किए जाएंगे।

## गेहूँ क्रय के लिए खाद्य 6500 क्रय केन्द्र स्थापित

**लखनऊ।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत खाद्य विभाग व अन्य क्रय एजेन्सियों द्वारा किसानों से गेहूँ खरीद की जाएगी। इस सम्बन्ध में जारी धान क्रय नीति के अनुसार खाद्य विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 6500 क्रय केन्द्र प्रस्तावित हैं, जिसमें खाद्य विभाग के विपणन शाखा के 1250, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसी सीएफ) के 100 एवं भारतीय खाद्य निगम के 400 क्रय केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं।

# नरेन्द्र कश्यप ने चार दिवसीय दिव्य अनुभूति मेला का किया शुभारम्भ

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के दिव्यांगजनों को शिक्षा एवं रोजगार के अवसर मिल रहें है**

अवधनामा ब्यूरो

**दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के साथ खुले मंच पर विभिन्न विषयों पर की जायेगी चर्चा**




**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के दिव्यांगजनों को शिक्षा एवं रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। दिव्यांगजन भारतीय समाज का महत्वपूर्ण अंग है। दिव्यांगजन की प्रतिभा और क्षमता का विकास करने हेतु अनेक कार्य किये जा रहे है। योगी सरकार दिव्य अनुभूति मेले के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त, क्षमतावान व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य की पूर्ति कर रही है। उक्त बातें प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने शुक्रवार को अवध शिल्पग्राम, शहीद पथ, लखनऊ मे आयोजित चार दिवसीय दिव्य अनुभूति मेले के शुभारम्भ अवसर पर कही। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दीप प्रज्जवलित कर मेला का शुभारम्भ किया। स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इण्टर कालेज लखनऊ की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों को एक ही स्थल पर एकत्रित कर उनके हुनर, कला को सम्मान देना तथा समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु प्रदेश पर विभिन्न मेलों का आयोजन किया जा रहा है। गोरखपुर, वाराणसी के बाद लखनऊ में मेला का आयोजन किया गया है। मेलों के माध्यम से दिव्यांगजनो के हुनर, उत्पाद इत्यादि को आम जनता तक पहुँचाने हेतु स्टॉल लगाये जा रहे है।

## एसीपी से मुलाकात कर जताया आभार

**लखनऊ।** वक्फ कर्बला मलका जहां की प्रबंधन कमेटी ने शबे-बरात के दिन ऐशबाग स्थित कर्बला मलका जहां और ऐशबाग कब्रिस्तान के आस-पास बेहतर सुरक्षा व्यवस्था करने पर एसीपी बाजारखाला से मुलाकात कर आभार जताया। कर्बला मलका जहां के मुतवल्ली पूर्व पार्षद तनवीर हुसैन गुड्डू और कर्बला प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष मौलाना शबाहत हुसैन रिजवी, फिरोज हुसैन और सैफ रिजवी ने एसीपी बाजार खाला को उनके कार्यालय पहुंच कर फूलों का गुलदस्ता दिया।

# गठबंधन में टिकट देकर सबसे ज्यादा धोखा हमने खाया: अखिलेश

अवधनामा ब्यूरो



**भाजपा नेताओं की जांच क्यों नहीं करती ईडी**

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि जिसे भी हम आगे बढ़ाते हैं, वही आंख दिखा देता है। गठबंधन में टिकट देकर हम खुद ही धोखा खा रहे हैं। शुक्रवार को सपा मुख्यालय में समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, समाजवादी छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के अध्यक्षों को संबोधित करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सरकार पेपर लीक कराकर नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। यूपी में होने वाले कैबिनेट विस्तार को लेकर कहा कि हमें उम्मीद है कि जो सपा से गए हैं वह भी शपथ लें। उन्होंने रालोद प्रमुख जयंत चौधरी का नाम लिए बिना इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ने पर भी तंज कसा।

अखिलेश यादव ने कहा कि सत्ता में आने से पहले बीजेपी ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। क्या किसानों की आमदनी दोगुनी हुई? उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने किसानों को धोखा दिया है। अखिलेश ने कहा कि किसान वोट डालने का इंतजार कर रहे हैं।

छुट्टा मवेशियों के मुद्दे पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी के राजभवन जाने वाले रास्ते में आवारा पशु नहीं मिला। अखिलेश ने कहा कि सपा इंडिया एलायंस को आगे ले जा रही है।

# एलयू में कवि सम्मेलन तीन मार्च को

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उप्र की ओर से पुरस्कार एवं सम्मान समारोह अलंकरण वर्ष 2023-24 और कवि सम्मेलन का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में तीन मार्च को होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ.दिनेश शर्मा रहेंगे। संस्थान की महामंत्री डा. सीमा गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर संस्थान की ओर से एक एक लाख रुपये, अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह से विभूतियों को दीर्घकालिक साहित्य सेवा एवं उनके उत्कृष्ट पुस्तक पर सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में डॉ.आकांक्षा दीक्षित को अमृतलाल नागर पुरस्कार, अनूप कुमार गुप्ता को पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी पुरस्कार, अनुराग मिश्र गैर को मिर्जा असद उल्ला खां गालिब, अरुण कुमार मानव को डॉ. विद्यानिवास मिश्र, हरी लाल मिलन को सुब्रह्मण्यम भारती पुरस्कार से नवाजा जायेगा। इसके अलावा डॉ.इकबाल अहमद अंसारी को जोश मलिहाबादी, महेंद्र प्रताप अवस्थी महेंद्र भीष्म को मीर तकी मीर, मनोज कुमार मानव को सुमित्रानंदन पंत, डॉ.मृदुला पंडित को फिराक गोरखपुरी, डॉ.नेहा इकबाल को अकबर इलाहाबादी, पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव को डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन, प्रदीप कुमार सिंह को भारतेंदु हरिश्चन्द्र, डॉ.प्रतिभा मिश्र को गया प्रसाद शुक्ल स्नेही, डॉ.राधा बिष्ट को डॉ. हरिवंश राय बच्चन, डॉ.राघवेंद्र मिश्र प्रणय को जयशंकर प्रसाद, डॉ.राजेंद्र पेंसिया को भगवती चरण वर्मा, राजेश कुमार सिंह श्रेयस को श्याम सुंदर दास, डॉ.राकेश कुमार गुप्ता चक्र को प्रताप नारायण मिश्र, डॉ. राममनोहर मिश्र को कवयित्री महादेवी वर्मा, रमाशंकर सिंह यादव को बालकृष्ण भट्ट, डॉ.सुधाकर अदीब को शरतचंद्र चट्टोपाध्याय, डॉ.तनवीर अहमद को अमीर खुसरो, विजय प्रसाद त्रिपाठी को शिव सिंह सरोज पुरस्कार दिया जायेगा। इसके अलावा दो विशेष पुरस्कार ओम प्रकाश चतुर्वेदी पराग पुरस्कार डॉ. जय प्रकाश मिश्रा और रमनलाल अग्रवाल रम्मन पुरस्कार हीरालाल को दिया जायेगा।

## लखनऊ पुस्तक मेला आज से

**लखनऊ।** साहित्य कला संस्कृति की थीम पर आधारित सालाना उत्सव लखनऊ पुस्तक मेला कल शनिवार दो मार्च से रवीन्द्रालय चारबाग लान में प्रारम्भ हो जायेगा। विभिन्न साहित्यिक सांस्कृतिक, काव्य समारोहों और अध्यात्मिक आयोजनों से सजा ये मेला दस मार्च तक चलेगा। मेले का उद्घाटन प्रदेश के एसीएस महेश कुमार गुप्ता आईएएस करेंगे। आयोजक मनोज सिंह चंदेल ने बताया कि इस मेले में बहुत से नये प्रकाशक अपने साहित्य के साथ 10 हजार स्क्वयर फिट वाटर प्रूफ पंडाल में स्टाल होंगे। मेले में विभिन्न प्रकाशन संस्थानों के लगभग 80 स्टाल होंगे। उद्घाटन समारोह, लेखक से मिलिए, पुस्तक विमोचन, युवा कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, मुशायरा व सांस्कृतिक आयोजनों के लिए भी पण्डाल लगाया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक जारी रहने वाले और एकदम फ्री इण्ट्री वाले इस मेले में जहां इस पुस्तक मेले में किताबों पर न्यूनतम 10 प्रतिशत तक छूट हर खरीदार को मिलेगी।

# रौजाए काजमैन में मना जश्ने कायम

अवधनामा ब्यूरो

**महफिल का आगाज कारी युसूफ मिर्जा ने तिलावते कुराने पाक से किया**

**लखनऊ।** हजरत इमाम मेहदी (अ.स.) की विलादत के सिलसिले में रौजा-काजमैन,सआदतगंज में जश्न-ए-कायम शीर्षक से अन्तर्राष्ट्रीय महफिले मकासिदा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मौलाना शौजब काजिम जरवली ने और संचालन मौलाना नदीम नजफी व मौलाना आबिस काजिम जरवली ने किया। महफिल का आगाज कारी युसूफ मिर्जा ने तिलावते कुराने पाक से किया। महफिल को खिताब करते हुए मौलाना उरुजुल हसन ने कहा कि जब इमाम मेहदी (अ.स) का जहूर (अवतार) होगा तो इमाम दुनिया को अदल ओ इंसाफ से भर देंगे। मौलाना शौजफ काजिम जरवली और मौलाना अशरफ अली गरवी ने भी हजरत इमाम मेहदी (अ.स.) की जिन्दगी और उनकी अजमत पर रौशनी डाली। महफिल में सुप्रसिद्ध शायरों में हिलाल नकवी, शबरोज कानपुरी, इकबाल अशर, चंदन फैजाबादी, बिलाल काजमी, माहरूफ सिरसिवी, बेताब हल्लौरी, कलीम असगर बिजनौरी, साहिल आजमी, अब्बास सिरसिवी, फरहान बनारसी, अजमल किंतूरी, शम्स तबरेज और मीर नजीर बाकरी, रिजवान अली दानिश ने अपने कलाम बारगाहे इमामे जमाना (अ.स) में पेश किये, जिसे सुनकर लोगों ने खूब दाद दी और नारे हैदरी या अली की सदाएं बुलन्द की।

# एलडीए ने अवैध निर्माण सील कराए

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को इंदिरा नगर और जानकीपुरम क्षेत्र में अभियान चला कर आधा दर्जन से अधिक अवैध निर्माण सील कराए। प्राधिकरण की प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने स्कूल के प्रशासनिक भवन के साथ शॉपिंग कॉम्पलेक्स आदि को सील कराया। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि इंदिरा नगर के तकरोही स्थित लखनऊ मॉडल पब्लिक इण्टर कॉलेज के प्रबंधक शिवसागर शर्मा व अन्य की ओर से कॉलेज परिसर में लगभग 4000 वर्गफिट क्षेत्रपफ में प्रशासनिक भवन का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं डॉ. एस.के. अहमद व अन्य की ओर से इंदिरा नगर के पानी गांव इन्क्लेव में प्लाट संख्या सी-5 के बगल में लगभग 270 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर नीचे दुकानें और ऊपर भवनों का निर्र्माण कराया जा रहा था। इसी तरह इंदिरा नगर में राजचन्दर व अन्य की ओर से लगभग 1000 वर्गफिट क्षेत्रफल में तीन दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। इंदिरा नगर के अमराई गांव में बजरंग चौराहे के पास राम प्रताप व अन्य की ओर से लगभग 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा अमर सिंह व अन्य की ओर से जानकीपुरम के ग्राम रसूलपुर में शुक्ला चौराहे के आगे लगभग 4000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर बेसमेण्ट व अपर ग्राउण्ड फ्लोर पर दुकानों व हॉल का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं संकल्प सैनी व अन्य की ओर से रसूलपुर गांव में ईश्वरदीन कॉम्पलेक्स के सामने लगभग 3000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यवसायिक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे सभी अवैध निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। शुक्रवार को प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार के नेतृत्व में सहायक अभियंता एन.एन. चौबे और संजय मिश्रा व अवर अभियंता सुभाष शर्मा ने सीलिंग की कार्रवाई कराते हुए 7 निर्माणाधीन इमारतों को सील कराया।

## आल इंडिया मोहम्मदी मिशन ने जरूरतमंदों को वितरित किया वजीफा व कपड़े

**लखनऊ।** आल इंडिया मोहम्मदी मिशन की ओर से शुक्रवार को मिशन के तालकटोरा स्थित कैम्प कार्यालय में गरीब, बेसहारा और जरूरतमंदों को रमजान के पूर्व वजीफा और कपड़े वितरित किये गये। मिशन के संरक्षक मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में मौलाना अबुल इरफान ने शिक्षा का महत्व बयान करते हुए दीनी शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा दिलाने की अपील की। मौलाना ने कहा कि मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को दुनियावी तालीम जरूर दें, जिससे मदरसे से शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्हें किसी परेशानी का सामना न करना पड़े और आने वाली नस्लों के लिए मिसाल बने। मिशन के अध्यक्ष इकबाल हाशमी ने कहा कि परेशान हाल लोगों, यतीमों, बेसहारों और जरूरतमंदों की मदद बेहतरीन इबादत है।

# गोरखपुर इंटरसिटी समेत कई ट्रेनें रहेंगी निरस्त

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** गोरखपुर इंटरसिटी समेत कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी लखनऊ (सं)। लखनऊ मंडल के गोंडा बुढ़वल रेलखंड पर तीसरी लाइन निर्माण के चलते गोंडा कचहरी और करनैलगंज रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य होगा। इस वजह से तीन से छह मार्च के बीच लखनऊ से आवागमन करने वाली छह जोड़ी ट्रेनें निरस्त रहेंगी। इस दौरान लखनऊ गोरखपुर इंटरसिटी समेत कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी। कई का मार्ग परिवर्तन होगा और कुछ रास्ते में रोक कर चलेंगी। पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज सिंह ने बताया कि 3 और 4 मार्च को 15114 छपरा कचहरी गोमतीनगर एक्सप्रेस, 4 और 05 मार्च को 15113 गोमतीनगर छपरा कचहरी एक्सप्रेस, 3 से 5 मार्च तक 15070 ऐशबाग गोरखपुर एक्सप्रेस, 4 से 6 मार्च तक 15069 गोरखपुर ऐशबाग एक्सप्रेस, 4 और 5 मार्च को 12531 व 12532, 3 मार्च को 15009 गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस, 4 मार्च को 15010 मैलानी गोरखपुर एक्सप्रेस, 4 और 5 मार्च को 12530 व 12529 दोनों दिशाओं से लखनऊ जंक्शन पाटलीपुत्र एक्सप्रेस, 4 और 5 मार्च को 15081 नकहा जंगल गोमतीनगर एक्सप्रेस, 5 और 6 मार्च को 15082 गोमतीनगर नकहा जंगल एक्सप्रेस निरस्त रहेंगी। ये सभी ट्रेनें अपने पूर्व के समय से सात मार्च से पटरी पर लौटेंगी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया



**लखनऊ।** 29 फरवरी को उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के 31 रेल कर्मचारी रिटायर हो गये। इन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुक्रवार को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह के अंतर्गत प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया। जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में सीधे भेजा जायेगा एवं कर्मचारी के खाते में स्वतः क्रेडिट हो जायेगा। इन कर्मचारियों को कुल 88021464 का भुगतान किया गया। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल कार्मिक अधिकारी आरसी.बैरवा ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का स्वागत किया तथा उनकी रेल सेवाओं के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रत्येक सेवानिवृत कर्मचारी को गोल्ड कोटेड चांदी का पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इसके उपरांत मण्डल रेल प्रबंधक एसएम. शर्मा ने प्रत्येक कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया और सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी।